www.rojgarsamachar.gov.in
www.employmentnews.gov.in

सत्यमेव जयते

अंग्रेजी एवं उर्दू में भी प्रकाशित
ई-संस्करण वार्षिक शुल्क : ₹400/-

वर्ष 1976 से

# रोज़गार समाचार

50 वर्ष

साप्ताहिक

खंड-51 अंक-15 पृष्ठ 36 | नई दिल्ली 11 - 17 जुलाई 2026 | मूल्य ₹ 12.00 (₹ 530 वार्षिक)

# भारत का रासायनिक उद्योग: विकास, नवाचार और रोज़गार को नई गति

रसायन उद्योग आधुनिक विनिर्माण व्यवस्था की रीढ़ हैं। रासायनिक उद्योग कृषि को सहारा देने वाले उर्वरकों और औषधियों में प्रयुक्त सक्रिय घटकों से लेकर ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, कपड़ा उद्योग, निर्माण तथा नवीकरणीय ऊर्जा के लिए आवश्यक सामग्रियों तक, अर्थव्यवस्था के लगभग हर एक क्षेत्र के लिए आवश्यक आधारभूत निर्माण सामग्री उपलब्ध कराता है। जैसे-जैसे भारत 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य के अंतर्गत विनिर्माण का एक वैश्विक केंद्र बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है, वैसे-वैसे रासायनिक उद्योग से औद्योगिक विकास, निर्यात, नवाचार और रोजगार को गति देने में और अधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की आशा की जा रही है।

इस क्षेत्र के महत्व को ध्यान में रखते हुए, केंद्रीय बजट 2026-27 में राज्यों को तीन समर्पित रासायनिक पार्क स्थापित करने में सहायता प्रदान करने के लिए एक नई योजना की घोषणा की गई है। 600 करोड़ रुपये के बजटीय प्रावधान के साथ यह पहल, विश्वस्तरीय औद्योगिक अवसंरचना, एकीकृत आपूर्ति श्रृंखलाओं तथा साझा पर्यावरणीय सुविधाओं के माध्यम से घरेलू विनिर्माण क्षमताओं को सुदृढ़ करने का प्रयास करती है। इसके साथ ही, अगले पांच वर्षों के लिए कार्बन कैप्चर, उपयोग एवं भंडारण (सीसीयूएस) के लिए 20,000 करोड़ रुपये के आवंटन से यह स्पष्ट होता है कि सरकार वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी और पर्यावरणीय रूप से टिकाऊ केमिकल मेनुफैक्चरिंग इकोसिस्टम पर विशेष बल दे रही है। यह परिवर्तन भारत की युवाशक्ति के लिए उत्साहजनक और सुनहरा अवसर है। विनिर्माण इकाइयों के विस्तार, विशेष रसायनों में बढ़ते निवेश तथा उन्नत प्रौद्योगिकियों के उपयोग से इंजीनियरों, वैज्ञानिकों, तकनीशियनों, शोधकर्ताओं और कुशल पेशेवरों के लिए रोजगार के व्यापक अवसर सृजित होने की संभावना है।




## भारत के औद्योगिक परिवर्तन को नई ऊर्जा

भारत, विश्व का छठा सबसे बड़ा तथा एशिया-प्रशांत क्षेत्र में तीसरा सबसे बड़ा रसायन उत्पादक देश है, जहां आधारभूत रसायनों, विशेष रसायनों, पेट्रोकेमिकल्स, कृषि रसायनों, पॉलिमर और उर्वरकों सहित 80,000 से अधिक उत्पादों का निर्माण किया जाता है। इस उद्योग का योगदान केवल इसके स्वयं के उत्पादन तक सीमित नहीं है। यह अनेक डाउनस्ट्रीम उद्योगों को आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराता है, जिससे यह विनिर्माण पारितंत्र का एक अनिवार्य अंग बन गया है। भारत का रसायन और पेट्रोकेमिकल क्षेत्र, देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में लगभग सात प्रतिशत का योगदान देता है तथा वित्तीय वर्ष 2024 में विनिर्माण क्षेत्र के सकल मूल्य संवर्धन में इसका हिस्सा 8.1 प्रतिशत रहा, जो औद्योगिक अर्थव्यवस्था में इसके बढ़ते महत्व को दर्शाता है।

पिछले एक दशक के दौरान उत्पादन में निरंतर वृद्धि हुई है। आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 के अनुसार, प्रमुख रसायनों और पेट्रोकेमिकल्स का उत्पादन वित्तीय वर्ष 2016 में 45.64 मिलियन टन से बढ़कर वित्तीय वर्ष 2025 में 58.62 मिलियन टन तक पहुंच गया, जो इस क्षेत्र के विस्तार और बढ़ती विनिर्माण क्षमता को प्रदर्शित करता है। कई राज्य, प्रमुख विनिर्माण केंद्रों के रूप में उभरे हैं, विशेषकर गुजरात, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और ओडिशा, जहां सुविकसित औद्योगिक समूहों (क्लस्टरों) ने निवेश को आकर्षित, रोजगार सृजन और औद्योगिक उत्पादन को समर्थन प्रदान किया है।

## वैश्विक प्रतिस्पर्धा में उभरती भारत की नई पहचान

'रासायनिक उद्योग', वर्तमान में विश्व स्तर पर महत्वपूर्ण बदलावों के दौर से गुजर रहा है। कंपनियां अपनी आपूर्ति श्रृंखलाओं में विविधता लाने और किसी एक वस्तु के विनिर्माण पर अत्यधिक निर्भरता को कम करने का प्रयास कर रही हैं। यह बदलता हुआ वैश्विक परिदृश्य, भारत को वैश्विक रासायनिक मूल्य श्रृंखलाओं में अपनी पकड़ मजबूत करने का बड़ा अवसर प्रदान करता है। प्राकृतिक और संरचनात्मक दृष्टिकोण से भारत के पास कई सुविधाएं उपलब्ध हैं, जिनमें विशाल घरेलू बाजार, प्रतिभाशाली वैज्ञानिकों और अभियंताओं की उपलब्धता, प्रतिस्पर्धी विनिर्माण लागत तथा विकसित औषधि उद्योग पारितंत्र शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, देश का बढ़ता हुआ अवसंरचनागत नेटवर्क, बेहतर होती लॉजिस्टिक व्यवस्था और उद्योग-अनुकूल नीतिगत वातावरण निवेशकों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। सबसे तेजी से विकसित होने वाले क्षेत्रों में विशेष रसायन, इलेक्ट्रॉनिक रसायन, बैटरी निर्माण सामग्री, निर्माण रसायन, परफॉर्मेंस रसायन तथा जैव-आधारित रसायन शामिल हैं। ऐसे उच्च मूल्य वाले उत्पादों के लिए उन्नत विनिर्माण क्षमताओं की आवश्यकता होती है और ये प्रौद्योगिकी-आधारित विकास तथा निर्यात विस्तार के लिए व्यापक अवसर भी प्रदान करते हैं।

## विनिर्माण क्लस्टरों की अगली पीढ़ी का निर्माण

केंद्रीय बजट 2026-27 की सबसे महत्वपूर्ण घोषणाओं में से एक राज्यों के लिए चुनौती-आधारित चयन प्रक्रिया के माध्यम से तीन समर्पित रासायनिक पार्कों की स्थापना करना है। वर्ष 2026-27 के बजट अनुमान में 600 करोड़ रुपये के प्रावधान के साथ यह भारत में रासायनिक पार्क अवसंरचना के लिए पहली समर्पित बजटीय सहायता है। पारंपरिक औद्योगिक क्षेत्रों के विपरीत, रासायनिक पार्क ऐसे नियोजित विनिर्माण पारितंत्र होंगे, जहां अनेक रासायनिक उद्योग एक ही परिसर के भीतर कार्य करेंगे। ये पार्क समूह-आधारित (क्लस्टर आधारित) और प्लग-एंड-प्लेमॉडल को अपनाएंगे, जिसके अंतर्गत उद्योगों को उपयोग के लिए तैयार औद्योगिक अवसंरचना उपलब्ध कराई जाएगी। इससे कंपनियां कम समय और कम लागत में अपनी उत्पादन इकाइयां स्थापित कर सकेंगी।

इन पार्कों में साझा उपयोगिताएं, लॉजिस्टिक सहायता तथा मानकीकृत पर्यावरणीय अनुपालन सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इन सुविधाओं के साझा उपयोग से उद्योग पूंजीगत लागत को कम कर सकेंगे, परियोजनाओं के क्रियान्वयन की अवधि को घटा सकेंगे तथा बड़ी अर्थसंरचना (इकोनॉमी ऑफ स्केल) का लाभ प्राप्त कर सकेंगे। साथ ही, एकीकृत योजना व्यवस्था से आपूर्ति श्रृंखला के मजबूत होने, औद्योगिक सुरक्षा में सुधार आने तथा पर्यावरणीय मानकों का बेहतर अनुपालन सुनिश्चित हो सकने की अपेक्षा भी है। इस पहल का उद्देश्य घरेलू विनिर्माण क्षमता को बढ़ावा देकर इंपोर्टेड रसायनों पर भारत की निर्भरता को कम करना तथा अंतरराष्ट्रीय बाजारों में देश की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता को और मजबूत बनाना है।

## सफल औद्योगिक मॉडलों पर आधारित विकास

रासायनिक पार्कों की अवधारणा, भारत के समूह-आधारित औद्योगिक विकास के सफल अनुभवों




पर आधारित है। वर्ष 2013-14 में प्रारम्भ की गई प्लास्टिक पार्क योजना ने प्लास्टिक के क्षेत्र में निवेश, उत्पादन और निर्यात को बढ़ावा देने के साथ-साथ पुनर्चक्रण और तकनीकी उन्नति को भी प्रोत्साहित किया है। विभिन्न राज्यों में दस प्लास्टिक पार्कों को स्वीकृति प्रदान की गई है, जिन्हें साझा अवसंरचना के विकास के लिए केंद्र सरकार से सहायता प्राप्त हुई है। नवाचार को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग ने देश के प्रमुख राष्ट्रीय संस्थानों में पॉलिमर और प्लास्टिक अनुसंधान पर केंद्रित तेरह उत्कृष्टता केंद्र (सेंटर्स ऑफ एक्सीलेंस) भी स्थापित किए हैं।

शेष पृष्ठ 2 पर

Follow us X @Employ_News
Follow us f @EmploymentNews

पृष्ठ 1 का शेष

## भारत का रासायनिक उद्योग ...

इसी प्रकार, वर्ष 2020 में 3,000 करोड़ रुपये के कुल परिव्यय के साथ प्रारंभ की गई बल्क ड्रग पार्क प्रोत्साहन योजना का उद्देश्य विश्वस्तरीय अवसंरचना का निर्माण करके घरेलू औषधि विनिर्माण को सुदृढ़ बनाना है। गुजरात, हिमाचल प्रदेश और आंध्र प्रदेश में तीन बल्क ड्रग पार्क विकसित किए जा रहे हैं। इन पार्कों में अपशिष्ट जल शोधन संयंत्र, विलायक पुनर्प्राप्ति प्रणालियां, परीक्षण प्रयोगशालाएं, आपातकालीन प्रतिक्रिया केंद्र तथा लॉजिस्टिक सुविधाएं जैसी साझी अवसंरचना विकसित की जा रही हैं। ये पार्क साझी सुविधाएं उपलब्ध कराते हैं, जिससे निर्माता उच्च पर्यावरणीय और सुरक्षा मानकों को बनाए रखते हुए उत्पादन लागत को कम कर सकते हैं। एक अन्य महत्वपूर्ण पहल के रूप में गुजरात के दहेज, आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम और ओडिशा के पारादीप में पेट्रोलियम, रसायन एवं पेट्रोरसायन निवेश क्षेत्र (पीसीपीआईआर) विकसित किए गए हैं। ये एकीकृत औद्योगिक क्षेत्र विनिर्माण इकाइयों को परिवहन, उपयोगिताओं तथा पर्यावरणीय अवसंरचना के साथ जोड़ते हैं, जिससे बड़े पैमाने पर घरेलू और निर्यातोन्मुख उत्पादन के लिए कुशल औद्योगिक इकोसिस्टम का निर्माण होता है। प्रस्तावित रासायनिक पार्क इस विकास यात्रा का अगला चरण हैं, जो समूह-आधारित (क्लस्टर आधारित) दृष्टिकोण को संपूर्ण रासायनिक मूल्य शृंखला को कवर करेंगे। इसमें आधारभूत रसायन, विशेष रसायन तथा डाउनस्ट्रीम विनिर्माण गतिविधियां शामिल होंगी।

### सतत् रासायनिक विनिर्माण की ओर बढ़ते कदम

जैसे-जैसे रासायनिक विनिर्माण का विस्तार हो रहा है, वैसे-वैसे पर्यावरणीय स्थिरता का महत्व और अधिक बढ़ता जा रहा है। आधुनिक औद्योगिक विकास के लिए आर्थिक वृद्धि के साथ-साथ संसाधनों के उत्तरदायी उपयोग तथा जलवायु संबंधी प्रतिबद्धताओं के बीच संतुलन स्थापित करना आवश्यक है। इसी दृष्टि से केंद्रीय बजट 2026-27 में कार्बन कैप्चर, उपयोग एवं भंडारण (सीसीयूएस) प्रौद्योगिकियों को बढ़ावा देने के लिए अगले पांच वर्षों में 20,000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। ये प्रौद्योगिकियां औद्योगिक प्रक्रियाओं से उत्पन्न कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन को वातावरण में पहुंचने से पहले ही सोख लेती हैं, जिससे उसे उपयोग में लाया जा सके या सुरक्षित रूप से संग्रहित किया जा सके।

एकीकृत रासायनिक पार्क, साझा कार्बन कैप्चर, उपयोग एवं भंडारण (सीसीयूएस) सुविधाओं, पर्यावरणीय अवसंरचना, उत्सर्जन प्रबंधन प्रणालियों तथा अपशिष्ट उपचार संयंत्रों को अपनाने में सहायक हो सकते हैं। साझे संसाधन, लागत को कम करते हैं, दक्षता बढ़ाते हैं और उद्योगों को पर्यावरणीय नियमों का अधिक प्रभावी ढंग से पालन करने में सक्षम बनाते हैं। यह एकीकृत दृष्टिकोण औद्योगिक सुरक्षा को भी सुदृढ़ करता है तथा निम्न-कार्बन विनिर्माण और सर्कुलर अर्थव्यवस्था की दिशा में भारत के ट्रांजिशन को सहयोग प्रदान करता है।

### संपूर्ण मूल्य शृंखला में रोज़गार सृजन

भारत के रासायनिक विनिर्माण उद्योग के विस्तार से मूल्य शृंखला के प्रत्येक चरण में रोजगार के नए अवसर सृजित होने की संभावना है। जहां बड़े विनिर्माण संयंत्र प्रत्यक्ष रूप से रासायनिक अभियंताओं, उत्पादन विशेषज्ञों और संयंत्र संचालकों को रोजगार प्रदान करेंगे, वहीं वे लॉजिस्टिक्स, भंडारण, उपकरण निर्माण, रखरखाव, निर्माण कार्यों तथा औद्योगिक सेवाओं में भी व्यापक अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित करेंगे। रासायनिक अभियांत्रिकी, प्रक्रिया अभियांत्रिकी, उत्पादन प्रबंधन, गुणवत्ता आश्वासन, पर्यावरण अभियांत्रिकी, औद्योगिक सुरक्षा, प्रयोगशाला विश्लेषण, अनुसंधान एवं विकास, उपकरण प्रौद्योगिकी, आपूर्ति शृंखला प्रबंधन तथा तकनीकी विपणन जैसे क्षेत्रों में विशेषज्ञ पेशेवरों की मांग बढ़ने की संभावना है। बड़े निजी उद्योगों के साथ-साथ सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई), अभियांत्रिकी परामर्श कंपनियों, अनुसंधान संस्थानों तथा उन्नत सामग्री और हरित प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में कार्यरत स्टार्ट-अप्स में भी नए अवसर उपलब्ध होंगे। एकीकृत विनिर्माण समूहों (इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर्स) का विकास सहायक उद्योगों के विस्तार को भी प्रोत्साहित करेगा, जिससे स्थानीय समुदायों के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे और क्षेत्रीय विकास को संतुलित बनाने में सहायता मिलेगी।

### भविष्य की नौकरियों के लिए तैयारी

रासायनिक उद्योग तेजी से प्रौद्योगिकी-प्रधान होता जा रहा है। ऑटोमेशन, डिजिटल विनिर्माण, कृत्रिम बुद्धिमत्ता तथा उन्नत प्रक्रिया नियंत्रण जैसी प्रौद्योगिकियां विनिर्माण संयंत्रों के संचालन के स्वरूप को बदल रही हैं। परिणामस्वरूप, उद्योग जगत ऐसे पेशेवरों की तलाश में हैं जिनके पास मजबूत तकनीकी ज्ञान के साथ-साथ डिजिटल और विश्लेषणात्मक कौशल भी हों। इस क्षेत्र में प्रवेश करने वाले स्नातकों के लिए प्रक्रिया स्वचालन, डेटा विश्लेषण, पर्यावरणीय अनुपालन, औद्योगिक सुरक्षा, ऊर्जा दक्षता, हरित रसायन विज्ञान तथा परियोजना प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में विशेषज्ञता विकसित करना लाभकारी होगा। उद्योगों द्वारा इंडस्ट्री 4.0 प्रौद्योगिकियों और सतत् विनिर्माण पद्धतियों को अपनाए जाने के साथ-साथ निरंतर सीखने, व्यावसायिक प्रमाणपत्रों तथा उद्योग-विशिष्ट प्रशिक्षण का महत्व भी निरंतर बढ़ता जाएगा। रासायनिक अभियांत्रिकी, औद्योगिक रसायन विज्ञान, पॉलिमर विज्ञान, जैव प्रौद्योगिकी तथा पर्यावरण अभियांत्रिकी जैसे विषयों में शिक्षा प्रदान करने वाले संस्थानों की भूमिका इस विस्तारित होते उद्योग के लिए आवश्यक कुशल मानव संसाधन तैयार करने में अत्यंत महत्वपूर्ण होगी।

### आगे की राह की चुनौतियां

मजबूत विकास संभावनाओं के बावजूद, रासायनिक उद्योग अभी भी अनेक चुनौतियों का सामना कर रहा है। कुछ रसायनों के लिए आयातित कच्चे माल पर निर्भरता, अवसंरचनागत कमियां, बढ़ती ऊर्जा लागत, पर्यावरणीय अनुपालन की कठोर शर्तें तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ती प्रतिस्पर्धा प्रमुख चिंताओं में शामिल हैं। दीर्घकालिक प्रतिस्पर्धात्मकता बनाए रखने के लिए अनुसंधान एवं विकास, नवाचार तथा स्वदेशी प्रौद्योगिकियों में अधिक निवेश आवश्यक होगा। इसलिए, रासायनिक पार्कों की सफलता केवल अवसंरचनागत निर्माण पर ही निर्भर नहीं करेगी, बल्कि प्रभावी प्रशासन, तकनीकी नवाचार, कुशल मानव संसाधन तथा सरकार, उद्योग और शिक्षाविदों के बीच मजबूत सहयोग भी इसमें समान रूप से महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

**(पीआईबी से प्राप्त इनपुट के साथ ईएन टीम द्वारा संकलित लेख)**


## चेन्नई मेट्रो रेल लिमिटेड

(भारत सरकार और तमिलनाडु सरकार का संयुक्त उद्यम)
(आईएसओ 9001 : 2015 एवं आईएसओ 14001 : 2015 प्रमाणीकृत)
मेट्रोज, अन्ना सलाई, नंदनम, चेन्नई – 600 035

**रोजगार अधिसूचना सं.: सीएमआरएल/एचआर/सीओएन/डीईपी/04/2026, दिनांक: 01.07.2026**

सीएमआरएल प्रतिनियुक्ति/अनुबंध आधार पर अधोल्लिखित पदों की नियुक्ति हेतु अर्हता प्राप्त एवं अनुभवी कर्मियों से आवेदन पत्र आमंत्रित करती है:–

| क्र. सं. | पद का नाम | पदों की संख्या | अनुबंध हेतु समेकित वेतन (प्रति माह) | अधिकतम आयु (वर्ष) | अपेक्षित योग्यता |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सीजीएम (इलेक्ट्रिकल सिस्टम्स) | 01 | रु. 2,70,000/- | 55 | बी.ई./बी.टेक. (इलेक्ट्रिकल) |
| | जीएम (इलेक्ट्रिकल सिस्टम्स) | | रु. 2,25,000/- | | |
| 2 | सीजीएम (रोलिंग स्टॉक) | 01 | रु. 2,70,000/- | 55 | बी.ई./बी.टेक. (इलेक्ट्रिकल/ईसीई) |
| | जीएम (रोलिंग स्टॉक) | | रु. 2,25,000/- | | |
| 3 | जेजीएम (वास्तुकार) | 01 | रु. 1,45,000/- | 43 | बी. आर्क |
| 4 | डीजीएम (वित्त एवं लेखा) | 01 | रु. 1,25,000/- | 40 | सीए/सीएमए के साथ यूजी/पीजी |
| 5 | प्रबंधक (वास्तुकार) | 02 | रु. 85,000/- | 38 | बी. आर्क |

**नोट:**

i. प्रतिनियुक्ति पर नियुक्त कर्मचारी के पास या तो मूल वेतन के 10 प्रतिशत की दर से प्रतिनियुक्ति भत्ता तथा परियोजना भत्ते के साथ अपने मूल संगठन में प्राप्त किए जा रहे वेतन को प्राप्त करने

(अथवा)

आईडीए, एचआरए एवं कैफेटेरिया भत्ता (मूल वेतन का 31.5%) के साथ सीएमआरएल में समकक्ष कैडर के आईडीए वेतनमान प्राप्त करने का विकल्प मौजूद होगा।

ii. विस्तृत रोज़गार अधिसूचना दिनांक **03.07.2026** को अथवा उससे पहले यूआरएल: **https://chennaimetrorail.org** के माध्यम से सीएमआरएल की वेबसाइट में कॅरियर्स अनुभाग के अंतर्गत प्रकाशित की जाएगी।

iii. उपरोक्त पदों हेतु निर्धारित आयु, शैक्षणिक योग्यता और अनुभव की गणना दिनांक 01.07.2026 की तिथि के अनुसार की जाएगी। योग्य एवं अनुभवी उम्मीदवारों को आयु में छूट प्रदान की जाएगी।

iv. योग्य उम्मीदवारों के लिए वेतन पारस्परिक सहमति पर आधारित है।

v. ऑनलाइन आवेदन की प्राप्ति हेतु अंतिम तिथि 20.07.2026 है।

कृते प्रबंध निदेशक
मुख्य महाप्रबंधक (मा.सं. एवं विधिक)
चेन्नई मेट्रो रेल लिमिटेड

डीआईपीआर/577/डिस्पले/2026

EN 15/75



## "त्रिभुवन" सहकारी यूनिवर्सिटी
## "Tribhuvan" Sahkari University

IRMA

(सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन राष्ट्रीय महत्व का संस्थान)

### प्रवेश 2026 की घोषणा

भुवनेश्वर (ओडिशा), गांधीनगर (गुजरात) एवं
गदग (कर्नाटक) परिसर

विकास प्रबंधन एवं सहकारिता में एमबीए (2026-28)

उक्त पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

- पूर्ववर्ती इंस्टीट्यूट ऑफ रूरल मैनेजमेंट आनंद (इरमा) का रूपांतरण "त्रिभुवन" सहकारी विश्वविद्यालय में किया गया है.
- दो वर्षीय पूर्णकालिक एमबीए कार्यक्रम.
- इस कार्यक्रम का विशेष फोकस लोक नीति एवं गैर-लाभकारी संगठनों के प्रबंधन पर होगा.
- 50% अंकों के साथ स्नातक (10+2+3) [एससी, एसटी, ओबीसी-एनसी, ईडब्ल्यूएस तथा पीडब्ल्यूडी (बेंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्ति) के लिए 45%] आवेदन करने के पात्र हैं. अंतिम वर्ष के विद्यार्थी भी आवेदन कर सकते हैं.
- कार्यानुभव वाले तथा बिना कार्यानुभव वाले, दोनों प्रकार के स्नातक आवेदन करने के पात्र हैं.
- सतत प्रदर्शन मूल्यांकन के अधीन बैच की 10% सीटों तक साधन-सह-योग्यता छात्रवृत्ति उपलब्ध है.
- मान्य प्रवेश परीक्षा स्कोर: CUET PG-2025/CUET PG-2026/CAT 2025/XAT 2025/XAT 2026/CMAT 2026/GATE 2025/GATE 2026/GMAT (वैध स्कोर)/GRE (वैध स्कोर).

आवेदन की अंतिम तिथि: 27 जुलाई, 2026
अधिक जानकारी के लिए देखें: www.tsu.ac.in
प्रवेश हेल्पलाइन: 99798 91277 ई-मेल: admissions@irma.ac.in

Tribhuvan Sahkari University | tribhuvansahkariuniversity | Tribhuvan Sahkari University | tsuofficial

EN 15/86



## रोज़गार समाचार

अम्बरीष बी. किशोर
मुख्य संपादक
रहीसुद्दीन रिहान
संपादक
अक्षित मलिक
उप-संपादक (विज्ञापन)
मिहिर कुमार बासु
उत्पादन अधिकारी
शशि प्रकाश सिंह
सहायक निदेशक (उत्पादन)
अभिषेक चतुर्वेदी
संपादक (प्रसार)

पता : रोज़गार समाचार, सातवां तल, सूचना भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, लोदी रोड, नई दिल्ली-110003

विज्ञापन :
sec-advertise-moib@gov.in
प्रसार और शिकायत
en-support@gov.in

संपादकीय : 011-24369426
विज्ञापन : 011-24369429/30
प्रसार : 011-24044000/24044001
लेखा (विज्ञा.) : 011-24369419

# संघ लोक सेवा आयोग

**धौलपुर हाउस, शाहजहां रोड, नई दिल्ली-110069**

## सूचनात्मक विज्ञापन सं. 08/2026

निम्नलिखित पदों पर चयन द्वारा सीधी भर्ती के लिए वेबसाइट **https://upsconline.nic.in/ora/** के माध्यम से 11 जुलाई, 2026 से 31 जुलाई, 2026 तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

1. **(रिक्ति संख्या 26070801211)** भारतीय मृदा एवं भू-उपयोग सर्वेक्षण, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय में **सहायक मृदा रसायनज्ञ** के पद के लिए **दो** रिक्तियां **(अना.-02) (पीडब्ल्यूबीडी -01*)**. *दो रिक्तियों में से एक रिक्ति, बेंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्तियों (पीडब्ल्यूबीडी) से संबंधित उम्मीदवारों के लिए आरक्षित है. **वेतनमान** : 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स में **स्तर-10. आयु : अना. के लिए 35 वर्ष.**
2. **(रिक्ति संख्या 26070802211)** 'गंभीर कपट अन्वेषण कार्यालय' (एसएफआईओ), कारपोरेट कार्य मंत्रालय में **अभियोजक** के पद के लिए **एक** रिक्ति **(अ.पि.व.-01)**. **वेतनमान** : 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स में **स्तर-08. आयु : अ.पि.व के लिए 33 वर्ष.**
3. **(रिक्ति संख्या 26070803111)** स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में **विशेषज्ञ ग्रेड III सहायक प्रोफेसर (नैदानिक रूधिर विज्ञान)** के पद के लिए **नौ** रिक्तियां **(अना.-03, ईडब्ल्यूएस-01, अ.पि.व.-03, अ.जा.-01, अ.ज.जा.-01)**. **वेतनमान**: 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स में **स्तर -11 + गैर प्रैक्टिस भत्ता. आयु : अना./ईडब्ल्यूएस के लिए** 40 वर्ष, अ.पि.व. के लिए 43 वर्ष और अ.जा./अ.ज.जा. के लिए 45 वर्ष.
4. **(रिक्ति संख्या 26070804111)** स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में **विशेषज्ञ ग्रेड III सहायक प्रोफेसर (अंतः स्त्रावी विज्ञान)** के पद के लिए दस रिक्तियां **(अना.-02, ईडब्ल्यूएस-01, अ.पि.व.-04, अ.जा.-02, अ.ज.जा.-01)**. **वेतनमान**: 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स में **स्तर -11 + गैर प्रैक्टिस भत्ता. आयु : अना./ईडब्ल्यूएस के लिए 40 वर्ष, अ.पि.व. के लिए 43 वर्ष और अ.जा./अ.ज.जा. के लिए 45 वर्ष.**
5. **(रिक्ति संख्या 26070805511)** स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में **विशेषज्ञ ग्रेड III सहायक प्रोफेसर (नवजात शिशु विज्ञान)** के पद के लिए **तेरह** रिक्तियां **(अना.-04, ईडब्ल्यूएस-02, अ.पि.व.-04, अ.जा.-02, अ.ज.जा.-01) (पीडब्ल्यूबीडी-02*)**. *तेरह रिक्तियों में से दो रिक्तियां, बेंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्तियों (पीडब्ल्यूबीडी) से संबंधित उम्मीदवारों के लिए आरक्षित हैं. **वेतनमान**: 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स में **स्तर-11 + गैर प्रैक्टिस भत्ता. आयु** : अना./ईडब्ल्यूएस **के लिए 40 वर्ष, अ.पि.व. के लिए 43 वर्ष और अ.जा./अ.ज.जा. के लिए 45 वर्ष.**
6. **(रिक्ति संख्या 26070806111)** स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में **विशेषज्ञ ग्रेड III सहायक प्रोफेसर (नाभिकीय चिकित्सा)** के पद के लिए **तीन** रिक्तियां (अना.-01, अ.पि.व.-01, अ.जा.-01). **वेतनमान** : 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स में **स्तर -11 + गैर प्रैक्टिस भत्ता. आयु : अना. के लिए 40 वर्ष, अ.पि.व. के लिए 43 वर्ष और अ.जा. के लिए 45 वर्ष.**
7. **(रिक्ति संख्या 26070807111)** स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में **विशेषज्ञ ग्रेड III सहायक प्रोफेसर (फुफ्फुसीय चिकित्सा)** के पद के लिए **तीन** रिक्तियां **(अना.-01, ईडब्ल्यूएस-01, अ.पि.व.-01) (पीडब्ल्यूबीडी-01*)**. *तीन रिक्तियों में से एक रिक्ति, बेंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्तियों (पीडब्ल्यूबीडी) से संबंधित उम्मीदवारों के लिए आरक्षित है. **वेतनमान** : 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स में **स्तर -11 + गैर प्रैक्टिस भत्ता. आयु : अना./ईडब्ल्यूएस के लिए 40 वर्ष, अ.पि.व. के लिए 43 वर्ष.**
8. **(रिक्ति संख्या 26070808111)** स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में **विशेषज्ञ ग्रेड III सहायक प्रोफेसर (बाल हृदय रोग विज्ञान)** के पद के लिए **एक** रिक्ति (अना.-01). **वेतनमान** : 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स में **स्तर -11 + गैर प्रैक्टिस भत्ता. आयु : अना. के लिए 40 वर्ष.**
9. **(रिक्ति संख्या 26070809111)** स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में **विशेषज्ञ ग्रेड III सहायक प्रोफेसर (जठरांत्र शल्य चिकित्सा)** के पद के लिए **एक** रिक्ति **(अ.पि.व.-01)**. **वेतनमान** : 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स में **स्तर -11 + गैर प्रैक्टिस भत्ता. आयु : अ.पि.व. के लिए 43 वर्ष.**
10. **(रिक्ति संख्या 26070810211)** राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण केंद्र (एनसीवीबीडीसी), नई दिल्ली, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में **उप सहायक निदेशक (कीट विज्ञान)** के पद के लिए **दो** रिक्तियां **(अना.-02)**. **वेतनमान** : 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स में **स्तर-10. आयु : अना. के लिए 35 वर्ष.**
11. **(रिक्ति संख्या 26070811211)** राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण केंद्र (एनसीवीबीडीसी), नई दिल्ली, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में **कीटविज्ञानी (सीसीसीओ)** के पद के लिए **एक** रिक्ति **(अना.-01)**. **वेतनमान** : 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स में **स्तर -10. आयु : अना. के लिए 35 वर्ष.**

# उत्तर पूर्वी इंदिरा गांधी क्षेत्रीय स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विज्ञान संस्थान

NEIGRIHMS

**निदेशक ब्लॉक, मावडियांगडियांग, शिलांग**

**(स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संस्थान)**

**फा. सं. EST-II-RFAC0FSEL/1/2004-Estt.II** **दिनांकः 30 जून, 2026**

**संकाय पदों हेतु संस्थान के विज्ञापन संख्या EST-II-RFAC0FSEL/1/2025-Estt.II दिनांक 08.05.2026 में परिशिष्ट**

संस्थान द्वारा संकाय पदों पर भर्ती के लिए **दिनांक** 08.05.2026 को जारी विज्ञापन के क्रम में निम्नलिखित संकाय पदों को रिक्ति के रूप में जोड़ा गया है :

| क्र. सं. | विभाग | पदों की सं. | | |
|---|---|---|---|---|
| | | प्रोफेसर | एसोसिएट प्रोफेसर | असिस्टेंट प्रोफेसर |
| 1. | न्यूरोसर्जरी | - | - | 1-अनारक्षित |
| 2. | फिजियोलॉजी | - | - | 1-अनारक्षित |
| 3. | रेडिएशन ऑन्कोलॉजी | - | - | 1-अनारक्षित |

**भर्ती का तरीकाः** सीधी भर्ती, ऐसा न होने पर प्रतिनियुक्ति/आमेलन आधार पर.

निर्धारित आवेदन प्रपत्र, आवेदन शुल्क, वेतनमान, आयु, आरक्षण, छूट, आवश्यक योग्यता, अनुभव आदि से संबंधित विस्तृत जानकारी **विज्ञापन संख्या EST-II-RFAC0FSEL/1/2025-Estt.II दिनांक** 08.05.2026 के अनुसार होगी, जो NEIGRIHMS की वेबसाइट **http://neigrihms.gov.in** पर उपलब्ध है. अन्य नियम एवं शर्तें **दिनांक** 08.05.2026 के विज्ञापन के अनुसार होंगी.

सभी आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे आगे की किसी भी अद्यतन जानकारी के लिए NEIGRIHMS, शिलांग की वेबसाइट नियमित रूप से देखते रहें.

**आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 03.08.2026 को सायं 5:30 बजे तक है.**

**निदेशक, NEIGRIHMS**

**CBC 17119/11/0014/2627** **EN 15/77**

# केंद्रीय शास्त्रीय तमिल संस्थान

**(एक स्वायत्त संस्थान, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार)**

**चेम्मोझी सलाई, पेरुम्बक्कम, चेन्नई-600100**

## एसोसिएट प्रोफेसर के लिए भर्ती अधिसूचना

**अधिसूचना सं. 03/CICT/Associate Professor/2026-2027**

दिनांकः 28.06.2026

केंद्रीय शास्त्रीय तमिल संस्थान, चेन्नई (CICT) ऐसे भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित करता है, जो नियमित आधार पर स्वीकृत निम्नलिखित पदों को भरने के लिए यूजीसी विनियमों के अनुसार निर्धारित योग्यता, अनुभव, आयु और अन्य शर्तों को पूरा करते हों, जिनका विवरण नीचे दिया गया है:-

| क्र. सं. | पद का नाम | शैक्षणिक स्तर | पदों की संख्या | श्रेणी | भर्ती की पद्धति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | एसोसिएट प्रोफेसर | यूजीसी के अनुसार 7वें सीपीसी का स्तर 13A | 06 | UR-5 OBC-1 | सीधी भर्ती |

पदों, शैक्षणिक योग्यता, आयु, अनुभव और आवेदन प्रारूप का विवरण संस्थान की वेबसाइट **www.cict.in** पर उपलब्ध है. इच्छुक अभ्यर्थी अपेक्षित आवेदन शुल्क और सभी आवश्यक दस्तावेजों सहित सभी प्रकार से पूर्ण **आवेदन इस विज्ञापन के प्रकाशन के 60 दिनों के भीतर "कुलसचिव, केंद्रीय शास्त्रीय तमिल संस्थान, चेम्मोझी सलाई, पेरुम्बक्कम, चेन्नई-600100" पर भेज सकते है.**

**कुलसचिव**

**EN 15/29**

12. **(रिक्ति संख्या 26070812211)** केंद्रीय न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला, न्यायालयिक विज्ञान सेवा निदेशालय, गृह मंत्रालय में **कनिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी (विष विज्ञान)** के पद के लिए **एक** रिक्ति (अना.-01) **(पीडब्ल्यूबीडी- 01*)**. *यह रिक्ति विशेष रूप से बेंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्तियों (पीडब्ल्यूबीडी) से संबंधित उम्मीदवारों के लिए आरक्षित है. **वेतनमान** : 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स में **स्तर-07. आयु : अना. के लिए 30 वर्ष.**
13. **(रिक्ति संख्या 26070813211)** विधायी विभाग, विधि एवं न्याय मंत्रालय में **अधीक्षक (विधि)** के पद के लिए **एक** रिक्ति (अना.-01). **वेतनमान** : 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स में **स्तर -08. आयु : अना. के लिए 30 वर्ष.**

**नोट 1** : पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों के लिए उपयुक्त मानी गई और/या उनके लिए आरक्षित रिक्तियों **के संबंध में** आयु सीमा में 10 वर्ष तक की अतिरिक्त छूट है. पीडब्ल्यूबीडी रिक्तियों के लिए श्रेणीवार/उप-श्रेणीवार आरक्षण और उपयुक्तता के विवरण के लिए, कृपया आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध विस्तृत विज्ञापन देखें.

**नोट 2** : सूचनात्मक विज्ञापन और विस्तृत विज्ञापन के बीच किसी भी प्रकार की विसंगति की स्थिति में, जब तक कि कोई शुद्धिपत्र प्रकाशित न हो जाए, आयोग की वेबसाइट पर अपलोड किए गए विस्तृत विज्ञापन में प्रदान किया गया संस्करण ही मान्य होगा.

ऑन-लाइन आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि, आयु सीमा की गणना करने हेतु निर्णायक तिथि होगी.

उपर्युक्त पदों के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे आयोग की वेबसाइट **https://upsconline.nic.in/ora/** पर जाएं. 'चयन द्वारा भर्ती हेतु उम्मीदवारों के लिए अनुदेश तथा अतिरिक्त सूचना' के साथ विस्तृत भर्ती विज्ञापन, आयोग की वेबसाइट **https://upsc.gov.in** के साथ-साथ वेबसाइट **https://upsconline.nic.in/ora/** पर भी प्रदर्शित किए गए हैं.

**हिन्दी और अंग्रेजी पाठ में किसी प्रकार की विसंगति होने की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा.**

**EN 15/44**

दिनांक: 29-06-2026

# आसूचना ब्यूरो

(गृह मंत्रालय)

## कनिष्ठ आसूचना अधिकारी ग्रेड-II/तकनीकी (JIO-II/Tech) परीक्षा 2025 का अंतिम परिणाम

विस्तृत विज्ञापन में प्रकाशित परीक्षा योजना के अनुसरण में तथा 15 अक्तूबर, 2025 को आयोजित टियर-I परीक्षा (ऑनलाइन/कंप्यूटर आधारित परीक्षा) और 15 अप्रैल से 05 मई, 2026 के दौरान आयोजित टियर-II एवं टियर-III परीक्षा में संयुक्त प्रदर्शन के आधार पर, निम्नलिखित रोल नंबर वाले उम्मीदवारों का चयन आसूचना ब्यूरो में JIO-II/Tech के पद पर नियुक्ति के लिए किया गया है.

2. उम्मीदवारों की सुविधा के लिए रोल नंबर आरोही क्रम में दिए गए हैं और **ये मेरिट क्रम में नहीं हैं.**

| UR | | | |
|---|---|---|---|
| 611301100104 OBC | 615307100039 OBC | 615311100047 OBC | 616316100091 OBC |
| 618318100028 OBC(P) | 619319100100 OBC | 619319100170 | 623327100008 |
| 626330100001 OBC | 630334100129 | 633337100019 OBC | 633337100033 OBC(P) |
| 633337100037 ESM | 640344100066 | 641346100074 | 642347100061 ESM |
| 643348100148 ESM | 644349100144 | 644349100396 | 644349100754 |
| 644349101078 | 644349101514 | 644349101638 OBC | 645350100045 OBC |
| 645350100190 (P) | 646351100346 | 647352100004 ESM | 647352100021 ESM |
| 647352100178 | 647352100362 OBC | 647352100393 OBC | 647352100585 OBC |
| 647352100766 ESM | 647353100045 SC | 647353100055 OBC | 647353100200 OBC |
| 647353100502 SC | 647353100613 SC | 647353100664 | 647353100809 |
| 647353100883 ESM(P) | 647353101289 | 647354100066 OBC | 647354100085 OBC |
| 647354100305 ST | 647354100345 | 647354100471 | 647354100482 ESM |
| 647355100103 | 647355100113 EWS | 647355100145 ESM | 647355100316 |
| 647355100543 | 647355101079 | 647355101283 | 647356100006 |
| 647356100118 OBC | 647356100196 | 647356100261 OBC | 647356100470 OBC |
| 647356100502 | 647356100740 OBC | 647356100844 ESM | 647356100902 OBC |
| 647356100978 OBC | 647356101130 | 647356101269 ESM | 648357100047 OBC |
| 648357100332 OBC | 649358100153 | 649358100181 SC | 652362100160 OBC (P) |
| 653365100168 SC | 655370100160 | 655372100074 ESM | 655372100095 SC |
| 658376100173 | 658378100088 OBC | 658378100229 EWS | 659379100002 OBC |
| 659379100051 ESM | 659381100089 | 659381100313 EWS | 660382100060 OBC |
| 660382100091 ESM | 660382100125 ESM | 661384100094 | 662385100052 OBC |
| 665388100460 ESM | 666391100112 | 668393100147 SC | 669394100366 ESM |
| 670395100122 OBC | 670395100147 ESM (P) | 670395100191 | 670395100303 EWS |
| 680406100344 OBC | 681407100094 OBC | 681407100167 | 683409100110 |
| 683409100113 | 683409100328 OBC | 683410100164 | 685412100036 |
| 687415100027 (P) | 687415100127 EWS | 697427100221 | 697428100116 OBC |
| 697429100157 ESM (P) | 697429100272 SC | 697429100350 EWS | 698430100064 |
| 699431100009 | 701433100318 OBC | 701433100634 OBC | 701433100869 OBC |
| 701433100880 EWS | 701434100033 | 701434100203 OBC | 701435100090 OBC |
| 701435100092 | 701435100445 OBC | 701435100863 OBC | 701436100004 OBC |
| 701436100087 OBC | 701436100115 OBC | 701436100177 | 701436100570 ESM |
| 704439100068 | 707443100001 OBC | 710447100020 | 712451100007 |
| 712451100299 ESM | 713452100160 | 713452100782 OBC | 714453100250 ESM |
| 715454100104 OBC | 715455100065 OBC | 718458100063 OBC | 719459100053 |
| 720460100053 OBC | 721461100049 | 721461100056 ESM | 721461100092 OBC |
| 721461100114 EWS | 721463100444 ESM | 721463100650 EWS | 734479100475 |
| 736482100131 | 738484100139 OBC | 739485100015 SC | 739485100308 SC |
| 741487100130 | 741487100133 | 741487100142 | 742489100148 ESM |
| 743490100022 OBC | | | |

| EWS | | | |
|---|---|---|---|
| 614304100012 | 615306100151 | 615309100190 | 615310100075 |
| 647352100023 | 647352100029 | 647352100226 | 647353100039 |
| 647353100894 | 647353101531 | 647354100320 | 647354100501 |
| 647354100711 | 647355100941 | 647355101132 | 647355101242 |
| 647356100658 | 647356100699 | 649358100148 | 652362100135 |
| 652363100006 | 661384100081 | 661384100114 | 668393100031 |
| 680406100313 (P) | 683410100199 | 701434100174 | 701436100760 |
| 702437100001 | 703438100081 | 739485100425 | 742489100086 |

| OBC | | | |
|---|---|---|---|
| 615306100174 | 615307100081 (P) | 615307100225 | 615312100050 |
| 615313100093 | 615314100031 | 615315100103 | 615315100129 |
| 616316100042 | 616316100044 | 616316100050 | 617317100041 |
| 617317100096 | 620320100073 | 620320100167 | 633337100035 |
| 644349100007 | 644349100408 | 644349100655 | 646351100039 ESM |
| 647352100580 ESM | 647352100633 | 647352100785 | 647353100080 |
| 647353100442 ESM | 647353101048 | 647353101876 (P) | 647354100323 |
| 647354100462 | 647354100520 | 647354100578 | 647355100423 |
| 647355100533 | 647355100780 ESM | 647355100793 | 647355100969 ESM (P) |
| 647356100028 ESM | 647356100304 | 647356100317 | 648357100248 |
| 652362100020 | 652364100026 (P) | 654366100008 ESM | 654366100017 |
| 655368100048 | 655368100234 | 655369100155 | 655370100224 |
| 655371100189 | 655372100305 ESM | 656373100203 | 658376100189 |
| 658377100029 | 659380100090 | 659380100135 | 659381100491 |
| 662385100077 ESM | 665388100391 | 665389100042 | 666391100063 |
| 667392100010 | 668393100003 | 670395100148 (P) | 670395100338 ESM |
| 672483100020 | 674399100012 | 685412100076 | 688416100146 |
| 694423100064 | 694423100363 | 695424100089 | 696425100070 |
| 697426100218 | 697427100131 | 697429100242 | 697429100306 |
| 697429100310 | 697429100507 | 697429100536 | 701433100162 |
| 701434100062 | 701435100129 | 701435100428 | 701436100017 |
| 701436100112 | 701436100214 (P) | 701436100447 (P) | 701436100467 |
| 701436100473 | 701436100496 | 701436100603 | 701436100633 |
| 701436100642 | 702437100019 | 703438100034 | 706442100215 (P) |
| 709446100281 | 710448100032 | 710448100118 | 711450100002 |
| 711450100090 | 715455100121 | 717457100209 | 719459100038 |
| 719459100051 | 723465100165 | 724466100176 | 725467100195 (P) |
| 725467100219 | 730472100362 (P) | 731473100006 ESM | 734478100323 ESM |
| 740486100010 ESM | 740486100074 | 740486100231 | 742489100016 |
| 743490100062 | | | |

(शेष पृष्ठ 5 पर)

(पृष्ठ 4 का शेष)

| SC | | | |
|---|---|---|---|
| 615307100038 | 615310100185 | 615315100144 | 620320100035 (P) |
| 623326100030 | 630334100043 | 630334100372 | 630334100408 |
| 643348100025 | 644349100145 | 644349100934 | 644349101925 |
| 647352100109 | 647352100147 | 647352100186 | 647352100485 |
| 647353100137 | 647353100250 | 647353100260 | 647353101039 |
| 647353101127 | 647353101385 | 647353101644 | 647353101664 |
| 647353101810 | 647354100069 | 647355100055 | 647355100109 |
| 647356100158 | 647356100252 | 647356101126 | 647356101140 |
| 650360100003 | 652362100195 | 654366100025 | 658378100330 |
| 661384100080 | 665388100048 | 665390100228 | 675401100027 |
| 676402100085 | 683409100133 | 683410100042 | 683410100485 |
| 693422100231 (P) | 694423100305 | 697428100127 | 701433100218 |
| 701435100295 | 713452100222 | 713452100417 | 713452100935 |
| 721461100128 | 721461100180 | 721463100733 | 723465100057 |
| 725467100117 | 725467100118 | 730472100876 | 731473100289 |

| ST | | | |
|---|---|---|---|
| 619319100108 | 623325100029 | 625329100003 | 626330100010 |
| 635339100055 | 638342100005 | 647353100840 | 647353100999 |
| 647353101325 (P) | 647356100240 | 665388100009 | 666391100018 |
| 683409100002 | 683409100114 | 683410100157 ESM | 701434100007 |
| 701435100120 | 701435100285 | 701435100727 | 701436100104 |
| 701436100130 | 701436100426 | 702437100138 | 703438100083 |
| 721461100154 | 736482100041 | 739485100179 | 742489100192 |

3. ईडब्ल्यूएस, ओबीसी, एससी और एसटी वर्ग से संबंधित वे उम्मीदवार, जिनके रोल नंबर अनारक्षित श्रेणी के अंतर्गत दर्शाए गए हैं, इसका अर्थ है कि उन्होंने अनारक्षित मानकों के आधार पर अर्हता प्राप्त की है. जिन उम्मीदवारों के सामने 'P' अंकित है, उसका अर्थ है कि दस्तावेज सत्यापन और साक्षात्कार के समय अपेक्षित सूचना/दस्तावेज जमा न करने के कारण उनकी उम्मीदवारी अनंतिम रखी गई है.

4. परिणाम तैयार करने में पूर्ण सावधानी बरती गई है, फिर भी बाद में यदि कोई त्रुटि या चूक पाई जाती है, तो आसूचना ब्यूरो उसे सुधारने का अधिकार सुरक्षित रखता है.

5. यह भी स्पष्ट किया जाता है कि केवल टियर-I परीक्षा, टियर-II परीक्षा और साक्षात्कार में अर्हता प्राप्त कर लेने तथा AF और SSQ जमा कर देने मात्र से उम्मीदवार को इस पद के लिए अपनी उम्मीदवारी का दावा करने का कोई अधिकार प्राप्त नहीं होता. अंतिम चयन आगे चरित्र एवं पूर्ववृत्त सत्यापन, चिकित्सा परीक्षण आदि के संतोषजनक रूप से पूर्ण होने तथा आयु सीमा, योग्यता, श्रेणी आदि से संबंधित अन्य पात्रता शर्तों को पूरा करने के अधीन होगा.

EN 15/65 अपर उप निदेशक

भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

राजस्व विभाग

# कर नीति अनुसंधान इकाई

## रिक्ति परिपत्र

कर नीति अनुसंधान इकाई द्वारा अनुसंधान फेलो के पद पर आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं. विज्ञापन का विवरण निम्नानुसार है:

**पद का नाम:** अनुसंधान फेलो

**रिक्तियां:** दो (02)

**आवेदन की अंतिम तिथि:** 31-07-2026

**नियोजन की अवधि:** एक वर्ष, जिसे आगे बढ़ाया जा सकता है.

**नियोजन का स्वरूप:** अनुसंधान फेलो की नियुक्ति अस्थायी प्रकृति की होगी.

**पारिश्रमिक:** समेकित पारिश्रमिक रु. 70,000/- प्रति माह.

**अधिकतम आयु सीमा:** 32 वर्ष (31-07-2026 को; अभ्यर्थी का जन्म 01-08-1994 से पहले नहीं होना चाहिए).

**क्षेत्र:** सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और अर्थशास्त्र (प्रत्येक क्षेत्र के लिए अनुसंधान फेलो का एक-एक पद).

**शैक्षिक योग्यताएं एवं अनुभव:**

A. **सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र:**

I. कंप्यूटर साइंस, सूचना प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं दूरसंचार तथा संबंधित विषयों में बी.टेक.

II. प्रोग्रामिंग का एक से पांच वर्ष का अनुभव.

III. बड़े डेटाबेस को संभालने की क्षमता एवं अनुभव.

IV. Python या R में गहन जानकारी एवं प्रोग्रामिंग क्षमता.

B. **अर्थशास्त्र क्षेत्र:**

I. अर्थशास्त्र/वाणिज्य/व्यावसायिक अर्थशास्त्र/वित्त/व्यवसाय प्रशासन में मास्टर डिग्री.

II. अनुसंधान एवं रिपोर्ट लेखन का एक से पांच वर्ष का अनुभव अथवा समकक्ष व्यावसायिक अनुभव.

III. बड़े डेटाबेस को संभालने की क्षमता एवं अनुभव.

IV. E-Views, STATA, SPSS, R आदि जैसे इकोनोमेट्रिक एवं सांख्यिकीय टूल्स के उपयोग का अनुभव

**विस्तृत विज्ञापन के लिए राजस्व विभाग की वेबसाइट (https://dor.gov.in) के "Employees Corner" के "What's New" अनुभाग का अवलोकन करें.**

EN 15/5

COCHIN PORT

कोचिन पत्तन प्राधिकरण

Cochin Port Authority

**कोचीन-682 009, केरल**

**उप मुख्य सतर्कता अधिकारी**

**की आवश्यकता है**

कोचीन पत्तन प्राधिकरण में उप मुख्य सतर्कता अधिकारी के एक पद पर प्रतिनियुक्ति आधार पर नियुक्ति की जानी है. यह नियुक्ति भर्ती नियमों के अनुसार होगी. इस पद के लिए मेजर पोर्ट अथॉरिटी, केंद्र सरकार, राज्य सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और स्वायत्त निकायों में कार्यरत योग्य अधिकारियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं. यह पद आईडीए वेतनमान रु. 60,000-1,80,000/- में है. इसका पूर्व-संशोधित वेतनमान रु. 24,900-50,500/- था. सीडीए वेतनमान के अनुसार यह पद 7वें वेतन आयोग के लेवल-10 के समकक्ष है.

**अधिक जानकारी के लिए उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे कोचीन पत्तन प्राधिकरण की वेबसाइट www.cochinport.gov.in देखें.**

वरिष्ठ उप सचिव

(0484-2582113)

EN 15/68

# भारतीय लोक प्रशासन संस्थान

इंद्रप्रस्थ एस्टेट, रिंग रोड, नई दिल्ली-110002

भारतीय लोक प्रशासन संस्थान, जो लोक प्रशासन एवं शासन के अध्ययन के लिए एक शीर्ष राष्ट्रीय संस्थान है तथा केंद्र और राज्य सरकारों, सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों और गैर-लाभकारी संगठनों के लिए उच्च स्तरीय अनुसंधान एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों में संलग्न है, डॉ. आंबेडकर फाउंडेशन, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित डॉ. बी.आर. आंबेडकर सामाजिक न्याय पीठ में सहायक प्रोफेसर के पद के लिए भारतीय नागरिकों से पूर्णतः संविदा आधार पर आवेदन आमंत्रित करता है.

**सहायक प्रोफेसर - डॉ. बी.आर. आंबेडकर सामाजिक न्याय पीठ - एक (01) पद**

**विशेषज्ञता क्षेत्र:** डॉ. आंबेडकर के विचार एवं दर्शन/सामाजिक न्याय/मानवाधिकार, जिसमें दलितों, पिछड़ी जातियों/वर्गों, महिलाओं एवं अल्पसंख्यकों तथा वंचित समुदायों का सशक्तिकरण शामिल है.

**वेतनमान एवं नियुक्ति की प्रकृति:**

**शैक्षणिक वेतन स्तर-10-** प्रवेश वेतन रु. 57,700-1,82,400/- प्रतिमाह, डीए, एचआरए तथा 7वें सीपीसी के अनुसार वार्षिक वेतनवृद्धि सहित.

**नियुक्ति का तरीका:** संविदा/प्रतिनियुक्ति आधार पर, प्रारंभ में तीन वर्षों के लिए, जिसे आवश्यकता और संतोषजनक प्रदर्शन के आधार पर आगे दो वर्षों तक बढ़ाया जा सकता है.

**आयु सीमा:** 35 वर्ष (विज्ञापन की तिथि के अनुसार).

**आवश्यक योग्यताएं:**

**(i) शैक्षणिक योग्यता:** राजनीति विज्ञान/अर्थशास्त्र/विधि में भारतीय विश्वविद्यालय से संबंधित विषय में न्यूनतम 55% अंकों अथवा समकक्ष ग्रेड के साथ स्नातकोत्तर डिग्री.

**आरक्षित श्रेणियां -** एससी/एसटी/ओबीसी (एनसीएल)/पीडब्ल्यूडी/ईडब्ल्यूएस के लिए यूजीसी नियमों के अनुसार 5% की छूट लागू होगी.

**(ii) पात्रता मानदंड: उम्मीदवार को निम्न में से कोई एक शर्त पूरी करनी होगी -**

- नेट (यूजीसी/सीएसआईआर) उत्तीर्ण.
- सेट/स्लेट उत्तीर्ण.
- यूजीसी विनियमों के अनुसार पीएच.डी. डिग्री धारक, जिन्हें नेट से छूट प्राप्त हो.

**(iii) अनुभव:**

यूजीसी मानदंडों के अनुसार शिक्षण/अनुसंधान अनुभव अनिवार्य नहीं है, तथापि संबंधित क्षेत्र में अनुभव रखने वालों को वरीयता दी जाएगी.

**(iv)** समाज के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति, पिछड़े वर्गों अथवा सामाजिक एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों से संबंधित व्यक्तियों को वरीयता दी जाएगी.

**सामान्य शर्तें:**

1. उम्मीदवार द्वारा सभी प्रकार से विधिवत भरा गया आवेदन, सभी प्रमाण-पत्रों, अंकतालिकाओं, अनुभव प्रमाण-पत्र, एम.ए./एम.फिल./पीएच.डी./नेट प्रमाण-पत्र, प्रकाशित लेखों के पुनर्मुद्रण/प्रतियों तथा जन्म-तिथि के रिकॉर्ड वाले प्रमाण-पत्र की स्वप्रमाणित प्रतियों के साथ समर्थित होना चाहिए. आवेदन के साथ संलग्न दस्तावेज कालानुक्रमिक क्रम में सुरक्षित रूप से टैग किए जाएं, ताकि हैंडलिंग के दौरान कोई नुकसान न हो.
2. अपूर्ण आवेदन-पत्र अथवा उम्मीदवार के हस्ताक्षर के बिना आवेदन-पत्र सरसरी तौर पर अस्वीकार कर दिए जाएंगे.
3. उम्मीदवारों द्वारा एम.फिल. और/या पीएच.डी. डिग्री प्राप्त करने में व्यतीत की गई अवधि को अनुसंधान अनुभव नहीं माना जाएगा.
4. सरकारी सेवा में कार्यरत व्यक्तियों को उचित माध्यम से आवेदन करना चाहिए. हालांकि, वे अंतिम तिथि से पहले आईआईपीए को प्रशंसा पत्रों सहित आवेदन की अग्रिम प्रति भेज सकते हैं. साक्षात्कार के समय वर्तमान नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा.
5. उम्मीदवारों की पात्रता योग्यता/अनुभव/प्रकाशनों के आधार पर निर्धारित की जाएगी, जो विज्ञापन की अंतिम तिथि तक उनके द्वारा प्राप्त की गई हो.
6. न्यूनतम शैक्षिक योग्यता या अनुभव मात्र पूरा करने से उम्मीदवार साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने का हकदार नहीं होगा. योग्यता और अनुभव के आधार पर जांच के बाद केवल सीमित संख्या में उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा.
7. विज्ञापित पद पूर्णतः संविदा/अस्थायी आधार पर है, नियमित/स्थायी आधार पर नहीं. नियुक्त व्यक्ति पर भारत सरकार के नियमित कर्मचारियों के लिए लागू नियम लागू होंगे. अस्थायी कर्मचारियों के लिए लागू नियमों के तहत सक्षम प्राधिकारी बिना कोई कारण बताए आईआईपीए में किसी भी समय अस्थायी नियुक्ति समाप्त कर सकता है. कोई भी पक्ष एक माह का नोटिस देकर या एक माह के वेतन के भुगतान पर रोजगार संबंध समाप्त कर सकता है.
8. नियुक्त कर्मचारी को बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली में अपना पंजीकरण कराना होगा और नियमित रूप से उपस्थिति दर्ज करनी होगी.
9. साक्षात्कार में भाग लेने के लिए कोई टीए/डीए नहीं दिया जाएगा.
10. नियुक्ति की अवधि डॉ. आंबेडकर फाउंडेशन की आवश्यकता और आईआईपीए की प्रदर्शन-संबंधी शर्तों के अधीन बढ़ाई या घटाई जा सकती है.
11. आईआईपीए चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में, विज्ञापन में कोई त्रुटि पाए जाने पर, उम्मीदवार को दी गई किसी भी सूचना को संशोधित/वापस लेने/रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है.
12. आईआईपीए नियुक्ति के समय अथवा सेवा अवधि के दौरान किसी भी समय उम्मीदवार द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों की प्रामाणिकता की जांच कर सकता है, यदि यह पाया जाता है कि उम्मीदवार द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज फर्जी हैं अथवा उम्मीदवार की पृष्ठभूमि अवांछनीय/गोपनीय है और उसने उक्त जानकारी छिपाई है, तो उसकी सेवाएं बिना किसी सूचना के तत्काल समाप्त कर दी जाएंगी.
13. पूर्ण आवेदन निर्धारित प्रपत्र में, जो आईआईपीए की वेबसाइट **www.iipa.org.in** से डाउनलोड किया जा सकता है, प्रशंसापत्रों/प्रमाण-पत्रों आदि की स्वप्रमाणित प्रतियों के साथ **अधीक्षक (प्रशासन), कक्ष संख्या 60, द्वितीय तल, भारतीय लोक प्रशासन संस्थान, आई.पी. एस्टेट, रिंग रोड, नई दिल्ली-110002** को भेजा जाए. यह आवेदन रोजगार समाचार में पद के प्रकाशन की तिथि से **एक माह के भीतर** पहुंच जाना चाहिए. अपूर्ण आवेदन अथवा निर्धारित प्रपत्र में न भेजे गए आवेदन या निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन विचारार्थ स्वीकार नहीं किए जाएंगे.

EN 15/74 कुलसचिव

एफ सं. ए-12026/12/2024-प्रशासन-I (सी.संख्या. 36866)

भारत सरकार

# भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण

प्रशासन- I अनुभाग

धरोहर भवन, 24, तिलक मार्ग, नई दिल्ली-110001

## रिक्ति परिपत्र

**भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण में संयुक्त महानिदेशक (विधि) ग्रुप 'क' (राजपत्रित), अलिपिकवर्गीय, वेतन मैट्रिक्स रुपये 1,23,100-2,15,900 के लेवल-13 में एक (01) पद को भरना.**

केन्द्र सरकार या राज्य सरकार या केन्द्र शासित राज्य या सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम, सांविधिक निकाय, अर्द्ध सरकारी संगठन, मान्यताप्राप्त अनुसंधान संस्थान और विश्वविद्यालय आदि के अधीन अधिकारियों में से प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक संविदा सहित) आधार द्वारा भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण में **संयुक्त महानिदेशक (विधि)** ग्रुप 'क' (राजपत्रित) अलिपिकवर्गीय, वेतन मैट्रिक्स रुपये 1,23,100-2,15,900 के लेवल-13 में एक पद को भरना प्रस्तावित है.

**क.** दिल्ली या अन्य राज्य सरकारी उच्च न्यायिक सेवा (एचजेएस) के सदस्य, भारतीय न्यायिक सेवा के ग्रुप 'क' अधिकारी, केन्द्र या राज्य सरकार, केन्द्रशासित राज्य, सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम, सांविधिक निकाय, अर्द्ध सरकारी संगठन, मान्यताप्राप्त संस्थान और विश्वविद्यालय अधिकारी जो

(i) मूल काडर या विभाग में नियमित आधार पर समदृश पद धारण किए हुए हों; **या**

(ii) मूल काडर या विभाग में वेतन मेट्रिक्स रुपये 78800-209200 के लेवल-12 में पदों में नियमित आधार पर नियुक्ति के बाद प्रदत्त ग्रेड में 5 वर्ष की सेवा या समकक्ष; **और**

**ख. निम्नलिखित शैक्षिक योग्यता और अनुभव धारक हो:**

**अनिवार्य:**

1.(i) मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से स्नातक.

(ii) मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से विधि (एलएलबी) में स्नातक की डिग्री.

(iii) न्यायिक या अर्द्ध न्यायिक क्षमता में विधि के पदनामित संगठन या प्रशासन के विधि विभाग में काम करने का नौ वर्ष का अनुभव; **या**

2.(i) एकीकृत स्नातक + मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से विधि (एलएलबी) में स्नातक की डिग्री(पांच वर्ष की अवधि); **और**

(ii) न्यायिक या अर्द्ध न्यायिक क्षमता में विधि के पदनामित संगठन या प्रशासन के विधि विभाग में काम करने का दस वर्ष का अनुभव;

**वांछनीय:**

मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से विधि (एलएलएम) में स्नातकोत्तर डिग्री.

(केन्द्र सरकार के उसी या अन्य किसी संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले अन्य किसी बाह्य काडर में धारित पद में प्रतिनियुक्ति की अवधि (अल्पकालिक संविदा सहित) को मिलाकर प्रतिनियुक्ति की अवधि (अल्पकालिक संविदा सहित) सामान्यतः पांच वर्ष से अधिक नहीं होगी. प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक संविदा सहित) द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा, आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि के अनुसार छप्पन वर्ष से अधिक नहीं होगी).

**कार्य:** संयुक्त महानिदेशक (विधि), एएसआई में विधि प्रभाग के प्रभारी होंगे.

**सभी पदों के लिए सामान्य नियम व शर्तें:**

1. प्रतिनियुक्ति आधार पर नियुक्ति के लिए चयनित अधिकारी 3 वर्ष की अवधि के लिए प्रतिनियुक्ति पर होगा जिसे अधिकतम पांच वर्ष की अवधि के लिए बढ़ाया जा सकता है और समय-समय पर संशोधित अनुसार डीओपीटी ओ.एम. सं.-2/12/87-ईएसटीटी तिथि 29.04.1988 में रखी गई प्रतिनियुक्ति की शर्तों द्वारा शासित होगा और वेतन, समय-समय पर संशोधित अनुसार डीओपीटी ओ.एम.सं. 1/99/91-ईएसटीटी (वेतन-II) तिथि 05.01.1994 के अनुसार शासित होगा, संक्षेप में निम्नानुसार है:

(i) केन्द्र सरकार के उसी या अन्य किसी संगठन या विभाग में इस नियुक्ति के ठीक पहले अन्य किसी बाह्य काडर में धारित पद में प्रतिनियुक्ति की अवधि (अल्पकालिक संविदा सहित) को मिलाकर प्रतिनियुक्ति की अवधि/अल्पकालिक संविदा सहित सामान्यतः 4 वर्ष से अधिक नहीं होगी.

(ii) फीडर श्रेणी में विभागीय अधिकारी जो पदोन्नति की सीधी पंक्ति में हैं वे प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति हेतु विचार के लिए पात्र नहीं होंगे. उसी तरह, प्रतिनियुक्त पदोन्नति द्वारा नियुक्ति हेतु विचार के लिए पात्र नहीं होंगे.

(iii) प्रतिनियुक्ति/अल्पकालिक संविदा सहित द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा, आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि के अनुसार 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी.

2. उन अधिकारियों के पूर्ण और अद्यतन एसीआर/एपीएआर जिन्हें उनके चयन प्रक्रिया में कार्यमुक्त किया जा सकता है, के साथ निम्नलिखित प्रारूप (परिशिष्ट-क) में आवेदन की दूसरी प्रति उचित माध्यम से **रोज़गार समाचार में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के अंदर** अधोहस्ताक्षरी के पास भेजे जाएं. अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदन या अन्य रूप से अपूर्ण पाए गए आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा.

3. संलग्न प्रारूप के अनुसार आवेदन अग्रेषित करते समय, निम्नलिखित दस्तावेज प्रायोजक प्राधिकारी द्वारा प्रस्तुत किए जाएं:

(i) पिछले पांच वर्षों की वार्षिक कार्य निष्पादन सराहना रिपोर्ट (एसीआर/एपीएआर की फोटोप्रतियों के साथ प्रत्येक पेज सत्यापित).

(ii) काडर अनापत्ति

(iii) सतर्कता अनापत्ति और सत्यनिष्ठा प्रमाणपत्र, **और**

(iv) पिछले 10 वर्षों के दौरान लगाए गए, यदि कोई बड़े या छोटे दंडों का कथन.

4. आवेदन अग्रेषित करते समय यह सत्यापित और प्रमाणित किया जाए कि अधिकारी द्वारा प्रस्तुत विवरण सही है और अधिकारी के खिलाफ कोई भी अनुशासनिक कार्रवाई/न्यायालय मामला फाइल लम्बित या अवेक्षित नहीं है और यह भी कि पिछले 10 वर्षों के दौरान अधिकारी पर कोई भी बड़ा/छोटा दण्ड नहीं लगाया गया है.

5. पद के लिए आवेदन करने वाले अधिकारियों को बाद में अपना नामांकन वापस लेने की अनुमति नहीं होगी.

**पोस्टिंग का आरम्भिक स्थान: महानिदेशक कार्यालय, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, 24 , तिलक मार्ग, धरोहर भवन, नई दिल्ली. हालांकि अखिल भारत आधार पर स्थानांतरणीय.**

**(सार्थक साहू)**
**अनुभाग अधिकारी (प्रशासन-I)**
**भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण**
**धरोहर भवन, 24, तिलक मार्ग, नई दिल्ली-110001**

परिशिष्ट-I

### आत्मवृत्त प्रारूप

| | |
|---|---|
| 1. नाम व पता (बड़े अक्षरों में) | |
| 2. जन्म तिथि (ईस्वी सन् में) | |
| 3. i) सेवा में प्रवेश की तिथि | |
| ii) केन्द्र/राज्य सरकार के नियमों के अधीन सेवा निवृत्ति की तिथि | |
| 4. शैक्षिक योग्यताएं | |
| 5. क्या आप पद के लिए अपेक्षित शैक्षिक और अन्य योग्यताओं को पूरा करते हैं. (यदि किसी भी योग्यता को नियमों में निर्धारित के समकक्ष माना गया है तो उस प्राधिकारी का नाम लिखे) | |
(ग) वेतन मैट्रिक्स में लेवल-11 (रु. 67700-208700) में दस वर्ष की नियमित सेवा की हो.

और

(2) (क) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से वास्तुकला में डिग्री प्राप्त हो तथा वास्तुकला अधिनियम, 1972 (1972 का 20) के अंतर्गत वास्तुकला परिषद् में पंजीकरण हो.

और

(ख) वास्तुकला (आर्किटेक्चर) के कार्य का दस साल का अनुभव होना चाहिए.

2. नियुक्ति पूर्णतः संविदा के आधार पर है और संविदा नियुक्ति की शुरूआती अवधि सिर्फ **एक वर्ष** होगी.
3. उक्त संविदा पद से संबंधित नियम एवं शर्तों का विस्तृत विवरण सी.आर.पी.एफ. की वेबसाइट से प्राप्त किया जा सकता है. किसी भी प्रकार का अनुशेष (Addendum) अथवा शुद्धिपत्र (Corrigendum) केवल सीआरपीएफ की वेबसाइट **www.rect.crpf.gov.in** पर ही प्रकाशित किया जाएगा.

**उप महानिरीक्षक (भर्ती)**

CBC 19140/11/0003/2627 EN 15/1



# आईसीएआर-राष्ट्रीय पादप आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो

**पूसा परिसर, नई दिल्ली-110012, भारत**

ICAR

**परियोजना वैज्ञानिक-III के अस्थायी पद हेतु "वॉक्-इन-इंटरव्यू"**

डीबीटी द्वारा वित्त-पोषित **"आनुवंशिक रूप से अभियांत्रित पादप सामग्री के क्वारंटाइन और जीएम निदान हेतु राष्ट्रीय कार्यक्रम"** (घटक–2) के अंतर्गत आईसीएआर-राष्ट्रीय पादप आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो (एनबीपीजीआर), नई दिल्ली में **परियोजना वैज्ञानिक-III** (एक पद) के अस्थायी पद के लिए **"वॉक्-इन-इंटरव्यू" 27 जुलाई, 2026 को प्रातः 10:00 बजे** आयोजित किया जाएगा.

उल्लिखित पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले अभ्यर्थी वॉक्-इन-इंटरव्यू में शामिल हों तथा निर्धारित प्रारूप में विधिवत भरा हुआ आवेदन-पत्र और आयु, शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, प्रकाशन, पुरस्कार आदि के प्रमाण के रूप में मूल दस्तावेजों तथा उनकी प्रतिलिपियों को साथ लाएं. मूल दस्तावेजों का सत्यापन साक्षात्कार की तिथि को किया जाएगा.

| साक्षात्कार विवरण | | |
|---|---|---|
| **पद का नाम और संख्या** | **मासिक पारिश्रमिक** | **योग्यताएं** |
| **परियोजना वैज्ञानिक-III (एक पद)**<br>डीबीटी द्वारा वित्त-पोषित "आनुवंशिक रूप से अभियांत्रित पादप सामग्री के क्वारंटाइन और जीएम निदान हेतु राष्ट्रीय कार्यक्रम" (घटक–2)<br>**प्रधान अन्वेषक का नाम:** डॉ. मोनिका सिंह<br>**परियोजना अवधि:** 27 सितम्बर, 2026 तक | रु. 78,000/- + 27% एचआरए | **अनिवार्य योग्यता:**<br>(i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से विज्ञान में डॉक्टरेट उपाधि (मॉलिक्यूलर बायोलॉजी / बायोटेक्नोलॉजी / बायोकैमिस्ट्री / वनस्पति विज्ञान / जेनेटिक्स / फूड टेक्नोलॉजी / लाइफ साइंसेज / पादप आनुवंशिक संसाधन अथवा समकक्ष उपाधि).<br>(ii) औद्योगिक एवं शैक्षणिक संस्थानों या विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संगठनों में अनुसंधान एवं विकास तथा वैज्ञानिक गतिविधियों और सेवाओं के क्षेत्र में सात वर्ष का प्रासंगिक अनुभव.<br>**वांछनीय योग्यता:**<br>(i) पौधों में ट्रांसजेनिक्स की आणविक पहचान/आणविक निदान के विकास का अनुभव.<br>(ii) आणविक पहचान के लिए रियल-टाइम पीसीआर और समतापीय प्रवर्धन विधियों का अनुभव.<br>(iii) सहकर्मी-समीक्षित उच्च प्रभाव वाली पत्रिकाओं में प्रकाशन.<br>**अधिकतम आयु सीमा:** 45 वर्ष. |

EN 15/11



# महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन

**(शिक्षा मंत्रालय, भारत शासन का स्वायत्तशासी संस्थान)**

वेदविद्या मार्ग, चिंतामण गणेश, उज्जैन-456006 (म.प्र.)
दूरभाष: 0734-2502266, 2502254, 2502255, फैक्स: 0734-2502266
ई-मेल: msrvvpujn@gmail.com, वेबसाइट: msrvvp.ac.in

विज्ञापन क्र: प.स.3-2/2021/(प्र./वि.)/मसारावेविप्र

महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन द्वारा पात्र अभ्यर्थियों से प्रतिनियुक्ति असफल होने पर सीधी भर्ती के माध्यम से **स्टाफ कार चालक** (01-अनारक्षित) के पद को भरने हेतु, नीचे दिए गए विवरणानुसार आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं-

| क्र. | पद का नाम | पद का लेवल एवं ग्रुप | भर्ती की प्रक्रिया | पद संख्या | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | स्टाफ कार चालक | ग्रुप-सी, लेवल-2 | प्रतिनियुक्ति/ सीधी भर्ती | 01 | अनारक्षित |

आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि रोज़गार समाचार में विज्ञापन के प्रकाशित होने की तिथि से **21 दिन** होगी. अधिक जानकारी के लिए प्रतिष्ठान की वेबसाइट **https://msrvvp.ac.in** पर जाएं.

आवेदन निर्धारित प्रारूप में, अभ्यर्थी द्वारा विधिवत भरा एवं हस्ताक्षरित, प्रतिष्ठान के आधिकारिक पते पर भेजा जाना चाहिए. आवेदन पत्र वाले लिफाफे पर **"स्टाफ कार चालक" (प्रतिनियुक्ति)/ "स्टाफ कार चालक" (सीधी भर्ती)** पद का नाम आवेदन केवल ऑफलाइन माध्यम से ही स्पष्ट रूप से अंकित होना चाहिए. अर्थात् स्पीड पोस्ट या स्वयं उपस्थित होकर जमा किया जाना अनिवार्य है.

**सचिव,**
**मसारावेविप्र, उज्जैन**

CBC 21340/11/0002/2627

EN 15/32


## महत्वपूर्ण सूचना

हम सं.लो.से.आ., क.च.आ., रेलवे भर्ती बार्ड आदि द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के परिणाम प्रकाशित करते समय पूरी सावधानी रखते हैं. यद्यपि, अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे आधिकारिक अधिसूचना/गजट की जांच कर लें. अनजाने में हुई मुद्रण त्रुटि के लिए रोज़गार समाचार जिम्मेदार नहीं होगा.

संख्याः A.12024/1/2024-E-IV

भारत सरकार

जल शक्ति मंत्रालय

# जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण विभाग

## रिक्ति सूचना

**आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि में विस्तार**

रोजगार समाचार के दिनांक 23-29 मई 2026 के अंक में महादयी प्रवाह में प्रतिनियुक्ति आधार पर (अल्पकालिक अनुबंध सहित) निम्नलिखित पद भरने के लिए प्रकाशित रिक्ति सूचना को संशोधित किया जाता है. विधिवत भरे हुए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि, जो 21.06.2026 थी, को रोजगार समाचार में इस रिक्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 04 सप्ताह के लिए आगे बढ़ा दिया गया है.

| क्रम सं. | पद का नाम | वेतनमान | पदों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | सदस्य (पर्यावरणीय मामले) | लेवल-14 (रु. 1,44,200-2,18,200) | 01 |
| 2 | सदस्य (जलविज्ञान) | लेवल-14 (रु. 1,44,200-2,18,200) | 01 |
| 3 | सदस्य (निगरानी एवं विनियमन ) | लेवल-14 (रु. 1,44,200-2,18,200) | 01 |
| 4 | निदेशक (वित्त) | लेवल-13 (रु. 1,23,100-2,15,900) | 01 |

**2.** पूर्व में प्रकाशित रिक्ति सूचना की अन्य सभी शर्तें एवं नियम यथावत रहेंगे/रहेंगी. इच्छुक उम्मीदवार जिन्होंने अभी तक आवेदन नहीं किया है, वे विस्तृत रिक्ति सूचना में उल्लिखित प्रक्रिया के अनुसार अपना आवेदन जमा कर सकते हैं. विस्तृत रिक्ति सूचना आधिकारिक वेबसाइट jalshakti-dowr.gov.in और dopt.gov.in पर उपलब्ध है.

(समीर कुमार मुंडा)
अवर सचिव, भारत सरकार
दूरभाष संख्याः 011-23716252
ईमेलः use4-mowr@nic.in

नोटः अंग्रेजी संस्करण एवं उसके हिंदी अनुवाद के बीच किसी भी प्रकार की विसंगति या असंगति की स्थिति में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा.

EN 15/85

सं. ए.12026/7/2023-स्था. IV

भारत सरकार

जल शक्ति मंत्रालय

# जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग

## रिक्ति सूचना

नर्मदा नियंत्रण प्राधिकरण (NCA) एक निकाय निगम (Body Corporate) है, जिसकी स्थापना भारत सरकार द्वारा अंतर्राज्यीय नदी जल विवाद अधिनियम, 1956 की धारा 6A के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, नर्मदा जल विवाद न्यायाधिकरण (Narmada Water Disputes Tribunal) के निर्णय एवं निर्देशों के कार्यान्वयन का अनुपालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की गई है. प्राधिकरण का मुख्यालय इंदौर, मध्य प्रदेश में स्थित है. यह जल शक्ति मंत्रालय, जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण विभाग (DoWR, RD & GR) के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन एक स्वायत्त निकाय है.

2. नर्मदा नियंत्रण प्राधिकरण, इंदौर में **सदस्य (सिविल)** के एक पद को वेतन मैट्रिक्स स्तर-14 (रु. 1,44,200-2,18,200/-) में प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक संविदा सहित) के आधार पर भरने के लिए पात्र एवं उपयुक्त अधिकारियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं. नियुक्ति के नियम एवं शर्तें कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (DoP&T) द्वारा दिनांक 28.03.2024 को जारी "केंद्र सरकार से/को कर्मचारियों की प्रतिनियुक्ति/विदेश सेवा की शर्तों के विनियमन संबंधी समेकित दिशा-निर्देशों" तथा समय-समय पर किए गए संशोधनों के अनुसार विनियमित होंगी.

3. पद का विवरण, पात्रता शर्तें इत्यादि **jalshakti-dowr.gov.in; dopt.gov.in** और **nca.gov.in** पर उपलब्ध हैं. उपयुक्त और पात्र अधिकारियों, जिन्हें चयन होने की स्थिति में अविलंब कार्यमुक्त किया जा सकता है, के सभी प्रकार से पूर्ण आवेदन (तीन प्रतियों में), इस विज्ञापन के रोजगार समाचार में जारी होने/प्रकाशित होने की **तारीख से 45 दिन की अवधि के भीतर अवर सचिव (स्थापना IV), जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग, जल शक्ति मंत्रालय, कमरा सं. 435B, श्रम शक्ति भवन, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001** और ईमेल द्वारा **use4-mowr@nic.in** एवं **soe4-mowr@gov.in** को उचित माध्यम से भेजे जाएं.

4. उचित माध्यम से आवेदन की अग्रिम प्रतियां न भेजने या निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त होने या अपेक्षित सूचना/दस्तावेजों के बिना आवेदन को अस्वीकार कर दिया जाएगा.

अवर सचिव, भारत सरकार
दूरभाष सं. 011-23716252
ई-मेलः use4-mowr@nic.in

**नोट : विज्ञापन के हिंदी संस्करण में कोई विसंगति पाए जाने पर, विज्ञापन के अंग्रेजी संस्करण में दी गयी सामग्री मान्य होगी.**

CBC 45101/11/0009/2627 EN 15/61

## तेल उद्योग विकास बोर्ड (ओआईडीबी)

तउविबो OIDB

(पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय)

ओआईडीबी भवन, प्लॉट संख्या-2, सेक्टर-73, नोएडा-201301

संख्याः एडी/30/2024-प्रशा. भाग (2) दिनांकः 29 जून, 2026

1. तेल उद्योग विकास बोर्ड (ओआईडीबी) उचित माध्यम से पात्र केंद्रीय सरकार/राज्य सरकार/पीएसयू/स्वायत्त/सांविधिक निकायों के उम्मीदवारों से 7वें सीपीसी के अनुसार प्रतिनियुक्ति आधार पर **वित्तीय सलाहकार एवं मुख्य लेखा अधिकारी** (एफए एंड सीएओ) के वेतन स्तर-13 तथा **स्टेनो ग्रेड-'सी'** के वेतन स्तर-06 के पद हेतु आवेदन आमंत्रित करता है.

2. ओआईडीबी में आवेदन प्राप्त होने की **अंतिम तिथि 'रोजगार समाचार' में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 21वां दिन होगी.**

3. प्रतिनियुक्ति आधार पर केंद्रीय सरकार के कर्मचारी डीपी एंड पीडब्ल्यू, भारत सरकार से तत्काल समावेशन हेतु छूट प्रदान किए जाने के अधीन होंगे.

4. पात्रता मानदंड, रिक्ति परिपत्र तथा अन्य विवरण के लिए कृपया ओआईडीबी की वेबसाइटः **www.oidb.gov.in** देखें. यदि वेबसाइट उपलब्ध न हो अथवा सुलभ न हो, तो आवश्यक जानकारी **mgr.admn.oidb@nic.in** पर लिखकर प्राप्त की जा सकती है.

5. इस विज्ञापन से संबंधित किसी भी शुद्धिपत्र/परिशिष्ट/निरस्तीकरण आदि को केवल ओआईडीबी की वेबसाइट पर ही प्रकाशित किया जाएगा. अतः अभ्यर्थियों को नियमित रूप से ओआईडीबी की वेबसाइट देखने की सलाह दी जाती है.

प्रबंधक (पी एंड ए)
ओआईडीबी, नोएडा

CBC 33113/11/0003/2627 EN 15/49

# रमन अनुसंधान संस्थान

सदाशिवनगर, बेंगलुरु - 560080

विज्ञापन संख्या 18/2026

रमन अनुसंधान संस्थान, भारत सरकार द्वारा वित्तपोषित मूलभूत विज्ञानों में अनुसंधान से जुड़ा एक प्रमुख स्वायत्त संस्थान है. संस्थान प्रत्यक्ष भर्ती के आधार पर निम्नलिखित पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है.

| क्र. सं. | पद का नाम | विषय / विशेषज्ञता | वेतन स्तर (7वें सीपीसी के अनुसार) | रिक्तियां | आरक्षण | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | अना | अजा | अजजा | अपिव (एनसीएल) | ईडब्ल्यूएस |
| 1. | इंजीनियर 'सी' | इलेक्ट्रॉनिक्स | 11 | 2 | 2 | - | - | - | - |
| 2. | इंजीनियर 'बी' | इलेक्ट्रॉनिक्स | 10 | 2 | - | - | - | 1 | 1 |
| | | मैकेनिकल | | 1 | - | - | 1 | - | - |
| | | इंस्ट्रूमेंटेशन | | 1 | 1 | - | - | - | - |
| 3. | इंजीनियरिंग सहायक 'सी' | इलेक्ट्रॉनिक्स | 5 | 4 | 2 | 1 | - | 1 | - |
| | | मैकेनिकल | | 1 | 1 | - | - | - | - |
| | | आईटी | | 1 | 1 | - | - | - | - |
| | | सिविल | | 1 | - | - | - | 1 | - |
| | | इलेक्ट्रिकल | | 1 | 1 | - | - | - | - |
| 4. | ट्रेड्समैन 'ए' | इलेक्ट्रिकल | 2 | 2 | 1 | - | - | 1 | - |
| | | एसी मैकेनिक | | 1 | 1 | - | - | - | - |
| | | मैकेनिकल | | 1 | 1 | - | - | - | - |
| | | फिटर/टर्नर/मशीनिस्ट | | 4 | 2 | 1 | - | 1 | - |

अधिक जानकारी के लिए देखेंः https://www.rri.res.in/careers/other-openings

EN 15/42 प्रशासनिक अधिकारी

# भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण / Inland Waterways Authority of India

(पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार)

ए-13, सेक्टर-1, नोएडा - 201301 (उ.प्र.)

फोन : 0120-2474050 एवं 2544036

**रोजगार सूचना संख्या IWAI-17011/4/2026-ADMIN RECTT दिनांक 30.06.2026**

भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (IWAI) केंद्र/राज्य सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, सांविधिक अथवा स्वायत्त निकायों के कार्यालयों में कार्यरत भारतीय नागरिकों से **प्रधान निजी सचिव (PPS)** के एक रिक्त पद को प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरने हेतु आवेदन आमंत्रित करता है. यह नियुक्ति प्रारंभ में 03 वर्ष की अवधि के लिए भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (IWAI), नोएडा में की जाएगी.

आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि रोजगार समाचार में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से **45 दिन** है. निर्धारित प्रारूप में आवेदन उचित माध्यम से **सहायक सचिव (प्रशासन एवं स्थापना), भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (IWAI), ए-13, सेक्टर-1, नोएडा-201301 (उ.प्र.) को भेजे जाएं.** आवेदन के साथ प्रमाणपत्रों की स्वप्रमाणित प्रतियां, पिछले 05 वर्षों की एपीएआर (APAR) आदि संलग्न हों. आवेदन केवल पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से स्वीकार किए जाएंगे. अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट **<www.iwai.nic.in>** देखें.

EN 15/43 सचिव

## भारतीय भूमि पत्तन प्राधिकरण (एलपीएआई), गृह मंत्रालय

प्रथम तल, लोक नायक भवन, खान मार्केट, नई दिल्ली-110003

विज्ञापन संख्या ई-13012/1/2026/एलपीएआई /भर्ती/3795744 दिनांक 23-06-2026

भारतीय भूमि पत्तन प्राधिकरण (एलपीएआई) में विभिन्न पदों की भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित करने के लिए भर्ती अधिसूचना

भारतीय भूमि पतन प्राधिकरण (एलपीएआई) मुख्यालय, नई दिल्ली तथा विभिन्न स्थानों पर स्थित एकीकृत जांच चौकियों (आईसीपी) में निम्नलिखित पदों को प्रतिनियुक्ति आधार पर (जिसमें अल्पकालिक संविदा शामिल है) भरने हेतु आवेदन आमंत्रित करता है.

| क्रम संख्या | पद का नाम | वेतन मैट्रिक्स स्तर (7वां सीपीसी) | पदों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | सतर्कता अधिकारी | स्तर-13 | 01 |
| 2. | अवर सचिव | स्तर-11 | 01 |
| 3. | सहायक अभियंता (सिविल) * | स्तर-7 | 01 |
| 4. | निजी सचिव * | स्तर-7 | 01 |
| 5. | सहायक* | स्तर-6 | 05 |
| 6. | कनिष्ठ अभियंता (सिविल और इलेक्ट्रिकल)* | स्तर -6 | 04 |
| 7. | निजी सहायक * | स्तर-6 | 02 |
| | | उप-योग (A) | 15 |

एकीकृत जांच चौकियों (ICP) के लिए:

| क्रम संख्या | पद का नाम | वेतन मैट्रिक्स स्तर (7वां सीपीसी) | पदों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | मुख्य पत्तन प्रशासक | स्तर-13 | 02 |
| 2. | पत्तन प्रशासक | स्तर-11 | 03 |
| 3. | पत्तन कार्यकारी * | स्तर-6 | 43 |
| | | उप-योग (B) | 48 |
| | | कुल योग (A+B) | 63 |

* भर्ती विनियमों के अनुसार प्रतिनियुक्ति, जिसमें अल्पकालिक संविदा आधार शामिल है, पर इन पदों के लिए आवेदन आमंत्रित हैं.

2. योग्यता, अनुभव और अन्य निबंधन व शर्तों के विवरण https://mha.nic.in/vacancies और https://lpai.gov.in पर देखे जा सकते हैं.
3. नीचे दिए गए पते पर उचित माध्यम से आवेदन (निर्धारित प्रारूप में) प्राप्त करने की **अंतिम तारीख** 07-08-2026 है.

उप सचिव (सामान्य प्रशासन), एलपीएआई
Email: dsga-lpai@lpai.gov.in
Tel: No. 011-24340708

CBC 19142/11/0005/2627 EN 15/48

BRIC ILS INSTITUTE OF LIFE SCIENCES
a DBT Organization

## बीआरआईसी-जीवन विज्ञान संस्थान

भुवनेश्वर

(भारत सरकार के जैव प्रौद्योगिकी विभाग का एक स्वायत्त अनुसंधान संस्थान)

### वैज्ञानिक पदों हेतु विज्ञापन

विज्ञापन संख्याः 23/2026 दिनांकः 24.06.2026

बीआरआईसी-जीवन विज्ञान संस्थान (आईएलएस), भुवनेश्वर केवल पात्र भारतीय नागरिकों से **वैज्ञानिक-डी - 02 पद** (ओबीसी-01, एससी-01), **वैज्ञानिक-सी - 01 पद** (ईडब्ल्यूएस) तथा **वैज्ञानिक-बी - 02 पद** (अनारक्षित-01, ईडब्ल्यूएस-01) के लिए आवेदन आमंत्रित करता है.

विज्ञापन का विस्तृत विवरण एवं आवेदन प्रपत्र **www.ils.res.in** तथा **www.dbtindia.nic.in** पर उपलब्ध हैं.

पूर्ण आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि रोजगार समाचार में विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से **30 दिन** है.

EN 15/24 निदेशक

## भारतीय मानवविज्ञान सर्वेक्षण

संस्कृति मंत्रालय
भारत सरकार
ईएन-79, सेक्टर-V, साल्ट लेक सिटी, कोलकाता - 700091
वेबसाइटः www.ansi.gov.in

### परामर्शदाताओं की नियुक्ति

सेवानिवृत्त केंद्रीय सरकारी अधिकारियों से छह माह की अवधि के लिए दो परामर्शदाताओं की नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं. इनमें क्रमशः परामर्शदाता (श्रेणी-I) का एक पद तथा परामर्शदाता (श्रेणी-II) का एक पद शामिल है. नियम एवं शर्तें तथा आवेदन का प्रारूप सर्वेक्षण की वेबसाइट पर उपलब्ध है. इच्छुक अभ्यर्थी वेबसाइट **www.ansi.gov.in** से निर्धारित आवेदन प्रपत्र डाउनलोड कर, निर्धारित प्रारूप में विधिवत भरे हुए आवेदन के साथ प्रमाणपत्रों आदि की सत्यापित प्रतियां संलग्न कर विज्ञापन प्रकाशित होने की तिथि से **दो माह के भीतर निदेशक, भारतीय मानवविज्ञान सर्वेक्षण, मुख्यालय, ईएन-79, सेक्टर-V, साल्ट लेक, कोलकाता - 700091** को भेज सकते हैं.

निदेशक
भारतीय मानवविज्ञान सर्वेक्षण
ईएन-79, सेक्टर-V, साल्ट लेक, कोलकाता - 700091

EN 15/10 No.17-2/2011/Estt.(AB)(G)

Z-28015/45/2025-PMSSY-IV(8323809)

भारत सरकार

## स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

(पीएमएसएसवाई प्रभाग)

**कक्ष संख्या 12100, कर्तव्य भवन-1, नई दिल्ली-110001**

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार ने प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवाई) के अंतर्गत अवंतीपोरा (जम्मू और कश्मीर) और दरभंगा (बिहार) में प्रत्येक स्थान पर एम्स को राष्ट्रीय महत्व के संस्थान के रूप में स्थापित किया है. **उप निदेशक (प्रशासन)** के पद के लिए स्थानांतरण पर प्रतिनियुक्ति आधार पर नियुक्ति हेतु निर्धारित प्रोफॉर्मा में पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं, जैसा कि नीचे विवरण दिया गया हैः-

| क्र. सं. | पद का नाम | मूल वेतन (7वें सीपीसी के अनुसार) | प्रत्येक एम्स के लिए पदों की संख्या | एम्स, जिसके लिए पद भरा जाना है |
|---|---|---|---|---|
| 1. | उप निदेशक (प्रशासन) | लेवल-13 (रु. 123100-215900) | 01 | i. अवंतीपोरा (जम्मू और कश्मीर)<br>ii. दरभंगा (बिहार) |

2. पात्र उम्मीदवारों से आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि, **रोजगार समाचार** में विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से **45वां** दिन होगी.
3. विस्तृत विज्ञापन और आवेदन प्रारूप इस मंत्रालय की वेबसाइट **https://www.mohfw.gov.in** और **https://pmssy.mohfw.gov.in** पर उपलब्ध हैं और वहां से डाउनलोड किए जा सकते हैं. सभी प्रासंगिक प्रमाण-पत्रों की सत्यापित प्रतियों सहित निर्धारित प्रोफॉर्मा में विधिवत भरा हुआ आवेदन **श्री अरविंद ठाकुर, उप सचिव (पीएमएसएसवाई-IV), स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, कक्ष संख्या 12100, कर्तव्य भवन-1, नई दिल्ली-110001** को भेजा जाना है, लिफाफे पर **"नए एम्स में उप निदेशक (प्रशासन) के पद के लिए आवेदन"** अंकित करें.
4. **प्रतिनियुक्ति की अवधि**, जिसमें इस नियुक्ति से ठीक पहले उसी या किसी अन्य संगठन/विभाग में धारित किसी अन्य एक्स-कैडर पद में प्रतिनियुक्ति की अवधि शामिल है, सामान्यतः तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी. प्रतिनियुक्ति अवधि का कार्यकाल प्रारंभ में तीन वर्ष के लिए होगा.
5. **एम्स का आवंटनः** चयनित उम्मीदवारों की अंतिम पदस्थापना का स्थान मंत्रालय द्वारा तय किया जाएगा.
6. ऊपरी **आयु सीमाः** प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी.
7. **पात्रताः**

| पद का नाम | भर्ती नियम |
|---|---|
| उप निदेशक (प्रशासन) | केंद्र/राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकार/विश्वविद्यालयों/सांविधिक/स्वायत्त निकायों अथवा अनुसंधान एवं विकास संगठन के अधिकारी;<br>नियमित आधार पर अनुरूप पद धारण करने वाले.<br>**अथवा**<br>केंद्र सरकार में उप सचिव स्तर के अधिकारी अथवा समकक्ष, जिनकी वेतन मैट्रिक्स के लेवल-12 (रु. 78800-209200) (7वें सीपीसी के अनुसार)/(6ठे सीपीसी के अनुसार पूर्व-संशोधित ग्रेड पे रु. 7600/-) में 5 वर्ष की नियमित सेवा हो. |

उपरोक्त सेवा अवधि मानदंड और ऊपरी आयु सीमा के संदर्भ में पात्रता निर्धारित करने की निर्णायक तिथि पात्र उम्मीदवारों से आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि होगी.

8. इन पदों के साथ समान स्थिति वाले केंद्र सरकार के कर्मचारियों को स्वीकार्य सामान्य भत्ते तथा पीएमएसएसवाई के अंतर्गत नए एम्स के लिए स्वीकृत अन्य भत्ते देय होंगे.
9. निर्धारित योग्यता/पात्रता न्यूनतम आवश्यकता है और वही उम्मीदवार को चयन के लिए स्वतः पात्र नहीं बनाती. बायोडाटा के आधार पर उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्ट किया जाएगा और केवल शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा.
10. चयन की स्थिति में कार्यमुक्त किए जा सकने वाले पात्र अधिकारियों के आवेदन उचित माध्यम से अधोहस्ताक्षरी को ऊपर दिए गए पते पर रोजगार समाचार में इस विज्ञापन के प्रकाशन के **45 दिनों के भीतर** भेजे जा सकते हैं, साथ में (क) पिछले पांच (05) वर्षों के अद्यतन एपीएआर की सत्यापित प्रतियां; (ख) सतर्कता अनापत्ति प्रमाण-पत्र, जिसमें स्पष्ट रूप से यह दर्शाया गया हो कि संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कोई अनुशासनात्मक या आपराधिक कार्यवाही न तो लंबित है और न ही विचाराधीन है; (ग) यदि कोई हो, तो लगाए गए लघु/बृहद दंडों को दर्शाने वाला विवरण; और (घ) सत्यनिष्ठा प्रमाण-पत्र संलग्न हों. उम्मीदवारों को साक्षात्कार के समय अपने आवेदन में दिए गए विवरणों के प्रमाण के रूप में सभी प्रासंगिक मूल दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे. उचित माध्यम से प्राप्त न हुए आवेदन को साक्षात्कार के लिए विचार में नहीं लिया जा सकता है.
11. इस विज्ञापन में कोई भी संशोधन केवल पीएमएसएसवाई प्रभाग की वेबसाइट अर्थात **https://pmssy.mohfw.gov.in** पर प्रकाशित किया जाएगा.

उप सचिव
दूरभाषः 011-24013197/98

CBC 17101/11/0012/2627 EN 15/54

# SBI

केंद्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग, कॉर्पोरेट केंद्र, मुंबई
फोन: 022-22820427; ई-मेल: crpd@sbi.co.in

आवेदन करने के लिए क्यूआर स्कैन करें

## भारतीय स्टेट बैंक में नियमित आधार पर विशेषज्ञ संवर्ग अधिकारियों की भर्ती

**विज्ञापन सं.: CRPD/SCO/2026-27/02**

**आवेदन का ऑनलाइन पंजीकरण और शुल्क का ऑनलाइन भुगतान : 24.06.2026 से 14.07.2026 तक**

**भारतीय स्टेट बैंक नियमित आधार पर विशेषज्ञ संवर्ग अधिकारियों के निम्नलिखित पद पर नियुक्ति के लिए भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है. उम्मीदवारों से अनुरोध है कि बैंक की वेबसाइट https://sbi.bank.in/web/careers/current-openings पर दिए गए लिंक के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करें.**

(ए) पद / ग्रेड / रिक्ति / **आयु का विवरण:**

| क्र. सं. | पद का नाम | रिक्ति का प्रकार | श्रेणी | रिक्तियाँ | | | | | | पीडब्ल्यूबीडी (क्षैतिज)# | | | | आयु वर्ष में (31.05.2026 को) | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अ.जा. | अ.ज.जा. | अ. पि. व. | ईडब्ल्यूएस | यूआर | कुल | वीआई | एचआई | एलडी | डी एवं ई | न्यून. | अधि. |
| 1. | सहायक प्रबंधक (लॉ) | नियमित | जेएमजीएस-I | 3 | 1 | 5 | 2 | 9 | **20** | 1 | - | - | - | 25 | 32 |
| 2. | उप प्रबंधक (लॉ) | नियमित | एमएमजीएस II | 4 | 2 | 7 | 2 | 12 | **27** | 1 | 1 | - | - | 25 | 35 |
| | | बैकलॉग | | - | 2 | - | - | - | **2** | - | - | - | - | | |

**संक्षिप्ताक्षर : जेएमजीएस:** कनिष्ठ प्रबंधन ग्रेड स्केल, **एमएमजीएस** - मध्य प्रबंधन ग्रेड स्केल, **अ.जा.** - **अनुसूचित** जाति, अ.ज.जा.- अनुसूचित जनजाति, अ.पि.व.- अन्य पिछड़ा वर्ग (**नॉन-क्रीमी लेयर**), **ईडब्ल्यूएस:** आर्थिक रूप से दुर्बल वर्ग, **यूआर** - अनारक्षित;**पीडब्ल्यूबीडी**-बेंचमार्क विकलांगता वाले **व्यक्ति; वीआई**- दृष्टि बाधित, **एचआई** : श्रवण बाधित, एलडी : चलन नि:शक्तता,

**(बी) शैक्षिक योग्यता/प्रमाणन/कार्य अनुभव का विवरण**

| | |
|---|---|
| **पद संख्या/पद का नाम** | **सहायक प्रबंधक (लॉ)** |
| **मूल योग्यता (31.05.2026 को)** | **अनिवार्य:**<br>भारत के किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से लॉ की डिग्री या लॉ ग्रेजुएट।<br>**प्राथमिकता:**<br>भारत के किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से 5 साल का इंटीग्रेटेड लॉ कोर्स को प्राथमिकता दी जा सकती है। |
| **कार्य अनुभव (मूल योग्यता के बाद) (31.05.2026 को)** | **अनिवार्य:**<br>लॉ ग्रेजुएट जिन्होंने बार काउंसिल में एडवोकेट के तौर पर एनरोल किया है और जिन्हें प्रैक्टिसिंग एडवोकेट के तौर पर 02 साल का अनुभव है।<br>**या**<br>शेड्यूल कमर्शियल बैंकों के लीगल डिपार्टमेंट में लॉ ऑफिसर के तौर पर 02 साल का अनुभव।<br>**या**<br>शेड्यूल कमर्शियल बैंकों के लीगल डिपार्टमेंट में प्रैक्टिसिंग एडवोकेट और लॉ ऑफिसर के तौर पर कुल मिलाकर 02 साल का अनुभव।<br>**(यह अनुभव बार काउंसिल में एडवोकेट के तौर पर एनरोलमेंट के बाद का होना चाहिए)** |
| **पद संख्या/पद का नाम** | **उप प्रबंधक (लॉ)** |
| **मूल योग्यता (31.05.2026 को)** | **अनिवार्य:**<br>भारत के किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से लॉ की डिग्री या लॉ ग्रेजुएट।<br>**प्राथमिकता:**<br>भारत के किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से 5 साल का इंटीग्रेटेड लॉ कोर्स को प्राथमिकता दी जा सकती है। |
| **कार्य अनुभव (मूल योग्यता के बाद) (31.05.2026 को)** | **अनिवार्य:**<br>लॉ ग्रेजुएट जिन्होंने बार काउंसिल में एडवोकेट के तौर पर एनरोल किया है और जिन्हें प्रैक्टिसिंग एडवोकेट के तौर पर 04 साल का अनुभव है।<br>**या**<br>शेड्यूल कमर्शियल बैंकों के लीगल डिपार्टमेंट में लॉ ऑफिसर के तौर पर 04 साल का अनुभव।<br>**या**<br>शेड्यूल कमर्शियल बैंकों के लीगल डिपार्टमेंट में प्रैक्टिसिंग एडवोकेट और लॉ ऑफिसर के तौर पर कुल मिलाकर 04 साल का अनुभव।<br>**(यह अनुभव बार काउंसिल में एडवोकेट के तौर पर एनरोलमेंट के बाद का होना चाहिए)** |

**सी. पारिश्रमिक / चयन प्रक्रिया :**

| क्र.सं. | पद का नाम | श्रेणी | वेतन-मान | चयन प्रक्रिया |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सहायक प्रबंधक (लॉ) | जेएमजीएस-I | मूल वेतन: 48480-2000/7-62480-2340/2-67160-2680/7-85920 | ऑनलाइन लिखित परीक्षा और साक्षात्कार |
| 2. | उप प्रबंधक (लॉ) | एमएमजीएस-II | मूल वेतन: 64820-2340/1-67160-2680/10-93960 | |

**टिप्पणी:** अधिकारी समय-समय पर लागू नियमों के अनुसार मंहगाई भत्ते, एचआरए, सीसीए, भविष्य निधि, अंशदायी पेंशन निधि अर्थात् एनपीएस, एलएफसी, चिकित्सा सुविधा, छुट्टी और बैंक की वेतन संरचना के अनुसार वेतन और भत्ते के लिए पात्र होंगे।

**आवेदन शुल्क (गैर-वापसी योग्य): सामान्य, ओबीसी, ईडब्ल्यूएस के लिए 750/- रुपये और अजा/अजजा/पीडब्ल्यूडी उम्मीदवारों के लिए कोई शुल्क नहीं।**

जॉब प्रोफाइल और केआरए, आवेदन कैसे करें, ऑनलाइन आवेदन भरने के लिए दिशानिर्देश, शुल्क के भुगतान के लिए दिशानिर्देश, दस्तावेज कैसे अपलोड करें, चयन प्रक्रिया, सामान्य जानकारी आदि के विवरण संबंधित विज्ञापनों में दिए गए हैं जो बैंक की वेबसाइट **https://sbi.bank.in/web/careers/current-openings** पर उपलब्ध है। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन करने से पहले विस्तृत विज्ञापन ध्यान से पढ़ लें।

किसी भी प्रश्न के लिए, कृपया हमें **"CONTACT US"** लिंक के माध्यम से लिख भेजें, जो बैंक की वेबसाइट यूआरएल - **https://sbi.bank.in/web/careers/post-your-query** पर उपलब्ध है.

**छपाई त्रुटियाँ, यदि कोई हो, उसके लिए बैंक उत्तरदायी नहीं होगा.**

**मुंबई**
**तिथि: 24.06.2026**

**महाप्रबंधक (आरपी एंड पीएम)**

**EN 15/56**

आवेदन करने के लिए क्यूआर स्कैन करें

# SBI

केंद्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग, कॉरपोरेट केंद्र, मुंबई

फोन: 022-22820427; ई-मेल: crpd@sbi.co.in

## भारतीय स्टेट बैंक में नियमित आधार पर विशेषज्ञ संवर्ग अधिकारियों की भर्ती

## विज्ञापन सं.: CRPD/SCO/2026-27/03

### आवेदन का ऑनलाइन पंजीकरण और शुल्क का ऑनलाइन भुगतान : 24.06.2026 से 14.07.2026 तक

**भारतीय स्टेट बैंक नियमित आधार पर विशेषज्ञ संवर्ग अधिकारियों के निम्नलिखित पद पर नियुक्ति के लिए भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है. उम्मीदवारों से अनुरोध है कि बैंक की वेबसाइट https://sbi.bank.in/web/careers/current-openings पर दिए गए लिंक के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करें.**

**(ए) आयु (31.05.2026 तक): अधिकतम 35 वर्ष।**

**(बी) पोस्ट / ग्रेड: बैंक मेडिकल ऑफिसर / एमएमजीएस-II**

**(सी) रिक्ति का विवरण:**

| मंडल | भाषा | अ. जा. | अ. ज. जा. | अ. पि. व. | ईडब्ल्यूएस | यूआर | कुल | पीडब्ल्यूबीडी | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | वी आई | एच आई | एल डी | डी एंड ई |
| बेंगलुरु | कन्नड़ | – | – | – | – | 1 | **1** | – | – | 1 | – |
| भोपाल | हिंदी | – | – | – | – | 1 | **1** | – | – | 1 | – |
| भुवनेश्वर | उड़िया | – | – | 1 | – | 3 | **4** | – | – | 1 | – |
| चंडीगढ़ | उर्दू, हिंदी, पंजाबी | – | – | – | – | 1 | **1** | – | – | 1 | – |
| चेन्नई | तमिल | – | – | – | – | 2 | **2** | – | – | 1 | – |
| गांधीनगर | गुजराती | – | – | – | – | 1 | **1** | – | – | 1 | – |
| गुवाहाटी | असमिया, बंगाली, बोडो, मणिपुरी, गारो, खासी, मीज़ो, कोकबोरोक, $अंग्रेज़ी | – | – | – | – | 2 | **2** | – | – | 1 | – |
| हैदराबाद | तेलुगू / उर्दू | – | – | – | – | 1 | **1** | – | – | 1 | – |
| जयपुर | हिंदी | – | – | 1 | – | 3 | **4** | – | – | 1 | – |
| लखनऊ | हिंदी/ उर्दू | – | – | 1 | – | 5 | **6** | – | – | 1 | – |
| महाराष्ट्र | मराठी | – | – | 1 | – | 5 | **6** | – | – | 1 | – |
| मुंबई महानगर | मराठी, कोंकणी | – | – | – | – | 1 | **1** | – | – | 1 | – |
| पटना | हिंदी | – | – | – | – | 3 | **3** | – | – | 1 | – |
| तिरुवनंतपुरम | मलयालम | – | – | – | – | 2 | **2** | – | – | 1 | – |
| | **कुल** | **0** | **0** | **4** | **0** | **31** | **35** | **0** | **0** | **14** | **0** |

**$**केवल उन उम्मीदवारों के लिए लागू है **जिन्होंने नागालैंड और/या अरुणाचल प्रदेश राज्यों में स्थित किसी भी स्कूल से एक विषय के रूप में अंग्रेजी का अध्ययन और उत्तीर्ण किया है**

**(बी) शैक्षिक योग्यता/प्रमाणन/कार्य अनुभव का विवरण**

| **पद संख्या/पद का नाम** | **बैंक मेडिकल अधिकारी (बीएमओ-II)** |
|---|---|
| **मूल योग्यता (31.05.2026 को)** | **अनिवार्य:**<br>राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी)/राज्य चिकित्सा परिषद द्वारा अनुमोदित किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / कॉलेज से एमबीबीएस।<br>**प्राथमिकता:**<br>एमडी / एमएस या इसके समकक्ष पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा या पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री। |
| **कार्य अनुभव (मूल योग्यता के बाद) (31.05.2026 को)** | **अनिवार्य:**<br>**(क) एमबीबीएस डिग्री रखने वाले :** व्यक्ति राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी)/राज्य चिकित्सा परिषद में पंजीकरण की तारीख से पात्रता की तारीख के अनुसार सामान्य चिकित्सक के रूप में न्यूनतम 5 वर्ष का अनुभव। (इंटर्नशिप के दौरान प्राप्त अनुभव को पात्रता के लिए नहीं गिना जाएगा)।<br>**(ख) स्नातकोत्तर डिग्री रखने वाले :** व्यक्ति राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी)/राज्य चिकित्सा परिषद के साथ पंजीकरण की तारीख से पात्रता की तारीख के अनुसार सामान्य चिकित्सक के रूप में न्यूनतम 3 वर्ष का अनुभव। (इंटर्नशिप के दौरान प्राप्त अनुभव को पात्रता के लिए नहीं गिना जाएगा) |
| **भाषा प्रवीणता** | किसी विशेष सर्कल / कार्यालय की रिक्तियों के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को उस सर्कल / कार्यालय स्थान की निर्दिष्ट स्थानीय भाषाओं में से किसी एक में कुशल (पढ़ना, लिखना और समझना) होना चाहिए। एप्लाइड सर्कल की निर्दिष्ट चुनी गई स्थानीय भाषा के ज्ञान का परीक्षण चयन प्रक्रिया के एक भाग के रूप में आयोजित किया जाएगा। जो उम्मीदवार इस परीक्षा को उत्तीर्ण करने में विफल रहता है, उसे नियुक्ति की पेशकश नहीं की जाएगी। जो उम्मीदवार 10 वीं या 12 वीं कक्षा की मार्कशीट / प्रमाण पत्र प्रस्तुत करते हैं, जो विषयों में से एक के रूप में लागू सर्कल / कार्यालय स्थान की निर्दिष्ट चुनी गई स्थानीय भाषा का अध्ययन करने के प्रमाण पत्र का उत्पादन करते हैं, उन्हें भाषा परीक्षा से गुजरने की आवश्यकता नहीं होगी। |

**सी. पारिश्रमिक / चयन प्रक्रिया :**

| **क्र.सं.** | **पद का नाम** | **श्रेणी** | **वेतन-मान** | **चयन प्रक्रिया** |
|---|---|---|---|---|
| 1. | बैंक मेडिकल अधिकारी (बीएमओ-II) | एमएमजीएस-II | मूल वेतन: 64820-2340/1-67160-2680/10-93960<br>(अधिकारी समय-समय पर लागू नियमों के अनुसार महंगाई भत्ते, एचआरए, सीसीए, भविष्य निधि, अंशदायी पेंशन निधि अर्थात् एनपीएस, एलएफसी, चिकित्सा सुविधा, छुट्टी और बैंक की वेतन संरचना के अनुसार वेतन और भत्ते के लिए पात्र होंगे।) | ऑनलाइन लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के बाद स्थानीय भाषा प्रवीणता परीक्षा (एलएलपीटी) |

- अधिकारी मूल वेतन के @ 20% गैर-अभ्यास भत्ते के लिए पात्र होंगे।
- वेतनमान में उच्च शुरुआत: स्नातकोत्तर डिप्लोमा की योग्यता पर एक वेतन वृद्धि और एमएस या एमडी या इसके समकक्ष की योग्यता पर दो वेतनवृद्धि।
- बीएमओ को निजी प्रैक्टिस करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। बीएमओ को अपने ज्ञान और कौशल को अद्यतन करने के लिए मामले की अलग-अलग समीक्षा के आधार पर अनुमोदन के अध्यधीन एक स्थानीय चिकित्सा सम्मेलन और एक राष्ट्रीय चिकित्सा सम्मेलन में भाग लेने की अनुमति दी जा सकती है।

**आवेदन शुल्क (गैर-वापसी योग्य): सामान्य, ओबीसी, ईडब्ल्यूएस के लिए 750/- रुपये और अजा/अजजा/पीडब्ल्यूडी उम्मीदवारों के लिए कोई शुल्क नहीं।**

जॉब प्रोफाइल और केआरए, आवेदन कैसे करें, ऑनलाइन आवेदन भरने के लिए दिशानिर्देश, शुल्क के भुगतान के लिए दिशानिर्देश, दस्तावेज कैसे अपलोड करें, चयन प्रक्रिया, सामान्य जानकारी आदि के विवरण संबंधित विज्ञापनों में दिए गए हैं जो बैंक की वेबसाइट **https://sbi.bank.in/web/careers/current-openings** पर उपलब्ध है। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन करने से पहले विस्तृत विज्ञापन ध्यान से पढ़ लें।

किसी भी प्रश्न के लिए, कृपया हमें **"CONTACT US"** लिंक के माध्यम से लिख भेजें, जो बैंक की वेबसाइट यूआरएल - **https://sbi.bank.in/web/careers/post-your-query** पर उपलब्ध है.

**छपाई त्रुटियाँ, यदि कोई हो, उसके लिए बैंक उत्तरदायी नहीं होगा.**

**मुंबई**

**तिथि: 24.06.2026** **महाप्रबंधक (आरपी एंड पीएम)**

# भारतीय रिज़र्व बैंक सर्विसेज़ बोर्ड
# RESERVE BANK OF INDIA SERVICES BOARD

विज्ञापन संख्या RBISB/DA/02/2026-27

## भारतीय रिज़र्व बैंक में पूर्णकालिक अनुबंध आधार पर साइट इंजीनियरों की लैटरल भर्ती

भारतीय रिज़र्व बैंक सर्विसेज़ बोर्ड, जिसे इसके बाद बोर्ड के रूप में दर्शाया गया है, भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई/बैंक) में नीचे दिए गए पदों के लिए पूर्णकालिक अनुबंध के आधार पर साइट इंजीनियरों की नियुक्ति हेतु पात्र उम्मीदवारों से **''ऑनलाइन आवेदन''** आमंत्रित करता है:

| क्र. सं. | पद का नाम | स्तर (समतुल्य ग्रेड) | रिक्तियों की संख्या | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | सामा/ अना | ईडब्ल्यूएस | अपिव@ | अजा | अजजा | कुल | दिव्यांगजन# | | | |
| | | | | | | | | | ए | बी | सी | डी |
| | विभाग का नाम -परिसर विभाग, केंद्रीय कार्यालय | | | | | | | | | | | |
| 1 | परामर्शदाता साइट इंजीनियर (सिविल) | स्तर - 2 (ग्रेड 'बी') | 1 | - | - | - | - | **1** | - | - | - | - |
| 2 | परामर्शदाता साइट इंजीनियर (सिविल) | स्तर - 3 (ग्रेड 'सी') | 5 | - | 1 | - | - | **6** | - | - | - | - |
| 3 | परामर्शदाता साइट इंजीनियर (इलेक्ट्रिकल) | स्तर - 3 (ग्रेड 'सी') | 1 | - | - | - | - | 1 | - | - | - | - |
| | कुल | - | 7 | - | **1** | - | - | 8 | - | - | - | - |

***संक्षिप्ताक्षरः** सामा/अना सामान्य/अनारक्षित; ईडब्ल्यूएस - आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग; अपिव अन्य पिछड़ा वर्ग; अजा - अनुसूचित जाति; अजजा - अनुसूचित जनजाति*

**@** भर्ती में **अपिव के लिए आरक्षण** कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी), कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा दिनांक 08 सितंबर 1993 को जारी कार्यालय ज्ञापन संख्या **36012/22/93-Estt. (SCT)** (समय-समय पर यथासंशोधित) द्वारा शासित है।

'क्रीमी लेयर' में आने वाले अपिव उम्मीदवार अपिव आरक्षण के हकदार नहीं हैं वे अपनी श्रेणी सामान्य (सामा) के रूप में दर्शाएं उक्त श्रेणी के तहत आरक्षण का दावा करने वाले अपिव उम्मीदवारों को वित्तीय वर्ष (वित्त) 2025-2026, 2024-2025 और 2023-2024 की आय के आधार पर 01 अप्रैल 2026 को या उसके बाद (वित्तीय वर्ष 2025-26 के पूरा होने के बाद का) लेकिन पदों के लिए आवेदन की अंतिम तिथि के बाद का नहीं, जारी किया हुआ अपिव (नॉन-क्रीमी लेयर) प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। आरक्षण का लाभ लेने के अपने दावे के समर्थन में उम्मीदवारों के पास पदों के लिए आवेदन की अंतिम तिथि अर्थात् ***20 जुलाई 2026*** को/उससे पहले का निर्धारित प्रारूप में अपेक्षित अपिव प्रमाण पत्र होना चाहिए।

**#** कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी), भारत सरकार द्वारा दिनांक 15 जनवरी 2018 को जारी कार्यालय ज्ञापन सं. **36035/02/2017-Estt (Res)** के अनुसार भर्ती में 'दिव्यांगजनों के लिए आरक्षण' के अंतर्गत दिव्यांगताओं/अक्षमताओं की चार श्रेणियां निम्नानुसार हैं:

| | |
|---|---|
| [क] | (क) दृष्टिबाधित तथा अल्प दृष्टि |
| [ख] | (ख) बधिर तथा ऊंचा सुनना |
| [ग] | (ग) गतिविषयक दिव्यांगता सहित प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात, कुष्ठ रोग उपचारित, बौनापन, तेजाबी हमले से पीड़ित तथा पेशीय दुर्विकास |
| [घ] | (घ) स्वपरायणता, बौद्धिक अक्षमता, विशिष्ट अधिगम अक्षमता तथा मानसिक रुग्णता;<br>(ङ) खंड (क) से (घ) के अंतर्गत व्यक्तियों में से बहुविध दिव्यांगता / अक्षमता, जिसमें बहरापन-अंधापन भी शामिल है |

**टिप्पणी-I: (दिव्यांगजन उम्मीदवारों के लिए):**

क) जिन पदों के लिए कोई आरक्षण उपलब्ध नहीं है, दिव्यांगजन उम्मीदवार पद के लिए उनकी उपयुक्तता के अध्यधीन केवल आयु में छूट के अतिरिक्त बिना किसी अन्य छूट के आवेदन कर सकते हैं। बैंक ने निम्नलिखित श्रेणियों को कार्यात्मक अपेक्षाओं सहित इस पद के लिए उपयुक्तता हेतु चिन्हित किया है। इसलिए, केवल निम्नलिखित श्रेणियों के दिव्यांगजन उम्मीदवार ही इन पदों के लिए आवेदन करने के लिए पात्र हैं:

| पद का नाम | कार्यात्मक अपेक्षाएँ* | बेंचमार्क दिव्यांगताओं की उपयुक्त श्रेणी** |
|---|---|---|
| परामर्शदाता साइट इंजीनियर (सिविल) (स्तर 2 तथा स्तर 3) | एस, एसटी, डब्ल्यू, बीएन, एल, केसी, एमएफ़, आरडब्ल्यू, एसई, एच, सी | ए) - |
| | | बी) डी,एचएच |
| | | सी) ओए, ओएल, एसडी/एसआई, सीपी, एलसी, डीडब्ल्यू, एएवी |
| | | डी) एसएलडी, एमआई |
| | | ई) उपर्युक्त (बी) से (डी) को शामिल करते हुए एमडी |
| परामर्शदाता साइट इंजीनियर (इलेक्ट्रिकल) (स्तर 3) | एस, एसटी, डब्ल्यू, बीएन, एमएफ़, आरडब्ल्यू, एसई, एच | ए) - |
| | | बी) डी,एचएच |
| | | सी) ओए, ओएल,एसडी/एसआई, सीपी, एलसी, डीडब्ल्यू, एएवी |
| | | डी) एएसडी(एम), एसएलडी, एमआई |
| | | ई) उपर्युक्त (बी) से (डी) को शामिल करते हुए एमडी |

*** कार्यात्मक अपेक्षाएं**

एस = बैठना, एसटी= खड़ा होना, डब्ल्यू = चलना, बीएन = झुकना, एल = उठाना, केसी = क्निलिंग एंड क्राउचिंग, एमएफ = अंगुलियों द्वारा निष्पादन, आरडब्ल्यू = पढ़ना तथा लिखना, एसई = देखना, एच = सुनना, सी = वार्तालाप/संप्रेषण।

****उपयोग किए गए श्रेणी संक्षिप्ताक्षर**

डी= बहरापन, एचएच = ऊंचा सुनना, ओए = एक बांह प्रभावित, ओएल = एक पैर प्रभावित, एसडी = स्पाइनल डिफोर्मिटी, एसआई = स्पाइनल चोट, सीपी = सेरेबरल पालसी, एलसी = कुष्ठ रोग उपचारित, डीडब्ल्यू = बौनापन, एएवी= तेजाब हमले से पीड़ित, एसएलडी = विशिष्ट लर्निंग अक्षमता, एमआई = मानसिक रुग्णता, एमडी= बहुविध अक्षमता, एएसडी= औटिज्म स्पेक्ट्रम डिसॉर्डर (एम=माइल्ड)।

ख) दिव्यांगजन उम्मीदवार किसी भी श्रेणी (अर्थात् सामान्य/अजा/अजजा/अपिव/ईडब्ल्यूएस) से संबंधित हो सकते है दिव्यांगजनों के लिए आरक्षण क्षैतिज है और पदों के लिए कुल रिक्तियों के भीतर है, **बशर्ते कि पदों को ऐसी दिव्यांगताओं** के लिए उपयुक्त माना गया हो।

ग) दिव्यांगजन उम्मीदवारों के पास इस आवेदन की समाप्ति की दिनांक से पहले 'दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016'(आरपीडब्ल्यूडी अधिनियम, 2016) के अनुसार निर्धारित सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी **नवीनतम** स्थाई दिव्यांगता प्रमाण पत्र होना चाहिए। ऐसे प्रमाण पत्र का सत्यापन/पुनः सत्यापन किया जाएगा, जैसा कि बोर्ड/सक्षम प्राधिकारी द्वारा तय किया जाए।

घ) **डीओपीटी द्वारा दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग (डीईपीडब्ल्यूडी) के साथ परामर्श से जारी 19 मई 2023 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 36035/8/2023-Estt. (Res-II) में सूचना दी गई है कि अस्थाई दिव्यांगता प्रमाण पत्र के आधार पर स्थायी नौकरियों में आरक्षण का लाभ प्रदान करना उचित नहीं है, क्योंकि इससे उन वास्तविक लोगों पर बुरा प्रभाव पड़ेगा जिनकी बेंचमार्क दिव्यांगता ऐसी है जिसे ठीक नहीं किया जा सकता और जिन्हें स्थायी दिव्यांगता है।**

इसके अलावा, डीईपीडब्ल्यूडी से 17 दिसंबर, 2025 के ओएम नंबर 18-25/2024- पॉलिसी के तहत मिले स्पष्टीकरण को ध्यान में रखते हुए, उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे ध्यान दें कि अस्थायी विकलांगता श्रेणी के तहत जिसमें ``सुधार आने की संभावना है'' वाली विकलांगता स्थितियां आरक्षण के लिए पात्र नहीं हैं विकलांगता स्थितियां अर्थात ``प्रोग्रेसिव (बढ़ने वाली), नॉन-प्रोग्रेसिव (न बढ़ने वाली) या जिसमें सुधार की संभावना नहीं है'' आरक्षण के लिए पात्र होंगी। यदि किसी उम्मीदवार द्वारा प्रस्तुत किए गए विकलांगता प्रमाण पत्र में केवल अस्थायी विकलांगता का उल्लेख है और यह नहीं बताया गया है कि अस्थायी विकलांगता में ``सुधार की संभावना है'' या ``प्रोग्रेसिव, नॉन-प्रोग्रेसिव या जिसमें सुधार की संभावना नहीं है'' है, तो उम्मीदवार को एक नया विकलांगता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा जिसमें अस्थायी विकलांगता की प्रकृति को ``जिसमें सुधार की संभावना है'' या ``प्रोग्रेसिव, नॉन-प्रोग्रेसिव या जिसमें सुधार की संभावना नहीं है`` के रूप में बताया गया हो।

**टिप्पणी II:** जो उम्मीदवार अजा/अजजा/अपिव/दिव्यांगजन/ईडब्ल्यूएस/भूतपूर्व सैनिकों के लिए उपलब्ध आरक्षण/छूट के लाभ लेने के इच्छुक हैं, उन्हें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे निर्धारित पात्रता के अनुसार ऐसे आरक्षण/छूट के पात्र हैं उनके पास ऐसे लाभों के समर्थन में सभी आवश्यक प्रमाणपत्रों का निर्धारित प्रारूप में होना अपेक्षित है। ये प्रमाण पत्र पदों के लिए आवेदन की अंतिम तिथि से पूर्व या उसी दिनांक तक के होने चाहिए। विभिन्न श्रेणियों के तहत आरक्षण परिणाम के अंतिम निर्धारण के समय मौजूदा सरकारी दिशानिर्देशों के अनुसार होगा।

(शेष पृष्ठ 19 पर)

(पृष्ठ 18 का शेष)

| विस्तृत सूचना | | |
|---|---|---|
| क्र. सं. | ब्योरे | टिप्पणियाँ |
| | | **महत्वपूर्ण दिनांक** |
| 1 | ऑनलाइन आवेदनों के पंजीकरण और आवेदन शुल्क/ सूचना प्रभार के भुगतान के लिए विंडो | **कार्य/गतिविधि** — **महत्वपूर्ण दिनांक****<br>खुलने का दिनांक — 29 जून, 2026<br>समाप्ति का दिनांक — 20 जुलाई, 2026 (शाम 6:00 बजे तक)<br>*** बोर्ड के पास इन दिनांकों में किसी भी तरह के परिवर्तन करने का अधिकार है।* |
| | | **अहर्ता मानदंड (01 जून 2026 की स्थिति अनुसार)** |
| 2 | राष्ट्रीयता | उम्मीदवार को या तो :<br>(i) भारत का नागरिक होना चाहिए, अथवा<br>(ii) नेपाल की प्रजा, अथवा<br>(iii) भूटान की प्रजा, अथवा<br>(iv) ऐसा तिब्बती शरणार्थी जो भारत में स्थायी रूप से बसने के इरादे से 1 जनवरी 1962 से पहले भारत आ गया हो, अथवा<br>(v) कोई भारतीय मूल का व्यक्ति जो भारत में स्थायी रूप से बसने के इरादे से पाकिस्तान, बर्मा, श्रीलंका, पूर्वी अफ्रीकी देशों केन्या, युगांडा, संयुक्त गणराज्य तंजानिया, जाम्बिया, मालावी, जायरे, इथियोपिया तथा वियतनाम से प्रव्रजन करके आया हो।<br>परंतु यदि उम्मीदवार उक्त (ii), (iii), (iv) तथा (v) में से किसी श्रेणी से हो तो उनके पक्ष में भारत सरकार द्वारा जारी किया गया पात्रता प्रमाण-पत्र होना चाहिए।<br>ऐसे उम्मीदवार को भी साक्षात्कार में प्रवेश दिया जा सकता है जिसके मामले में पात्रता प्रमाण-पत्र आवश्यक हो किंतु उसे नियुक्ति प्रस्ताव भारत सरकार द्वारा इस संबंध में पात्रता प्रमाण-पत्र जारी किए जाने के बाद ही भेजा जा सकता है। |
| 3 | | **3.आयु/शैक्षणिक योग्यता/कार्य अनुभव/कार्य स्वरूप/कार्य स्थान का पदवार ब्यौरा** |
| | **पद संख्या/पद का नाम** | **1. परामर्शदाता साइट इंजीनियर (सिविल) (स्तर - 2)** |
| | **आयु** | न्यूनतम - 40 वर्ष<br>अधिकतम - 65 वर्ष |
| | **शैक्षणिक योग्यता** | **आवश्यक:** बैचलर ऑफ टेक्नोलॉजी (बी.टेक) या सिविल विषय में इसके समतुल्य हो।<br>**वांछनीय:** मास्टर ऑफ टेक्नोलॉजी (एम.टेक) या सिविल विषय में इसके समतुल्य हो। |
| | **कार्य अनुभव** | **आवश्यक@ :** भवनों के निर्माण और प्रोजेक्ट प्रबंधन में कम से कम 15 साल का अनुभव होना चाहिए। इसमें से कम से कम 5 साल का अनुभव सीपीडब्ल्यूडी, सीपीएसयू, ऐसी ही सरकारी संस्थाओं में सहायक कार्यपालक इंजीनियर या उससे ऊपर के पद पर किया होना चाहिए और सिविल कार्यों का लंबा अनुभव होना चाहिए।<br>**वांछनीय:** सार्वजनिक क्षेत्र या संस्थागत निर्माण प्रोजेक्ट्स को पूरा करने और उनकी देखरेख का सफल अनुभव; संविदा प्रबंधन, निविदा प्रक्रिया और गुणवत्ता आश्वासन प्रणाली की जानकारी; प्रोजेक्ट मैनेजमेंट टूल्स, रिपोर्ट लेखन और डॉक्यूमेंटेशन में कुशलता होनी आवश्यक है। |
| | **कार्य स्वरूप** | साइट इंजीनियर की भूमिका में योजना के चरण में सहयोग देना शामिल है, जिसमें सांविधिक प्राधिकारियों के साथ समन्वय बनाना, साइट पर तकनीकी पर्यवेक्षण करना, सही गुणवत्ता नियंत्रण सुनिश्चित करना और मंजूर किए गए ड्रॉइंग/ स्पेसिफिकेशन/ संरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करना इसमें शामिल है। इसमें कमियों, गड़बड़ियों और देरी का तुरंत पता लगाकर रिपोर्ट करना और लागत, समय और गुणवत्ता का अनुपालन सुनिश्चित करके बैंक के हितों की रक्षा करना भी शामिल है। |
| | **कार्य का स्थान#** | रायपुर |
| | **पद संख्या/पद का नाम** | **2. परामर्शदाता साइट इंजीनियर (सिविल) (स्तर - 3)** |
| | **आयु** | न्यूनतम - 40 वर्ष<br>अधिकतम - 65 वर्ष |
| | **शैक्षणिक योग्यता** | **आवश्यक:** बैचलर ऑफ टेक्नोलॉजी (बी.टेक) या सिविल विषय में इसके समतुल्य हो।<br>**वांछनीय:** मास्टर ऑफ टेक्नोलॉजी (एम.टेक) या सिविल विषय में इसके समतुल्य हो। |
| | **कार्य अनुभव** | **आवश्यक@ :** भवनों के निर्माण और प्रोजेक्ट प्रबंधन में कम से कम 15 साल का अनुभव होना चाहिए। इसमें से कम से कम 5 साल का अनुभव सीपीडब्ल्यूडी, सीपीएसयू, ऐसी ही सरकारी संस्थाओं में कार्यपालक इंजीनियर या उससे ऊपर के पद पर किया होना चाहिए और सिविल कार्यों का लंबा अनुभव होना चाहिए।<br>**वांछनीय:** सार्वजनिक क्षेत्र या संस्थागत निर्माण प्रोजेक्ट्स को पूरा करने और उनकी देखरेख का सफल अनुभव; संविदा प्रबंधन, निविदा प्रक्रिया और गुणवत्ता आश्वासन प्रणाली की जानकारी; प्रोजेक्ट मैनेजमेंट टूल्स, रिपोर्ट लेखन और डॉक्यूमेंटेशन में कुशलता होनी आवश्यक है। |
| | **कार्य स्वरूप** | साइट इंजीनियर की भूमिका में योजना के चरण में सहयोग देना शामिल है, जिसमें सांविधिक प्राधिकारियों के साथ समन्वय बनाना, साइट पर तकनीकी पर्यवेक्षण करना, सही गुणवत्ता नियंत्रण सुनिश्चित करना और मंजूर किए गए ड्रॉइंग/ स्पेसिफिकेशन/ संरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करना इसमें शामिल है। इसमें कमियों, गड़बड़ियों और देरी का तुरंत पता लगाकर रिपोर्ट करना और लागत, समय और गुणवत्ता का अनुपालन सुनिश्चित करके बैंक के हितों की रक्षा करना भी शामिल है। |
| | **कार्य का स्थान#** | चंडीगढ़/ जम्मू/ लखनऊ/ मुंबई<br>टिप्पणी: उम्मीदवारों से यह अपेक्षित है कि आवेदन में क्रम अनुसार कार्य स्थान की प्राथमिकता को दर्शाएँ। |
| | **पद संख्या/पद का नाम** | **3. परामर्शदाता साइट इंजीनियर (इलेक्ट्रिकल) (स्तर - 3)** |
| | **आयु** | न्यूनतम - 40 वर्ष<br>अधिकतम - 65 वर्ष |
| | **शैक्षणिक योग्यता** | **आवश्यक:** बैचलर ऑफ टेक्नोलॉजी (बी.टेक) या इलेक्ट्रिकल विषय में इसके समतुल्य हो।<br>**वांछनीय:** मास्टर ऑफ टेक्नोलॉजी (एम.टेक) या इलेक्ट्रिकल विषय में इसके समतुल्य हो। |
| | **कार्य अनुभव** | **आवश्यक@ :** भवनों के निर्माण और प्रोजेक्ट प्रबंधन में कम से कम 15 साल का अनुभव होना चाहिए। इसमें से कम से कम 5 साल का अनुभव सीपीडब्ल्यूडी, सीपीएसयू, ऐसी ही सरकारी संस्थाओं में कार्यपालक इंजीनियर या उससे ऊपर के पद पर किया होना चाहिए, और इलेक्ट्रिकल कार्यों का लंबा अनुभव होना चाहिए।<br>**वांछनीय:** सार्वजनिक क्षेत्र या संस्थागत निर्माण प्रोजेक्ट्स को पूरा करने और उनकी देखरेख का सफल अनुभव; संविदा प्रबंधन, निविदा प्रक्रिया और गुणवत्ता आश्वासन प्रणाली की जानकारी; प्रोजेक्ट मैनेजमेंट टूल्स, रिपोर्ट लेखन और डॉक्यूमेंटेशन में कुशलता होनी आवश्यक है। |
| | **कार्य स्वरूप** | साइट इंजीनियर की भूमिका में योजना के चरण में सहयोग प्रदान करना शामिल है, जिसमें सांविधिक प्राधिकारियों के साथ समन्वय बनाना, साइट पर तकनीकी पर्यवेक्षण करना, सही गुणवत्ता नियंत्रण सुनिश्चित करना और मंजूर किए गए ड्रॉइंग/ स्पेसिफिकेशन/ संरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करना इसमें शामिल है। इसमें कमियों, गड़बड़ियों और देरी का तुरंत पता लगाकर रिपोर्ट करना और लागत, समय और गुणवत्ता का अनुपालन सुनिश्चित करके बैंक के हितों की रक्षा करना भी शामिल है। |
| | **कार्य का स्थान#** | मुंबई |
| | @ ऐसी ही सरकारी संस्थाओं में अनुभव का मतलब है राज्य पीडब्ल्यूडी, राज्य पीएसयू, राज्य सरकार के संगठनों आदि में अनुभव।<br># चुने गए उम्मीदवारों को बैंक की आवश्यकताओं के अनुरूप बैंक के किसी भी प्रोजेक्ट में तैनात किया जा सकता है, चाहे उम्मीदवार ने कार्य का कोई भी स्थान चुना हो। अनुबंध की अवधि के दौरान, बैंक अपने विवेक से चुने गए उम्मीदवार(रों) को भारत में किसी भी केंद्र पर मौजूद कार्यालय में तैनात कर सकता है। अगर किसी दूसरे केंद्र पर लंबे समय के लिए तैनाती होती है, तो वेतन में आवास भत्ते में तैनाती वाले स्थान के अनुसार बैंक के निर्णय द्वारा वृद्धि या कमी की जा सकती है। | |

(शेष पृष्ठ 20 पर)

(पृष्ठ 19 का शेष)

| | | |
|---|---|---|
| | **टिप्पणी :**<br>(i) चुने गए उम्मीदवारों को उनके पिछले संगठन से 'लियन/ सेकेंडमेंट' के आधार पर बैंक में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।<br>(ii) ध्यान दें कि भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में पात्रता मानदंडों में छूट के लिए उम्मीदवारों के किसी भी अनुरोध पर बैंक द्वारा विचार नहीं किया जाएगा।<br>(iii) उम्मीदवार के पास भारत में केंद्रीय या राज्य विधानमंडल के किसी अधिनियम द्वारा स्थापित विश्वविद्यालयों या संसद के किसी अधिनियम द्वारा स्थापित अन्य शैक्षणिक संस्थानों या विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम,1956 की धारा-3 के तहत डीम्ड यूनिवर्सिटी (विश्वविद्यालय माने जाने वाले संस्थान) घोषित संस्थानों की डिग्री होनी चाहिए, या एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज़ द्वारा मान्यता प्राप्त विदेशी विश्वविद्यालय से समकक्ष योग्यता होनी चाहिए।<br>(iv) उम्मीदवारों को नियोक्ता द्वारा जारी किया गया अद्यतन और पूरा अनुभव प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा, जिसमें स्पष्ट रूप से निम्नलिखित दर्शाया गया हो:<br>a) कार्यों का स्वरूप,<br>b) अनुभव की तारीखें और अवधि,<br>c) स्तर/पद,<br>d) दायित्व आदि<br>हालांकि, यदि उम्मीदवार ऊपर बताए गए तरीके से अनुभव प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने में असमर्थ है, तो अनुभव, काम के स्वरूप और बताए गए समय को स्पष्ट रूप से दर्शाने वाला कोई भी दस्तावेज़ प्रस्तुत किया जा सकता है। ऐसे दस्तावेज़ पर बोर्ड अपनी समझ से गुण-दोषों के आधार पर विचार करेगा और बोर्ड का निर्णय अंतिम होगा।<br>(v) उम्मीदवारों को **ऑनलाइन आवेदन फ़ॉर्म** में अपनी आयु, श्रेणी (अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग/ दिव्यांगजन/ ईडबल्यूएस आदि के लिए), शैक्षणिक योग्यता और अनुभव से जुड़े दावों के समर्थन में प्रमाण-पत्र अपलोड करने होंगे। दस्तावेज़ अपलोड करने के निर्देश **परिशिष्ट-I** में दिए गए हैं। | |
| 4 | **आयु में छूट की सुविधा** | ऊपर निर्दिष्ट अधिकतम आयु सभी श्रेणियों के लिए है। आयु में छूट की सुविधा किसी भी श्रेणी के लिए उपलब्ध नहीं है। |
| | | **नियम और शर्तें** |
| 5 | **नियुक्ति का प्रकार** | पूर्ण कालिक अनुबंध आधार पर |
| 6 | **अनुबंध की अवधि** | प्रारंभिक कार्यकाल तीन वर्ष का होगा, जिसे पारस्परिक अनुबंध से दो और वर्षों तक बढ़ाया जा सकता है।<br>बैंक द्वारा अनुबंध को जारी रखने/ विस्तार पर कोई भी निर्णय अनुबंध नियुक्त व्यक्ति के कार्यनिष्पादनऔर बैंक द्वारा विचारणीय ऐसे अन्य मापदंडों के आधार पर होगा। इस संबंध में बैंक का निर्णय अंतिम होगा। |
| 7 | **अनुबंध समाप्ति के लिए नोटिस अवधि** | कोई भी पक्ष अनुबंध के प्रथम वर्ष के दौरान एक महीने का नोटिस और प्रथम वर्ष के पूर्ण होने के पश्चात तीन महीने का नोटिस देकर अनुबंध को समाप्त कर सकता है। |
| 8 | **मासिक परिलब्धियाँ** | (क) देय मासिक प्रतिपूर्ति में निम्नलिखित एकमुश्त राशि शामिल है:<br>• स्तर 2 (ग्रेड बी के समतुल्य): ₹2,40,000/-<br>• स्तर 3 (ग्रेड सी के समतुल्य): ₹3,10,000/-<br>और तैनाती वाले केंद्र पर लागू होने वाला आवास भत्ता। इस प्रतिपूर्ति पर लागू टैक्स कटौती (टीडीएस) की जाएगी।<br>(ख) चयन समिति के पास यह अधिकार है कि वह उम्मीदवारों से बातचीत के बाद नीचे दी गई सीमा में से शुरुआती समेकित राशि (कुल राशि) का निर्धारण करे.<br>• स्तर 2: ₹2,40,000/- से ₹3,40,000/-<br>• स्तर 3: ₹3,10,000/- से ₹4,10,000/-<br>चयन समिति द्वारा ज़्यादा शुरुआती वेतन देने का फ़ैसला हर उम्मीदवार की योग्यता, अनुभव, कौशल क्षमता आदि के आधार पर किया जाएगा इस मामले में चयन समिति का निर्णय अंतिम होगा और वेतन बढ़ाने के लिए किसी भी और अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।<br>(ग) अनुबंध की अवधि (जिसमें अनुबंध का विस्तार भी शामिल है) या बैंक समय-समय पर जैसा निर्धारित करेगा, के दौरान हर 12 महीने सफलतापूर्वक पूरे होने पर मासिक प्रतिपूर्ति (आवास भत्ते को छोड़कर) में 7% की वृद्धि की जाएगी। |
| 9 | **छुट्टी तथा कार्य का समय** | अनुबंध द्वारा नियुक्त किए गए कर्मचारी बैंक के पूर्णकालिक नियमित कर्मचारियोंके लिए लागू सामान्य कार्यघंटों का पालन करेंगे। हालांकि, उनके द्वारा संभाले जाने वाले कार्यों की प्रकृति के कारण, कार्य समय/ दिन नियमित कार्यालय समय/ दिन तक सीमित नहीं होंगे।<br>अनुबंध द्वारा नियुक्त कर्मचारी प्रति कैलेंडर वर्ष बैंक की प्रशासनिक सुविधा के अधीन 30 दिन की छुट्टी का लाभ लेने के पात्र होंगे। पात्र छुट्टियों को अर्ध-वार्षिक आधार (अर्थात् प्रत्येक वर्ष जनवरी और जुलाई में) पर क्रेडिट किया जाएगा और इसे यथानुपात (दशमलव संख्याओं को निकटतम पूर्णांक में पूर्णांकित किया जाएगा) के अनुसार गणना की जाएगी और किसी भी आंशिक अवधि के लिए क्रेडिट किया जाएगा। अनुपस्थिति की अवधि के दौरान आने वाले बीच के अवकाश को छुट्टी के रूप में नहीं माना जाएगा। कैलेंडर वर्ष के दौरान न ली गई छुट्टियों को अगले वर्ष में शामिल नहीं किया जा सकेगा।<br>अनुबंध द्वारा नियुक्त कर्मचारियों को सांविधिक/ विधिक प्रावधानों यथा - मातृत्व लाभ अधिनियम, 1961, जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 आदि के तहत छुट्टी लेने की अनुमति होगी।<br>पात्रता से अधिक कोई भी अनुपस्थिति वेतन रहित अवकाश के रूप में माना जाएगा और ऐसे मामलों में, मौजूदा निर्देशों के अनुसार मासिक भुगतान से यथानुपात में कटौती की जाएगी। |
| 10 | **रिहाइशी आवास** | अनुबंध पर नियुक्ति की अवधि के दौरान, बैंक अनुबंध पर नियुक्त व्यक्ति को कोई आवासीय सुविधा प्रदान नहीं करेगा। |
| 11 | **यात्रा और विराम भत्ते** | आधिकारिक दौरे (केवल घरेलू दौरे) के लिए, अनुबंध पर नियुक्त कर्मचारियों को बैंक के नियमों के अनुसार, उसी ग्रेड (लागू होने पर स्तर 2/ 3) के कर्मचारियों के लिए लागू टीए/ एचए/ बीओएफ़/ होटल/ किराए की कार की सुविधा मिलेगी। |
| 12 | **औषधालय** | अनुबंध नियुक्त कर्मचारी कार्यालय परिसर के भीतर आपातकालीन औषधालय सुविधा (केवल स्वयं के लिए) के लिए पात्र होंगे। |
| 13 | **अन्य कोई लाभ नहीं** | अनुबंध नियुक्त कर्मचारी किसी भी प्रकार के सेवानिवृत्ति/ वियोजन लाभ के लिए पात्र नहीं हैं। किसी अन्य भत्ते/ परिलब्धियों / चिकित्सा लाभ का भुगतान नहीं किया जाएगा। |
| 14 | **तैनाती का स्थान** | चुने गए उम्मीदवारों को बैंक की आवश्यकताओं के अनुरूप बैंक के किसी भी प्रोजेक्ट में तैनात किया जा सकता है, चाहे उम्मीदवार ने कार्य का कोई भी स्थान चुना हो । अनुबंध की अवधि के दौरान, बैंक अपने विवेक से चुने गए उम्मीदवार(रों) को भारत में किसी भी केंद्र पर स्थित कार्यालय में तैनात कर सकता है । अगर किसी दूसरे केंद्र पर लंबे समय के लिए तैनाती होती है, तो वेतन में आवास भत्ते में तैनाती वाले स्थान के अनुसार बैंक के निर्णय द्वारा वृद्धि या कमी की जा सकती है। |
| 15 | **अनुबंध नियुक्त कर्मचारी का आचरण** | अनुबंध नियुक्ति की अवधि के दौरान, अनुबंध नियुक्तियों पर विशेष कार्य क्षेत्रों में विशेषज्ञता की लैटरल भर्ती योजना, अनुबंध नियुक्तियों के लिए निर्धारित आचरण संहिता और बैंक द्वारा समय-समय पर जारी किए जाने वाले अन्य निर्देश लागू होंगे। |
| 16 | **अन्य शर्तें** | अनुबंध नियुक्त कर्मचारियों को समय-समय पर अपने ज्ञान/ कौशल को उन्नत करना चाहिए और बैंक के अधिकारियों के बीच ज्ञान/ कौशल साझा करने के लिए आवश्यक प्रयास करने चाहिए। |
| | | **चयन योजना** |
| 17 | **चयन योजना** | पदों के लिए चयन प्रारंभिक छंटाई/ संवीक्षा समिति द्वारा सूचीबद्धता के माध्यम से किया जाएगा, तत्पश्चात दस्तावेज़ सत्यापन और साक्षात्कार होगा। आरबीआई सर्विसेज़ बोर्ड को यह अधिकार रहेगा कि वह उपलब्ध रिक्तियों की संख्या के अनुसार साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने वाले उम्मीदवारों की संख्या को आवश्यक शैक्षिक अर्हता/ न्यूनतम कार्य अनुभव की अपेक्षा को बढ़ाकर अथवा किसी अन्य उपयुक्त विधि के माध्यम से सीमित कर सके। अतः केवल पद के लिए निर्धारित न्यूनतम अपेक्षाओं को पूर्ण करने मात्र से उम्मीदवार स्वतः साक्षात्कार के लिए पात्र नहीं बन जाता। साक्षात्कार/ चयन के लिए उम्मीदवारों को सूचीबद्ध करने का अंतिम निर्णय आरबीआई सर्विसेज़ बोर्ड के पास है। सूचीबद्ध उम्मीदवारों को साक्षात्कार कॉल लेटर जारी किया जाएगा जिसे उम्मीदवारों को **documentsrbisb@rbi.org.in** से प्रेषित किया जाएगा। कॉल लेटर को डाक या किसी अन्य माध्यम से नहीं भेजा जाएगा। हालांकि, उनकी उम्मीदवारी उनके आयु, श्रेणी, अर्हता, अनुभव आदि के संबंध में पात्रता के लिए अपने दावों का समर्थन करने वाले दस्तावेजों को प्रस्तुत करने और सत्यापन के अधीन होगी। |

(शेष पृष्ठ 21 पर)

(पृष्ठ 20 का शेष)

## महत्वपूर्ण अनुदेश

**18 आवेदन शुल्क तथा सूचना प्रभार**

| क्र.स. | श्रेणी | प्रभार | राशि* |
|---|---|---|---|
| 1 | अजा/ अजजा/ दिव्यांगजन | केवल सूचना प्रभार | ₹ 100/- + जीएसटी |
| 2 | सामा/ अपिव/ ईडब्ल्यूएस | सूचना प्रभार के साथ आवेदन शुल्क | ₹ 600/- + जीएसटी |
| 3 | स्टाफ@ | शून्य | शून्य |

*बैंक/ संव्यवहार प्रभार का वहन उम्मीदवार द्वारा किया जाएगा।

@ शुल्क/ सूचना प्रभार में छूट भारतीय रिज़र्व बैंक के केवल उन्हीं कर्मचारियों (स्टाफ उम्मीदवारों) को दी जाएगी जो दिनांक 20 दिसंबर 2013 के परिपत्र केंका मासंप्रवि सं. जी-75/ 5599/ 05.01.01/ 2013-14 और दिनांक 09 जून, 2014 के परिपत्र केंका मासंप्रवि सं. जी132/ 17000/ 05.01.01/ 2013-14 तथा भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा 01 अप्रैल2026 को 'भर्ती' पर जारी मास्टर परिपत्र के पैरा 5.16 के अनुसार बैंक द्वारा निर्धारित पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं । स्टाफ उम्मीदवार के रूप में उनकी स्थिति की जांच साक्षात्कार के समय की जाएगी। यदि वे स्टाफ उम्मीदवार (उक्त संदर्भित मासंप्रवि परिपत्र के अनुसार) माने जाने के पात्र नहीं है तो उन्हें सूचित किया जाता है कि वे स्वयं को गैर-स्टाफ उम्मीदवार के रूप में दर्शाएं तथा गैर-स्टाफ उम्मीदवारों के लिए लागू शुल्क/ सूचना प्रभार का भुगतान करें।

**टिप्पणी-I**

निर्धारित शुल्क/ सूचना प्रभार के बिना प्राप्त आवदेनों को तुरंत रद्द कर दिया जाएगा।

**टिप्पणी-II**

एक बार आवेदन शुल्क/ सूचना प्रभार का भुगतान किए जाने के बाद उसे किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं किया जाएगा और न ही शुल्क को किसी अन्य परीक्षा या चयन के लिए आरक्षित रखा जाएगा।

**टिप्पणी-III**

आवेदन शुल्क/ सूचना प्रभार केवल इस विज्ञापन में वर्णित निर्धारित तरीके से ही भुगतान किया जाना आवश्यक है।

**19 आवेदन का तरीका**

उम्मीदवारों से अपेक्षित है कि वे केवल बैंक की वेबसाइट www.rbi.org.in के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन ही करें। आवेदन जमा करने का कोई अन्य विकल्प उपलब्ध नहीं है।

'ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र' भरने के लिए संक्षिप्त अनुदेश परिशिष्ट-I में दिए गए हैं।

**आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि:**

ऑनलाइन आवेदन **20 जुलाई 2026 को शाम 6.00 बजे तक** भरे जा सकते हैं।

**20 सहायता केंद्र**

प्रपत्र भरने, शुल्क/सूचना प्रभार का भुगतान करने में किसी भी तरह की समस्या के समाधान हेतु http://cgrs.ibps.in लिंक के माध्यम से पूछताछ की जा सकती है। ई-मेल के विषय में ''भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) में पूर्णकालिक अनुबंध आधार पर साइट इंजीनियरों की लैटरल भर्ती'' लिखना ना भूलें।

**21 शुद्धिपत्र/अनुशेष**

कृपया नोट करें कि यदि उपरोक्त विज्ञापन के संबंध में कोई शुद्धिपत्र/ अनुशेष जारी किया जाता है तो उसे केवल बैंक की वेबसाइट (www.rbi.org.in) पर प्रकाशित किया जाएगा।

## सामान्य अनुदेश

**22 कैसे आवेदन करें**

क) उम्मीदवारों से अपेक्षित है कि वे वेबसाइट www.rbi.org.in का उपयोग कर केवल ऑनलाइन आवेदन करें। आवेदन का कोई अन्य माध्यम/ तरीका स्वीकार नहीं किया जाएगा। ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने के लिए विस्तृत अनुदेश परिशिष्ट-I में दिए गए हैं। आवेदकों को केवल एक आवेदन करने की सलाह दी जाती है तथापि, किसी अपरिहार्य परिस्थितिवश यदि वह एक से अधिक आवेदन करता है तो उसे यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि उच्च पंजीकरण आईडी (आरआईडी) वाला आवेदन हर तरह अर्थात आवेदक का विवरण, परीक्षा केंद्र, फोटो, हस्ताक्षर, बाएं हाथ के अंगूठे का निशान, हस्तलिखित घोषणा तथा शुल्क आदि से पूर्ण है। एक से अधिक आवेदन जमा करने वाले उम्मीदवार यह नोट कर लें कि केवल पूर्ण रूप से भरे हुए अंतिम उच्च आरआईडी वाले आवेदन ही बोर्ड द्वारा स्वीकार किए जाएंगे और एक आरआईडी के लिए अदा किए गए शुल्क/ सूचना प्रभार का समायोजन किसी अन्य आरआईडी के लिए नहीं किया जाएगा।

ख) सरकारी क्षेत्र, सरकारी स्वामित्व वाले औद्योगिक उपक्रमों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/ वित्तीय संस्थानों/ बैंकों, सार्वजनिक उद्यमों या अन्य समान संगठनों में कार्य करने वाले सभी उम्मीदवार, चाहे वे स्थायी या अस्थायी क्षमता में कार्यरत हों अथवा आकस्मिक या दैनिक रेटेड कर्मचारियों के अलावा वर्क-चार्ज कर्मचारी के रूप में कार्यरत हों, को इस भर्ती के लिए बैंक को अपना आवेदन ऑनलाइन जमा करने से पहले आवेदन करने के बारे में अपने नियोक्ता (कार्यालय/ विभागाध्यक्ष) को लिखित रूप में सूचित करना आवश्यक है। ऑनलाइन आवेदन करते समय, ऐसे संगठनों में काम करने वाले उम्मीदवारों को एक वचनपत्र प्रस्तुत करना आवश्यक है कि उन्होंने इस भर्ती के लिए आवेदन करने के बारे में अपने कार्यालय/ विभागाध्यक्ष को लिखित रूप में सूचित किया है। उम्मीदवारों को ध्यान देना चाहिए कि यदि उनके नियोक्ता से बैंक में, इस भर्ती के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवार को अनुमति रोककर/ परीक्षा में उपस्थित होने पर कोई सूचना प्राप्त होती है, तो उनका आवेदन/ उम्मीदवारी अस्वीकार/ रद्द कर दी जाएगी। शामिल होने के समय, अनुशंसित उम्मीदवारों को अपने पीएसयू/ सरकारी/ अर्द्ध-सरकारी नियोक्ता से उचित निर्वहन प्रमाण पत्र बिना किसी ग्रहणाधिकार/ लीएन लाना होगा।

**टिप्पणी**

उम्मीदवारों को ऑनलाइन आवेदन में अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग/ दिव्यांगजन/ ईडब्ल्यूएस आदि से संबंधित अपने दावों के समर्थन में प्रमाण पत्रों को अपलोड करना होगा।

यदि अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग/ दिव्यांगजन/ ईडब्ल्यूएस आदि श्रेणियों से संबंधित उम्मीदवार निर्धारित तिथि तक आवश्यक प्रमाण पत्र नहीं रखते हैं, तो ऐसे उम्मीदवारों को ''सामान्य (जनरल)'' श्रेणी में आवेदन करना चाहिए।

पदों के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवार यह सुनिश्चित कर लें कि वे सभी पात्रता शर्तें पूर्ण करते हैं। साक्षात्कार में प्रवेश पूर्णतः अनंतिम और निर्धारित पात्रता शर्तों को पूरा किए जाने के अधीन होगा यदि साक्षात्कार के पहले या बाद में किसी भी समय सत्यापन करने पर यह पाया जाता है कि वे पात्रता की किन्हीं शर्तों को पूरा नहीं करते हैं, तो बोर्ड द्वारा परीक्षा के लिए उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी। यदि उनके द्वारा किए गए दावे रोजगार पश्चात असत्य पाए जाते हैं, तो वे बोर्ड/ बैंक द्वारा अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए खुद उत्तरदायी होंगे। बोर्ड द्वारा उम्मीदवार को निम्न के लिए दोषी घोषित किया जाएगा:

(i) निम्नलिखित तरीकों से अपनी उम्मीदवारी के लिए समर्थन प्राप्त करता है:
   (क) अवैध रूप से किसी इनाम की पेशकश करना, अथवा
   (ख) दबाव डालना, अथवा
   (ग) परीक्षा आयोजित करने से संबंधित किसी भी व्यक्ति को ब्लैकमेल करना या उसे ब्लैकमेल करने की धमकी देना, अथवा

(ii) छद्मरूपण से परीक्षा दी है, अथवा

(iii) किसी अन्य व्यक्ति से छद्म रूप से कार्यसाधन करवाया है, अथवा

(iv) जाली प्रमाण-पत्र या ऐसे प्रमाण-पत्र प्रस्तुत किए हैं जिनमें तथ्यों के साथ छेड़छाड़ की गई हो, अथवा

(v) गलत या असत्य कथन दिए हैं या किसी महत्वपूर्ण तथ्य को छिपाया है, अथवा

(vi) साक्षात्कार संचालित करने के लिए बोर्ड द्वारा नियुक्त कर्मचारियों को परेशान करना या अन्य किसी भी प्रकार की शारीरिक क्षति पहुंचाना, अथवा

(vii) उम्मीदवारों के लिए जारी अनुदेशों का उल्लंघन करना, अथवा

(viii) उपर्युक्त खंडों में उल्लिखित सभी/ किसी भी कार्यों को उकसाने का प्रयत्न किया हो, तो उन पर आपराधिक अभियोजन चलाया जा सकता है और उसके साथ ही उसे स्थायी रूप से या एक विशेष अवधि के लिए (क) बोर्ड द्वारा ली जाने वाली किसी भी परीक्षा अथवा चयन के लिए (ख) बैंक द्वारा उनके अधीन किसी भी नौकरी से वंचित किया जा सकता है (ग) यदि वह पहले से ही बैंक में नियोजित है तो बर्खास्तगी; तथा (घ) यदि पहले से ही किसी अन्य सेवा में है तो बोर्ड द्वारा उनके नियोक्ता को अनुशासनिक कार्रवाई के लिए लिखना।

बशर्ते इस नियम के अधीन कोई शास्ति तब तक अधिरोपित नहीं की जाएगी जब तकः (i) उम्मीदवार को इस संबंध में लिखित अभ्यावेदन, जो वह देना चाहे, प्रस्तुत करने का अवसर न दिया गया हो और (ii) उसे दिये गए अनुमत समय में उम्मीदवार द्वारा प्रस्तुत अभ्यावेदन लेने पर, यदि कोई हो, विचार न कर लिया गया हो।

**23 बोर्ड के साथ पत्र-व्यवहार**

बोर्ड उम्मीदवार के साथ उनकी उम्मीदवारी के संबंध में कोई पत्राचार नहीं करेगा। सूचीबद्ध उम्मीदवारों को **documentsrbisb@rbi.org.in** ई-मेल के माध्यम से कॉल लेटर प्रेषित किया जाएगा। डाक/ अन्य किसी माध्यम द्वारा कोई कॉल लेटर नहीं भेजा जाएगा।

(शेष पृष्ठ 22 पर)

OPPORTUNITIES FOR ALL

(पृष्ठ 21 का शेष)

| | | |
|---|---|---|
| 24 | अन्य | (i) अंतिम दिन बैंक के नियंत्रण से परे किसी कारण से उम्मीदवार के आवेदन जमा करने में असमर्थ होने के लिए बोर्ड कोई दायित्व नहीं लेता।<br>(ii) उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि वे सूचनाएं जैसे प्रवेश पत्र/साक्षात्कार पत्र आदि प्राप्त करने के लिए अपने ई-मेल आईडी/मोबाइल नंबर सक्रिय रखें। उम्मीदवार नियमित रूप से ई-मेल तथा एसएमएस देखते रहें बोर्ड किसी अन्य तरीके से कोई सूचना नहीं भेजता है।<br>(iii) चयन/ भर्ती के लिए उम्मीदवार द्वारा अथवा उनकी ओर से किसी भी प्रकार की अनुयाचना तथा राजनैतिक अथवा बाहरी दबाव का प्रयोग उम्मीदवार की अयोग्यता मानी जाएगी।<br>(iv) पात्रता, साक्षात्कार, मूल्यांकन, रिक्तियों की संख्या को ध्यान में रखते हुए दोनों परीक्षाओं तथा साक्षात्कार में न्यूनतम अर्हता मानक निर्धारित करने और परिणाम की सूचना देने से संबंधित सभी मामलों में बोर्ड का निर्णय अंतिम तथा उम्मीदवारों के लिए बाध्यकारी होगा तथा इस संबंध में कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा।<br>(v) दिव्यांगजनों के लिए आरक्षित रिक्तियों के लिए आरक्षण का लाभ लेने के लिए पात्रता वही होगी जो ``दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम (आरपीडब्ल्यूडी), 2016'' में दी गई है बशर्ते कि दिव्यांग उम्मीदवारों को कार्यात्मक अपेक्षाओं (सक्षमताओं/ अक्षमताओं) के संबंध में उन विशेष पात्रता मानदंडों को पूरा करना भी अपेक्षित होगा जो निर्धारित अपेक्षानुसार हो।<br>(vi) किसी भी उम्मीदवार को जाति/ समुदाय संबंधी आरक्षण का लाभ, उसकी जाति को केंद्र सरकार द्वारा जारी आरक्षित समुदाय संबंधी सूची में शामिल किए जाने पर ही मिलेगा यदि कोई उम्मीदवार आवेदन पत्र में यह उल्लेख करता है कि वह ``सामान्य'' श्रेणी से संबंधित है लेकिन बाद में, अपनी श्रेणी को `आरक्षित" सूची की श्रेणी में तब्दील करने के लिए बोर्ड को लिखता है या वह `आरक्षित' श्रेणी से संबंधित है लेकिन बाद में अपनी श्रेणी को `सामान्य सूची की श्रेणी में तब्दील करने के लिए बोर्ड को लिखता है तो बोर्ड द्वारा ऐसे अनुरोध को किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। इसी सिद्धांत का अनुसरण ईडब्ल्यूएस/ दिव्यांगजनों के लिए भी किया जाएगा। परीक्षा की प्रक्रिया के दौरान किसी उम्मीदवार के दिव्यांग होने के दुखद मामले में उम्मीदवार को ऐसा मान्य दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा जिसमें इस तथ्य का उल्लेख हो कि वह ``दिव्यांग अधिकार अधिनियम (आरपीडब्ल्यूडी), 2016'' के अंतर्गत यथापारिभाषित 40% अथवा इससे अधिक दिव्यांगता से ग्रस्त है ताकि उसे बैंचमार्क दिव्यांगता के अंतर्गत आरक्षण का लाभ प्राप्त हो सके।<br>(vii) अजा/ अजजा/ अपिव/ दिव्यांगजन/ ईडब्ल्यूएस/ भूतपूर्व सैनिकों के लिए उपलब्ध आरक्षण/ रियायत के लाभ के इच्छुक उम्मीदवार यह सुनिश्चित करें कि वे निर्धारित पात्रता के अनुसार आरक्षण/ रियायत के हकदार हैं । उम्मीदवारों के पास उनके दावे के समर्थन में निर्धारित प्रारूप में सभी आवश्यक प्रमाण-पत्र होने चाहिए तथा ये प्रमाण-पत्र आवेदन की अंतिम तिथि को या उससे पहले के जारी होने चाहिए।<br>(viii) बैंक के सभी कर्मचारी इस विज्ञापन में उल्लिखित पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं, बशर्ते वे पद के लिए निर्धारित सभी पात्रता मानदंडों को पूरा करते हों । हालांकि, अनुबंधात्मक पद के लिए चयन के मामले में, उन्हें अनुबंधात्मक नियुक्ति लेने से पहले, बैंक में अपने पद से त्यागपत्र देना होगा/ सेवानिवृत्त होना होगा उनके पास बैंक के साथ पुनर्नियुक्ति के लिए कोई दावा नहीं होगा, सिवाय इसके कि जनता के किसी अन्य सदस्य के लिए उपलब्ध हो बैंक के जिन कर्मचारियों ने बैंक की सेवाओं से त्यागपत्र दे दिया है/ सेवानिवृत्त हो चुके हैं और इस योजना के तहत अनुबंध पर नियुक्त किए गए हैं, उन्हें त्यागपत्र/ सेवानिवृत्ति से पहले बैंक द्वारा प्रदान किए गए आवास, यदि कोई हो, को बनाए रखने की अनुमति नहीं दी जाएगी।<br>(ix) किसी भी पद के लिए काफी बड़ी संख्या में आवेदन प्राप्त होने के मामले में, बैंक साक्षात्कार के लिए उचित संख्या में उम्मीदवारों की संवीक्षा और छंटाई करने का निर्णय ले सकता है।<br>(x) विज्ञापित पद के लिए आवेदन करते समय या साक्षात्कार के समय, सभी उम्मीदवारों को प्रत्याशित मासिक प्रतिपूर्ति (विज्ञापित सीमा के भीतर) को इंगित करने की आवश्यकता होगी, साथ ही पिछले नियोक्ता (नियोक्ताओं) के प्रतिपूर्ति के विवरण के साथ, प्रत्याशित प्रतिपूर्ति की पुष्टि करें। साक्षात्कार से पहले चयन समिति को जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी हालांकि, साक्षात्कार के दौरान प्रतिपूर्ति पर किसी भी चर्चा को नियुक्ति के प्रस्ताव के रूप में नहीं माना जा सकता है।<br>(xi) इस विज्ञापन से उत्पन्न कोई भी विवाद केवल मुंबई स्थित न्यायालयों के एकमात्र अधिकार क्षेत्र के अधीन होगा।<br>परिशिष्ट-I बैंक की वेबसाइट www.rbi.org.in पर उपलब्ध है। |

विज्ञापन संख्या RBISB/DA/02/2026-27

EN 15/72

भारत सरकार /Government of India

## डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल एवं अटल बिहारी वाजपेयी आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली

## Dr. Ram Manohar Lohia Hospital Atal Bihari Vajpayee Institute of Medical Sciences, New Delhi-110001

सं. Tech-14/9/2026-Tech Section-Dr. RMLH

### सूचना

निदेशक, अटल बिहारी वाजपेयी आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली ने डेंटल हाइजीनिस्ट के एक पद पर प्रतिनियुक्ति/अल्पकालिक संविदा के आधार पर आवेदन आमंत्रित किए हैं. यह पद वेतन स्तर-06, रु. 35400-112400/- में है. आवेदन का निर्धारित प्रपत्र अस्पताल की वेबसाइट पर उपलब्ध है.

पूर्ण विवरण के लिए, कृपया अस्पताल की वेबसाइट www.rmlh.nic.in देखें. **आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 45 दिन होगी.**

उप निदेशक (प्रशा.)

CBC 17147/11/0001/2627 EN 15/33

रिक्ति परिपत्र

सं. 7(7)/2026-एबीसीडी

भारत सरकार

## इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई)

इलेक्ट्रॉनिक्स निकेतन, 6-सीजीओ कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली- 110003

महानिदेशक, सेमीकंडक्टर लेबोरेटरी (एससीएल), एमईआईटीवाई के अंतर्गत एक स्वायत्त संस्था, के पद को भरने के लिए आवेदन पत्र.

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) महानिदेशक, सेमीकंडक्टर लेबोरेटरी (एससीएल), एमईआईटीवाई के अंतर्गत एक स्वायत्त संस्था, के पद को वेतन मैट्रिक्स के स्तर 15 पर वेतनमान (रु. 1,82,200/- 2,24,100/-) में सीधी भर्ती/ प्रतिनियुक्ति प्रणाली से भरने का प्रस्ताव करता है. **आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि रोज़गार समाचार में इसके विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से 45 दिन बाद तक होगी.**

2. इसके अतिरिक्त, विवरण और आवेदन फॉर्म एमईआईटीवाई (http://meity.gov.in), एससीएल (www.scl.gov.in), डीओपीटी (http://permin.gov.in) और राष्ट्रीय कैरियर सेवा पोर्टल (www.ncs.gov.in) की वेबसाइटों से प्राप्त किए जा सकते हैं.

CBC 06101/11/0008/2627 EN 15/52

## भारतीय सेना

www.joinindianarmy.nic.in

68वां शॉर्ट सर्विस कमीशन (टेक्निकल) महिला (अप्रैल 2027)

### मुख्य बातें

(नीचे दी गई जानकारी केवल सामान्य जागरूकता के लिए है और कानूनी रूप से अमान्य है)

(www.joinindianarmy.nic.in पर प्रकाशित पाठ्यक्रम अधिसूचना ही उस पाठ्यक्रम के लिए लागू एकमात्र आधिकारिक विज्ञापन है)

| श्रेणी | विवरण | अधिसूचना |
|---|---|---|
| प्रवेश का प्रकार | शॉर्ट सर्विस एंट्री (टेक्निकल) (SSCW(T)-68) महिला | पैरा 1 |
| आयु | 01 अक्टूबर 2027 को 20 से 27 वर्ष | पैरा 2 |
| किनके लिए खुला | अविवाहित महिला | पैरा 1 |
| शैक्षणिक योग्यता | अधिसूचित स्ट्रीम में इंजीनियरिंग डिग्री | पैरा 2 |
| रिक्तियां | कुल 30 (प्रत्येक स्ट्रीम के सामने सूचीबद्ध अनुसार) | पैरा 3 |
| आवेदन कैसे करें | www.joinindianarmy.nic.in पर ऑनलाइन आवेदन करें | पैरा 11 |
| आवेदन विंडो | 08 जुलाई 2026 से 06 अगस्त 2026 तक | पैरा 15 |
| चिकित्सा मानक/परीक्षा | www.joinindianarmy.nic.in पर दिए गए अनुसार | पैरा 5 |
| चयन प्रक्रिया | आवेदन > शॉर्टलिस्टिंग > एसएसबी > मेडिकल > मेरिट सूची > जॉइनिंग लेटर | पैरा 4 |
| शॉर्टलिस्टिंग के लिए अंकों के कट-ऑफ % के प्रकाशन की तारीख | सितंबर 2026 का पहला सप्ताह | - |
| SSB की संभावित अवधि और तारीखें | अक्टूबर-दिसंबर 2026 के बीच पांच दिवसीय SSB (SSB तारीखों और केंद्र के लिए विकल्प सितंबर 2026 में दो सप्ताह के लिए खुले रहेंगे) | - |
| प्री-कमीशन प्रशिक्षण अकादमी | ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी, गया, बिहार | पैरा 7 |
| प्रशिक्षण की अवधि | अप्रैल 2027 से मार्च 2028 तक 49 सप्ताह | पैरा 7 |
| प्रशिक्षण के दौरान स्टाइपेंड | रु. 56,100 प्रति माह | पैरा 9 |
| प्रशिक्षण के बाद रैंक | लेफ्टिनेंट | पैरा 9 |
| कमीशनिंग पर वेतन | CTC लगभग 17-18 लाख प्रति वर्ष (निःशुल्क चिकित्सा कवर और वर्ष में एक बार गृह नगर की यात्रा को छोड़कर) | - |
| कमीशन का प्रकार | शॉर्ट सर्विस कमीशन | पैरा 6 |
| न्यूनतम सेवा अवधि | 10 वर्ष | पैरा 7 |
| अधिकतम सेवा अवधि | 14 वर्ष | पैरा 7 |
| रिलीज़ का विकल्प | पहला - 5 वर्ष के बाद, दूसरा - 10 वर्ष के बाद और तीसरा - 14 वर्ष के बाद | पैरा 7 |
| स्थायी कमीशन का विकल्प | 10 वर्ष के बाद | पैरा 7 |

CBC 10601/11/0016/2627 EN 15/64

फाइल नं.- A-35/2/2024-Estt-V
भारत सरकार
जल शक्ति मंत्रालय
जल संसाधन, आरडी एवं जीआर विभाग

## केंद्रीय जल आयोग

सेवा भवन
नई दिल्ली

### रिक्ति सूचना

केंद्रीय जल आयोग, नई दिल्ली, भारत के विभिन्न भागों में स्थित केंद्रीय जल आयोग के कार्यालयों में वेतन स्तर-7 (44900-142400 रुपये) में **सहायक निदेशक ग्रेड-II/उप मंडलीय अभियंता**, ग्रुप बी, राजपत्रित (गैर-मंत्रालयी) के 52 (अस्थाई संख्या) पदों को **प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक अनुबंध सहित)** के आधार पर भरने के लिए पात्र उम्मीदवारों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित करता है। विस्तृत रिक्ति परिपत्र और अन्य विवरण केंद्रीय जल आयोग की वेबसाइट- **https://www.cwc.gov.in/orders_and_circulars** पर उपलब्ध है।

इच्छुक पात्र अधिकारी, रोज़गार समाचार में इस रिक्ति सूचना के प्रकाशन की तारीख से **45 दिनों के भीतर**, उचित माध्यम से आवश्यक दस्तावेजों के साथ निर्धारित प्रोफॉर्मा में अपना आवेदन अधोहस्ताक्षरी को भेज सकते हैं।

(सुमित्रा टोप्पो)
अवर सचिव
(स्थापना-V अनुभाग)
केंद्रीय जल आयोग, नई दिल्ली
EN 15/73

Publications Division
Career Calling
OPPORTUNITIES FOR ALL
A comprehensive guide to modern career choices. "Career Calling" compiles notable career articles from recent editions of Employment News to help you in finding the perfect career path.
Buy online:
www.publicationsdivision.nic.in
Book Gallery
Soochna Bhawan, Lodhi Road
New Delhi
www.amazon.in

बाइरैक इग्नाइट इनोवेट इन्क्यूबेट
birac Ignite Innovate Incubate

## जैव प्रौद्योगिकी उद्योग अनुसंधान सहायता परिषद्
(भारत सरकार का उपक्रम)
## Biotechnology Industry Research Assistance Council
(A Govt. of India Enterprise)

**Ref. No. BIRAC/Vac/Adv-23/June/09**

जैव प्रौद्योगिकी उद्योग अनुसंधान सहायता परिषद् (बाइरैक), जो कि जैव प्रौद्योगिकी विभाग (डीबीटी), भारत सरकार के तहत एक गैर–लाभकारी अनुभाग 8, अनुसूची बी, सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम है, अपनी परियोजना प्रबंधन इकाइयों के अंतर्गत निम्नलिखित पदों हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है :–

| पद कोड | पद | रिक्तियों की संख्या |
|---|---|---|
| MII-MR-02 | प्रबंधक (नियामक मामले) | 01 |
| MII-MRA-01 | प्रबंधक (अनुसंधान विश्लेषक) | 01 |
| MII-SPO-01 | वरिष्ठ परियोजना अधिकारी | 02 |
| MII-PO-01 | परियोजना अधिकारी | 03 |
| MII-PMA-01 | परियोजना प्रबंधन विश्लेषक | 01 |
| MII-FO-03 | वित्त अधिकारी | 02 |
| MII-AA-01 | प्रशासनिक सहायक | 01 |
| MII-LO-01 | विधि अधिकारी | 01 |
| MII-MT-01 | युवा पेशेवर | 02 |

योग्यता, अनुभव, पात्रता मानदंड, वेतनमान आदि से संबंधित अधिक जानकारी हेतु कृपया बाइरैक की वेबसाइट **www.birac.nic.in** देखें।
**ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथिः 12 जुलाई, 2026**
EN 15/47

## राष्ट्रीय रक्षा उत्पादन अकादमी, नागपुर
(म्यूनिशंस इंडिया लिमिटेड की एक इकाई)
भारत सरकार का उद्यम, रक्षा मंत्रालय

**लाइब्रेरी एवं सूचना सहायक (01 पद)**
**(अल्पकालिक अनुबंध आधार पर) की नियुक्ति हेतु सूचना**

**लाइब्रेरी एवं सूचना सहायक (01 पद) के लिए अल्पकालिक अनुबंध आधार पर, 02 वर्ष की अवधि के लिए नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं**

**रिक्तिः लाइब्रेरी एवं सूचना सहायक (01 पद)**

**योग्यता, पात्रता और पारिश्रमिकः** एनएडीपी वेबसाइट पर उपलब्ध विस्तृत जानकारी के अनुसारः
https://nadp.ac.in/ ➡ 'Notice and Circulars' या दिए गए QR कोड को स्कैन करें:

**आवेदन कैसे करें:** पात्र और इच्छुक उम्मीदवार निम्नलिखित लिंक के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करें.
लिंक **https://forms.gle/YthFa3ZX214vtGS3A** या दिए गए QR कोड को स्कैन करें. आवेदन जमा करने की **अंतिम तिथि** 24.07.2026 है.
साक्षात्कार/इंटरैक्शन के लिए शॉर्टलिस्ट किए गए आवेदकों को तारीख और समय की जानकारी केवल एनएडीपी वेबसाइटः **https://nadp.ac.in/** पर दी जाएगी.

EN 15/12 EN 15/12

Building Business Owners

# भारतीय प्रबंधन संस्थान रायपुर

**आईआईएमआर/भर्ती/2026/09, 10 & 11** **दिनांकः 30.06.2026**

### भर्ती सूचना

निम्नलिखित पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:

1. **जूनियर अकाउंट्स एग्जीक्यूटिव**
2. **सॉफ्टवेयर डेवलपर**
3. **सहायक क्रय एवं संविदा प्रबंधन अधिकारी**

पात्रता, शैक्षिक योग्यता तथा आवेदन प्रक्रिया से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए संस्थान की वेबसाइट देखें: **www.iimraipur.ac.in/recruitment**

**आवेदन करने की अंतिम तिथिः 19 जुलाई, 2026**
EN 15/66

फा. सं. ए-35014/28/2024-प्रशा.V
भारत सरकार /Government of India
**गृह मंत्रालय / Ministry of Home Affairs**
रिक्ति परिपत्र

**गृह मंत्रालय में उप निदेशक (आपदा प्रबंधन) के तीन (03) पदों को भरने के संबंध में रोज़गार समाचार में विज्ञापन का प्रकाशन**

गृह मंत्रालय, वेतन मैट्रिक्स के स्तर-11 में उप निदेशक (आपदा प्रबंधन) के तीन (03) पदों को **"प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक संविदा सहित)"** के आधार पर भरने के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है. वेतनमान, नियम एवं शर्तों और पात्रता मानदंड से संबंधित विवरण मंत्रालय की वेबसाइट अर्थात् **https://mha.gov.in/notifications/vacancies** पर उपलब्ध रिक्ति परिपत्र में दिए गए हैं. उचित माध्यम से **आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि रोज़गार समाचार में इस रिक्ति परिपत्र के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन है.**

अवर सचिव (प्रशा. V)
CBC 19101/11/0005/2627 EN 15/3

# कर्मचारी राज्य बीमा निगम

(श्रम एवं रोज़गार मंत्रालय, भारत सरकार)

# Employees' State Insurance Corporation

(Ministry of Labour & Employment, Govt. of India)

मुख्यालय/Headquarters
पंचदीप भवन, सी.आई.जी. मार्ग, नई दिल्ली - 110002
Panchdeep Bhawan, CIG Marg, New Delhi-110002
Phone 011-23604700, Email: dir-gen@esic.nic.in
Website: www.esic.nic.in/www.esic.in

सत्यमेव जयते

फाइल संख्या ए-12027/4/2026-परीक्षा-भाग(1)

## कार्यनीतिक स्वतंत्र परामर्शदाता की नियुक्ति

कर्मचारी राज्य बीमा निगम एक सांविधिक निकाय है जिसकी स्थापना कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 के अंतर्गत की गई है तथा यह श्रम एवं रोज़गार मंत्रालय, भारत सरकार के प्रशासनिक नियंत्रण में कार्य करता है. कर्मचारी राज्य बीमा निगम स्वास्थ्य अवसंरचना परियोजनाओं के साथ-साथ पूंजीगत निवेश के कार्यान्वयन और संगठन के कार्यकलापों में कार्यनीतिक सुधार कर रहा है.

कर्मचारी राज्य बीमा निगम एक अत्यंत अनुभवी कार्यनीतिक परामर्शदाता की नियुक्ति करना चाहता है, जो नवीन एवं उभरते विचार प्रस्तुत करते हुए, कार्यनीतिक समाधान उपलब्ध कराकर, प्रयासों का नेतृत्व करते हुए तथा शासन की निरंतर बदलती आवश्यकताओं के अनुरूप कर्मचारी राज्य बीमा निगम को उपर्युक्त उद्देश्यों की प्राप्ति में समन्वय एवं सहायता प्रदान कर सके. परामर्शदाता से उन क्षेत्रों में निष्पादन की अपेक्षा की जाएगी, जहां कर्मचारी राज्य बीमा निगम के ढांचे के भीतर आवश्यक विशेषज्ञता सहज रूप से उपलब्ध नहीं है. इस नियुक्ति के सामान्य उद्देश्य निम्नलिखित हैं:-

क. कर्मचारी राज्य बीमा निगम चिकित्सा महाविद्यालयों, अस्पतालों एवं चिकित्सा सेवाओं की स्थापना और संचालन के लिए सार्वजनिक-निजी-साझेदारी, मिश्रित वार्षिकी मॉडल या निर्माण-स्वामित्व-प्रचालन आदि जैसे मॉडल सुझाना एवं विकसित करना, ताकि कमतर लागत सुनिश्चित हो तथा सार्वजनिक धन की बचत हो.

ख. कर्मचारी राज्य बीमा निगम के भीतर अन्य सुधार पहलों पर सामान्य परामर्शी सहायता प्रदान करना.

ग. चिकित्सा सेवाओं, निर्माण तथा प्रौद्योगिकी में ऐतिहासिक प्रवृत्तियों और हाल के विकासों पर संक्षिप्त विवरण, रिपोर्ट तथा विश्लेषण तैयार करना.

कर्मचारी राज्य बीमा निगम निम्नलिखित पद हेतु एक अत्यंत अनुभवी परामर्शदाता व्यक्ति की नियुक्ति के लिए प्रस्ताव आमंत्रित करता है, जिसका विवरण निम्नानुसार है:

| 1 | पद का नाम | | वरिष्ठ कार्यनीतिक परामर्शदाता |
|---|---|---|---|
| 2 | स्थान | | कर्मचारी राज्य बीमा निगम, मुख्यालय, पंचदीप भवन, सीआईजी मार्ग, नई दिल्ली |
| 3 | कार्य का दायरा | | क. इस परामर्श सेवा से संबंधित उद्देश्यों, सेवाओं के दायरे, दी जाने वाली सेवाएं तथा अन्य आवश्यकताओं का विस्तृत विवरण परिशिष्ट-क में दिए गए संदर्भ की शर्तों में निर्दिष्ट है. |
| 4 | पात्रता के मानदंड | | |
| | क | उम्र सीमा | विज्ञापन की अंतिम तिथि को अधिकतम उम्र 62 वर्ष. |
| | ख | शैक्षिक अर्हता | इंजीनियरिंग/प्रबंधन (वित्त/प्रचालन/परियोजना प्रबंधन में एमबीए) में स्नातकोत्तर अथवा अर्थशास्त्र/वित्त/लोक प्रशासन में स्नातकोत्तर तथा |
| | ग | न्यूनतम पेशेवर अनुभव वर्ष | न्यूनतम 15 वर्ष का पेशेवर अनुभव.<br>या<br>इंजीनियरिंग/प्रबंधन/अर्थशास्त्र/वित्त में स्नातक तथा न्यूनतम 20 वर्षों का पेशेवर अनुभव. |
| | घ | अनिवार्य अनुभव | उन्हें रणनीति/कार्यक्रम प्रबंधन तथा नीति विकास में वरिष्ठ परामर्श/नेतृत्व भूमिकाओं का अनुभव होना चाहिए. |
| | ङ | वांछनीय अनुभव | क. बहु-क्षेत्रीय अनुभव को वरीयता दी जाएगी.<br>ख. अवसंरचना क्षेत्र में सार्वजनिक-निजी-साझेदारी, लेनदेन परामर्श तथा परियोजना पर्यवेक्षण.<br>ग. राष्ट्रीय कार्यक्रमों के लिए नीति विकास.<br>घ. कम-से-कम एक सार्वजनिक-निजी-साझेदारी परियोजना के लिए वित्तीय मॉडलिंग.<br>ङ. कम-से-कम एक सार्वजनिक-निजी-साझेदारी परियोजना के लिए रियायत करार का विकास.<br>च. भारत सरकार/राज्य सरकार की कम-से-कम एक योजना के लिए कार्यक्रम प्रबंधन. |
| 5 | संविदा अवधि | | परामर्श सेवा की प्रारंभिक अवधि 2 (दो) वर्ष होगी, जिसे आवश्यकता, प्रदर्शन के मूल्यांकन तथा पारस्परिक सहमति के आधार पर 1 + 1 के आधार पर अतिरिक्त 2 (दो) वर्षों के लिए बढ़ाया जा सकता है. |
| 6 | चयन प्रक्रिया | | क.रा.बी. निगम परामर्शदाता की नियुक्ति हेतु दो-चरणीय चयन प्रक्रिया अपनाएगा. पहले चरण में, पात्रता और आवेदन की पूर्णता का सत्यापन करने के लिए आवेदनों की जांच की जाएगी. लघुसूची में सम्मिलित व्यक्तियों को उनकी क्षमता का आकलन करने के लिए व्यक्तिगत साक्षात्कार हेतु बुलाया जाएगा. यदि आवश्यक हुआ, तो लघुसूचीकरण अनुभव के आधार पर किया जाएगा, और ऐसी स्थिति में साक्षात्कार के लिए अधिकतम दस (10) उम्मीदवारों की लघुसूची बनाई जाएगी. |
| 7 | आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | | आवेदन, जो सभी दृष्टियों से पूर्ण हो तथा आवश्यक दस्तावेज़ों से विधिवत समर्थित हो, इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से **30 दिनों के भीतर** प्रस्तुत किया जाना चाहिए.<br>उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में निवास करने वाले अभ्यर्थियों के लिए अतिरिक्त 7 दिनों की अवधि स्वीकार्य होगी. |
| 8 | आवेदन कैसे करें | | इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन, आवश्यक सहायक दस्तावेज़ों सहित, केवल पीडीएफ़ प्ररूप में ई-मेल **jd-rectt@esic.gov.in** पर भेज सकते हैं. |
| 9 | पारिश्रमिक | | **क.** यात्रा संबंधी पात्रताओं तथा दैनिक भत्ते की लागत सहित पारिश्रमिक, अभ्यर्थी के पूर्व अनुभव एवं वर्तमान कार्य-विवरण के अनुरूप, परामर्शी सेवाओं में प्रचलित वर्तमान प्रवृत्तियों एवं प्रथाओं को ध्यान में रखते हुए, परस्पर सहमति से निर्धारित किया जाएगा. इस प्रकार निर्धारित पारिश्रमिक में वृद्धि पर विचार उक्त प्रारंभिक अवधि के पश्चात सक्षम प्राधिकारी द्वारा गठित की जाने वाली समिति द्वारा संतोषजनक निष्पादन के मूल्यांकन के अधीन किया जाएगा.<br>**ख.** यह नियुक्ति पूर्णतः संविदात्मक होगी तथा चयनित अभ्यर्थियों को इसके आधार पर किसी अन्य प्रकार का लाभ प्राप्त नहीं होगा.<br>**ग.** परामर्शदाता भविष्य निधि, पेंशन, ग्रेच्युटी, चिकित्सा सुविधा, वरिष्ठता, पदोन्नति आदि अथवा क.रा.बी. निगम के नियमित कर्मचारियों को उपलब्ध किसी अन्य लाभ का हकदार नहीं होगा.<br>**घ.** उसे किसी भी प्रकार का मकान किराया भत्ता देय नहीं होगा.<br>**ङ.** परामर्शदाता की नियुक्ति पूर्णकालिक आधार पर होगी. सामान्य कार्यालय समय प्रातः 09:00 बजे से सायं 05:30 बजे तक रहेगा. कार्य समय में समय-समय पर परिवर्तन किया जा सकता है. शनिवार एवं रविवार साप्ताहिक अवकाश रहेंगे. आवश्यकता पड़ने पर उन्हें कार्यालय समय के अतिरिक्त तथा/अथवा अवकाश के दिनों में भी कार्य करना पड़ सकता है. ऐसे कार्य के लिए कोई अतिरिक्त भत्ता या पारिश्रमिक देय नहीं होगा. क.रा.बी.निगम के साथ करार की अवधि के दौरान वे सरकारी या निजी क्षेत्र अथवा किसी अन्य संगठन में वेतनभोगी या अवैतनिक, कोई अन्य व्यावसायिक नियुक्ति स्वीकार नहीं करेंगे.<br>**च.** प्रत्येक पूर्ण सेवा माह के लिए 1.5 दिन की दर से सवेतन छुट्टी प्रदान की जाएगी. एक कैलेंडर वर्ष से अधिक छुट्टी का संचय स्वीकार्य नहीं होगा. छुट्टी का दावा अधिकार के रूप में नहीं किया जा सकता. एक बार में 10 दिनों से अधिक की छुट्टी स्वीकार्य नहीं होगी. जनहित में छुट्टी अस्वीकार करने या निरस्त करने का विवेकाधिकार प्रभागाध्यक्ष के पास सुरक्षित रहेगा. अप्रयुक्त छुट्टी के बदले नकदीकरण की अनुमति नहीं होगी. नोटिस अवधि प्रारंभ होने पर अप्रयुक्त छुट्टी स्वतः व्यपगत हो जाएगी. उन्हें किसी अन्य प्रकार की कोई छुट्टी देय नहीं होगी. यदि वे स्वीकार्य छुट्टी से अधिक अवधि तक ड्यूटी से अनुपस्थित रहते हैं तो समेकित पारिश्रमिक से आनुपातिक कटौती की जाएगी.<br>**छ.** चयनित परामर्शदाता के रूप में वास्तविक नियुक्ति की तिथि से प्रभावी क.रा.बी.निगम के साथ निर्धारित प्रारूप में एक करार करना होगा.<br>**ज.** परामर्शदाता की कानूनी स्थिति क.रा.बी.निगम के संदर्भ में एक स्वतंत्र व्यक्ति की होगी और किसी भी उद्देश्य से उसे न तो क.रा.बी.निगम का "स्टाफ" और न ही क.रा.बी.निगम का "अधिकारी" माना जाएगा. अतः परामर्शी करार में निहित या उससे संबंधित कोई भी बात क.रा.बी.निगम और परामर्शदाता के बीच नियोक्ता और कर्मचारी अथवा प्रधान और अभिकर्ता का संबंध स्थापित नहीं करेगी. |

1. सामान्य शर्तें :-

क. आवेदक भारत का नागरिक होना चाहिए.

ख. आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि तक आवेदक की आयु 62 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए.

ग. अपने आवेदन आदि से संबंधित किसी भी मार्गदर्शन/सूचना/स्पष्टीकरण के लिए आवेदक कार्य दिवसों (अर्थात सोमवार से शुक्रवार) में **प्रातः 10:00 बजे से सायं 5:00 बजे** के बीच 011-23235782 पर संपर्क कर सकता है.

घ. आवेदक अपने आवेदन के साथ पूर्व रोजगार के प्रमाण-पत्र तथा विस्तृत जीवन-वृत्त संलग्न करेगा, जिससे सभी पूर्व रोज़गारों/निष्पादित कार्य की अवधि एवं प्रकृति सिद्ध हो सके.

ङ. कोई भी ऐसा आवेदक जिसे केंद्र सरकार, किसी राज्य सरकार, किसी सांविधिक प्राधिकारी या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम द्वारा विवर्जित किया गया हो, अथवा उपर्युक्त में से किसी भी संस्था द्वारा किसी आरोप के संबंध में जांच/वाद का सामना कर रहा हो और ऐसा प्रतिबंध विज्ञापन की तिथि तक प्रभावी हो तो वह आवेदन प्रस्तुत करने के लिए पात्र नहीं होगा.

च. आवेदन प्रस्तुत करते समय यदि परिशिष्टों में निर्दिष्ट प्रपत्रों में उपलब्ध स्थान अपर्याप्त हो तो आवेदक स्पष्ट रूप से चिह्नित एवं संदर्भित अतिरिक्त पृष्ठ संलग्न करे. वैकल्पिक रूप में आवश्यक जानकारी को समाहित करने हेतु निर्दिष्ट प्रपत्रों का उपयुक्त प्ररूप तैयार कर सकते हैं.

छ. चयनित होने पर आवेदक को क.रा.बी.निगम के साथ करार करना होगा.

ज. आवेदकों को यहां दी गई न्यूनतम पात्रता शर्तों ("पात्रता की शर्तें") को ध्यानपूर्वक पढ़ना चाहिए. केवल उन्हीं आवेदकों के प्रस्ताव साक्षात्कार हेतु विचार किए जाएंगे, जो पात्रता की शर्तों को पूरा करेंगे.

झ. आवेदक इस विज्ञापन के अंतर्गत मांगी गई सभी जानकारी उपलब्ध करायेगा. क.रा.बी. निगम केवल उन्हीं आवेदनों की लघुसूची तैयार करेगा जो निर्दिष्ट प्रपत्रों सहित सभी दृष्टियों से पूर्ण रूप में प्राप्त होंगे.

ञ. आवेदकों को विज्ञापन के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि का विशेष ध्यान रखना चाहिए. इस विज्ञापन में विशेष रूप से प्रदान किए गए उपबंधों को छोड़कर, क.रा.बी. निगम द्वारा कोई भी पूरक सामग्री स्वीकार नहीं की जाएगी तथा छानबीन/साक्षात्कार केवल आवेदन जमा करने की अंतिम समय-सीमा तक प्राप्त दस्तावेज़ों के आधार पर ही किया जाएगा. सामान्यतः आवेदकों से आवेदन जमा करने की तिथि के बाद कोई अतिरिक्त जानकारी या दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए नहीं कहा जाएगा और यदि बिना मांगे कोई सामग्री प्रस्तुत की जाती है तो उसे अस्वीकार कर दिया जाएगा.

ट. संविदा को किसी भी पक्ष द्वारा एक माह की पूर्व सूचना देकर या उसके स्थान पर एक माह के पारिश्रमिक का भुगतान करके समाप्त किया जा सकता है. बिना अनुमति अनुपस्थित रहने पर नियुक्ति समाप्त की जा सकती है.

ठ. साक्षात्कार में उपस्थित होने सहित चयन प्रक्रिया में भाग लेने से संबंधित सभी व्ययों का वहन आवेदक स्वयं करेगा. चयन प्रक्रिया का संचालन या उसका परिणाम चाहे जो हो, क.रा.बी. निगम ऐसे किसी भी व्यय के लिए उत्तरदायी या किसी भी प्रकार से जिम्मेदार नहीं होगा.

(शेष पृष्ठ 25 पर)

(पृष्ठ 24 का शेष)

2. **आवेदन प्रस्तुत करना –**
आवेदक परिशिष्ट-ख एवं परिशिष्ट-ग में निर्धारित प्रारूप के अनुसार आवेदन प्रस्तुत करेंगे. आवेदन प्रस्तुत करते समय आवेदक विशेष रूप से यह सुनिश्चित करेगा कि :-

क. आवेदन, सभी सहायक/संगत दस्तावेजों सहित, ई-मेल **jd-rectt@esic.gov.in** पर प्रस्तुत किया जाए.

ख. आवेदक को परिशिष्ट-ख में की गई प्रत्येक प्रविष्टि के समर्थन में दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा. आवेदन के साथ निम्नलिखित दस्तावेज अनिवार्य रूप से संलग्न किए जाएं:-

i. आयु के दावे के समर्थन में जन्मतिथि अंकित मैट्रिकुलेशन/10वीं कक्षा का अथवा समकक्ष प्रमाण-पत्र अथवा केंद्रीय/राज्य बोर्ड द्वारा जारी मैट्रिकुलेशन/10वीं कक्षा अथवा समकक्ष की अंकतालिका, जिसमें जन्मतिथि अंकित हो.

ii. सरकारी प्राधिकरी द्वारा जारी वैध फोटो पहचान-पत्र.

iii. शैक्षिक अर्हताओं से संबंधित प्रमाण-पत्र.

iv. बिंदु 4.ग, 4.घ एवं 4.ङ के अंतर्गत दावा किए गए अनुभव के समर्थन में दस्तावेज.
वांछनीय अनुभव से संबंधित दस्तावेज, जैसे कि पीपीपी (सार्वजनिक- निजी-साझेदारी) परामर्श, रियायत करार अथवा सरकारी योजनाओं के कार्यक्रम प्रबंधन से संबंधित अभिलेख, विचारार्थ प्रस्तुत किए जा सकते हैं.

ग. आवेदन निर्धारित प्ररूप में, संबंधित दस्तावेजों सहित तथा आवेदक द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित होना चाहिए.

घ. जीवन-वृत्त तथा सभी व्यक्तिगत विवरण संबंधित दस्तावेजों द्वारा समर्थित होने चाहिए. जीवन-वृत्त पर आवेदक द्वारा हाल ही में नीली स्याही से हस्ताक्षर एवं दिनांक अंकित किया गया हो. जीवन-वृत्त की फोटोकॉपी अथवा अहस्ताक्षरित प्रति अस्वीकृत कर दिए जाएंगे.

ङ. इस खंड में उल्लिखित अपेक्षाओं का अनुपालन न होने पर विज्ञापन अस्वीकृत हो सकता है.

च. यदि कोई आवेदक अपनी शैक्षिक अर्हता, अनुभव अथवा अन्य किसी विवरण के संबंध में असत्य घोषणा करता है अथवा इस विज्ञापन के लिए उपलब्धता संबंधी उसकी प्रतिबद्धता करार पर हस्ताक्षर किए जाने के पश्चात किसी भी स्तर पर पूरी नहीं होती है तो वो कर्मचारी राज्य बीमा निगम के किसी भी भावी कार्य हेतु 5 (पांच) वर्ष की अवधि के लिए विवर्जित किया जाएगा. ऐसी स्थिति में उक्त आवेदक के साथ की गई इस परामर्शी सेवा संबंधी करार को भी निरस्त किया जा सकता है.

छ. कर्मचारी राज्य बीमा निगम यह अधिकार सुरक्षित रखेगा कि वह विज्ञापन के प्रत्युत्तर में आवेदक द्वारा प्रस्तुत सभी कथनों, सूचनाओं एवं दस्तावेजों का सत्यापन कर सकेगा. कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा इस प्रकार का सत्यापन करने या न करने से आवेदक को इस विज्ञापन के अंतर्गत उसके दायित्वों अथवा उत्तरदायित्वों से मुक्त नहीं होगा और न ही इससे कर्मचारी राज्य बीमा निगम के अधिकार किसी प्रकार प्रभावित होंगे.

ज. यदि छानबीन/साक्षात्कार के दौरान अथवा करार पर हस्ताक्षर किए जाने से पूर्व, या करार के निष्पादन के पश्चात तथा उसकी प्रभावशीलता की अवधि के दौरान किसी भी समय यह पाया जाता है कि आवेदक द्वारा एक या अधिक पात्रता शर्तें पूरी नहीं की गई है अथवा आवेदक ने किसी महत्वपूर्ण तथ्य का मिथ्या निरूपण किया है या कोई महत्वपूर्ण रूप से गलत अथवा असत्य जानकारी प्रदान की है तो ऐसे आवेदक को बिना किसी पूर्व सूचना के तत्काल निरर्ह घोषित कर दिया जाएगा. यदि उसे अभी तक नियुक्ति-पत्र जारी कर परामर्शदाता के रूप में नियुक्त नहीं किया गया है अथवा उसके साथ करार निष्पादित नहीं किया गया है, और यदि चयनित आवेदक को नियुक्ति-पत्र जारी किया जा चुका है अथवा उसके साथ करार निष्पादित किया जा चुका है, जैसी भी स्थिति हो, तो उसमें या इस विज्ञापन में निहित किसी भी विपरीत उपबंध के बावजूद, कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा लिखित सूचना के माध्यम से उक्त नियुक्ति/करार को समाप्त किया जा सकेगा तथा इस संबंध में कर्मचारी राज्य बीमा निगम आवेदक अथवा परामर्शदाता जो भी लागू हो, के प्रति किसी भी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा.

झ. आवेदन के साथ संलग्न सभी दस्तावेज (''दस्तावेज'') तथा चयन प्रक्रिया से संबंधित अथवा उससे संबद्ध समस्त पत्राचार अंग्रेजी भाषा में तथा इस विज्ञापन में निर्धारित प्रपत्रों पर ही प्रस्तुत किए जाएंगे. आवेदन के साथ कोई भी सहायक दस्तावेज अथवा मुद्रित साहित्य तब तक प्रस्तुत नहीं किया जाएगा जब तक कि विशेष रूप से इसकी मांग न की गई हो और यदि इनमें से कोई भी दस्तावेज किसी अन्य भाषा में है तो उसके साथ संबंधित अंशों का अंग्रेज़ी में शुद्ध एवं प्रामाणिक अनुवाद संलग्न होना अनिवार्य होगा. ऐसी स्थिति में, इस विज्ञापन की व्याख्या के सभी प्रयोजनों के लिए अंग्रेज़ी अनुवाद ही मान्य होगा.

3. **आवेदक द्वारा अभिस्वीकृति –**
यह माना जाएगा कि आवेदन प्रस्तुत करके आवेदक ने :

क. विज्ञापन की पूर्ण एवं सावधानीपूर्वक जांच की है;

ख. विज्ञापन में प्रदान की गई अथवा कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा या उसकी ओर से उपलब्ध कराई गई जानकारी में किसी प्रकार की अपर्याप्तता, त्रुटि या भूल, अथवा इसमें उल्लिखित किसी भी विषय से संबंधित जानकारी के जोखिम को स्वीकार एवं अनुमोदित किया है;

ग. एक सुविचारित आवेदन प्रस्तुत करने तथा इसके अंतर्गत अपने सभी दायित्वों के निर्वहन हेतु आवश्यक सभी विषयों, तथ्यों एवं सूचनाओं के संबंध में स्वयं को पूर्णतः संतुष्ट कर लिया है;

घ. यह स्वीकार किया है कि उसके हितों का कोई टकराव नहीं है; तथा

ङ. इस दस्तावेज के अंतर्गत एवं इसकी शर्तों के अनुसार उसके द्वारा दिए गए वचनबद्धता-पत्र से बंधे रहने के लिए सहमति प्रदान की है.

च. उपर्युक्त किसी भी विषय के संबंध में, अथवा विज्ञापन या चयन प्रक्रिया से उत्पन्न, संबंधित या उससे जुड़े किसी भी मामले, जिसमें कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा प्रदान की गई किसी सूचना या आंकड़े में त्रुटि या भूल भी सम्मिलित है, के लिए आवेदक की ओर से हुई किसी चूक, त्रुटि या भूल के संबंध में कर्मचारी राज्य बीमा निगम किसी भी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा.

4. **किसी भी अथवा सभी आवेदनों को अस्वीकार करने का अधिकार –**

क. इस विज्ञापन में निहित किसी भी बात के बावजूद, कर्मचारी राज्य बीमा निगम को किसी भी प्रस्ताव को स्वीकार या अस्वीकार करने, चयन प्रक्रिया को निरस्त करने तथा सभी प्रस्तावों को किसी भी समय, ऐसी स्वीकृति, अस्वीकृति, निरसन के लिए बिना किसी दायित्व या उत्तरदायित्व के तथा बिना कोई कारण बताए अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा.

ख. खंड 4(क) की व्यापकता को प्रभावित किए बिना, कर्मचारी राज्य बीमा निगम निम्नलिखित परिस्थितियों में किसी भी प्रस्ताव को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है :-

i. यदि आवेदक, प्रस्ताव के मूल्यांकन हेतु कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा मांगी गई अतिरिक्त जानकारी निर्धारित समयावधि के भीतर उपलब्ध नहीं कराता है, तो आवेदक द्वारा तथ्य का मिथ्या निरूपण अथवा अनुचित उत्तर दिए जाने पर उसे निरर्ह घोषित किया जा सकता है.

ii. यदि किसी भी समय कोई महत्वपूर्ण मिथ्या निरूपण किया गया हो अथवा उसका पता चलता हो; **या**

5. **हितों का टकराव –**

क. किसी भी आवेदक का ऐसा हितों का टकराव नहीं होना चाहिए, जो चयन प्रक्रिया या परामर्शी सेवा को प्रभावित करे (जिसे आगे "हितों का टकराव" कहा गया है). इस संबंध में किसी आवेदक के हितों का टकराव पाए जाने पर उसे निरर्ह घोषित कर दिया जाएगा.

ख. कर्मचारी राज्य बीमा निगम अपेक्षा करता है कि परामर्शदाता पेशेवर, वस्तुनिष्ठ एवं निष्पक्ष सलाह प्रदान करेगा तथा हर समय कर्मचारी राज्य बीमा निगम के हितों को सर्वोपरि रखेगा, अन्य कार्यों अथवा अपने निजी हितों से उत्पन्न टकराव से बचेगा तथा भविष्य में कार्य प्राप्त करने के किसी विचार से प्रभावित हुए बिना कार्य करेगा. परामर्शदाता ऐसा कोई कार्य स्वीकार या निष्पादित नहीं करेगा जो उसके अन्य ग्राहकों के प्रति पूर्व या वर्तमान दायित्वों से टकराव उत्पन्न करता हो अथवा उसे ऐसी स्थिति में रखता हो, जहाँ वह कर्मचारी राज्य बीमा निगम के सर्वोत्तम हितों में कार्य करने में असमर्थ हो.

ग. निम्नलिखित परिस्थितियों में यह माना जाएगा कि आवेदक के हितों का टकराव चयन प्रक्रिया को प्रभावित करता है:-

i. यदि इस विज्ञापन के अंतर्गत सेवाएं प्रदान करने हेतु कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा नियुक्त परामर्शदाता अपनी नियुक्ति अवधि के दौरान इस नियुक्ति से उत्पन्न कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा क्रियान्वित परियोजनाओं/योजनाओं के किसी भी ठेकेदार अथवा लाभार्थी को सेवाएं प्रदान करता है.

ii. यदि आवेदक के इस परामर्श कार्य तथा उसके अन्य परामर्श संबंधी कार्यों के मध्य हितों का टकराव हो. परामर्शदाता के दायित्व प्रत्येक मामले की परिस्थितियों पर निर्भर करेंगे. कर्मचारी राज्य बीमा निगम को परामर्श सेवाएं प्रदान करते समय परामर्शदाता ऐसा कोई कार्य स्वीकार नहीं करेगा, जिसकी प्रकृति वर्तमान परामर्श कार्य के साथ हितों के टकराव की स्थिति उत्पन्न करती हो; **अथवा**

घ. अंततः, इस विज्ञापन के अंतर्गत परामर्श सेवा प्रदान करने हेतु नियुक्त किया गया आवेदक, इस नियुक्ति के अंतर्गत परिकल्पित एवं क्रियान्वित किसी भी परियोजना से संबंधित वस्तुओं या कार्यों अथवा सेवाओं की आपूर्ति करने के लिए बाद में निरर्ह माना जाएगा. इस दायित्व का कोई भी उल्लंघन हितों का टकराव माना जाएगा. बशर्ते कि यह प्रतिबंध उक्त कार्य के पूर्ण होने की तिथि से 1 (एक) वर्ष की अवधि पूर्ण होने के पश्चात लागू नहीं रहेगा; साथ ही, यह प्रतिबंध कर्मचारी राज्य बीमा निगम के लिए इस परामर्श सेवा की निरंतरता में प्रदान की जाने वाली परामर्श/सलाहकार सेवाओं अथवा कर्मचारी राज्य बीमा निगम के नियमों के अनुसार कर्मचारी राज्य बीमा निगम के लिए भविष्य में प्रदान की जाने वाली किसी अन्य परामर्श/सलाहकार सेवा पर लागू नहीं होगा.

6. **विवाद निवारण एवं लागू विधि –**
यह परामर्श व्यवस्था भारत के प्रचलित विधियों के अनुसार शासित होगा एवं तद्नुसार ही इसकी व्याख्या की जाएगी. इस परामर्श व्यवस्था से उत्पन्न अथवा इससे संबंधित सभी विवाद अथवा मतभेद यदि पक्षकारों के मध्य आपसी सहमति से समाधान नहीं हो पाता हैं तो उनका निपटारा एकमात्र मध्यस्थ द्वारा मध्यस्थता के माध्यम से किया जाएगा. एकमात्र मध्यस्थ की नियुक्ति प्रथम पक्ष एवं द्वितीय पक्ष द्वारा पारस्परिक सहमति से की जाएगी. मध्यस्थता की कार्यवाही मध्यस्थता एवं सुलह अधिनियम, 1996 के उपबंधों के अनुसार संचालित होगी. मध्यस्थता की कार्यवाही नई दिल्ली में तथा अंग्रेज़ी भाषा में संपन्न होगी.

7. **प्रभावशीलता का बने रहना:** इस परामर्श व्यवस्था की समाप्ति अथवा अवधि समाप्त हो जाने के बावजूद, इसमें निहित सभी उपबंध, विशेष रूप से पक्षकारों के मध्य गोपनीयता संबंधी उपबंध, उनकी शर्तों एवं नियमों के अनुसार पूर्ण प्रभाव एवं वैधता के साथ लागू रहेंगे. ऐसे उपबंध उतनी सीमा तक प्रभावी बने रहेंगे, जितनी सीमा तक पक्षकारों के आशय को प्रभावी बनाने तथा किसी भी पक्ष के वैध हितों की रक्षा करने के लिए आवश्यक होगा.

**दिनांक : 16/06/2026** **संयुक्त निदेशक (भर्ती)**

**परिशिष्ट-क**

**कर्मचारी राज्य बीमा निगम में कार्यनीतिक परामर्शदाता के लिए विचारार्थ विषय**

1. **सेवाओं का दायरा**
व्याप्त सेवाओं का दायरा निम्नानुसार है :

**कार्यक्षेत्र में शामिल हैं :**

i. क.रा.बी. निगम चिकित्सा महाविद्यालयों, अस्पतालों तथा चिकित्सा सेवाओं की स्थापना एवं प्रचालन के लिए सार्वजनिक-निजी भागीदारी, हाइब्रिड एन्युटी मॉडल, निर्माण-स्वामित्व-प्रचालन आदि जैसे मॉडल के संबंध में सुझाव देना एवं विकसित करना, ताकि लागत-प्रभावशीलता सुनिश्चित की जा सके तथा सार्वजनिक निधियों की बचत हो.

ii. पीएमयू (बुनियादी ढांचे का विकास), परियोजनाओं के लिए परियोजना अभियंताओं की स्थापना में सहायता करना.

iii. क.रा.बी. निगम के भीतर अन्य सुधार पहलों पर सामान्य परामर्शदाता सहायता प्रदान करना.

iv. अस्पताल और चिकित्सा महाविद्यालय, निर्माण और प्रौद्योगिकी में ऐतिहासिक रुझानों और हाल के घटनाक्रमों पर संक्षिप्त विवरण, रिपोर्ट और विश्लेषण तैयार करना.

v. पूंजी निवेश परियोजना के संबंध में क.रा.बी. निगम के कार्यनीतिक उद्देश्यों का मूल्यांकन करना.

vi. क.रा.बी. निगम सुविधाओं में सार्वजनिक-निजी भागीदारी के लिए उपयुक्त क्षेत्रों और सेवाओं की पहचान करना तथा व्यापक सार्वजनिक-निजी भागीदारी परियोजना रूपरेखा विकसित करना और सुझाव देना.

vii. प्रायोगिक आधार पर सार्वजनिक-निजी भागीदारी परियोजनाओं को शुरू करने के लिए बाजार मूल्यांकन करना.

viii. प्रायोगिक आधार पर शुरू की गई सार्वजनिक-निजी भागीदारी परियोजनाओं के लिए उपयुक्त वित्तीय मॉडल के विकास में सहायता करना.

ix. परियोजना जोखिमों की पहचान करने और उन्हें कुशल और आर्थिक तरीके से आवंटित करने में क.रा.बी. निगम की सहायता करना;

x. रियायत मॉडल/संरचना को डिज़ाइन करना जो बुनियादी ढांचे की आवश्यकताओं/अंतराल को पूरा करता है और क.रा.बी. निगम के लिए प्रशासनिक और निगरानी संबंधी बोझ को कम करे.

xi. परियोजना के अनुमानित वित्तीय प्रभाव की पहचान और मात्रा निर्धारण;

xii. सार्वजनिक-निजी भागीदारी परियोजनाओं के लिए रियायत समझौते का मसौदा तैयार करने में सहायता.

xiii. सरकारी लिखतों से आवश्यक अनुमोदन/सहमति/मंजूरी की समेकित सूची तैयार करना.

xiv. रियायत करार की प्रासंगिक अनुसूचियों सहित प्रस्ताव दस्तावेजों की तैयारी में सहायता करना.

xv. सार्वजनिक-निजी भागीदारी परियोजनाओं के लिए बोली प्रक्रिया में सहायता करना जिसमें बोली पूर्व बैठक, प्रश्नों के उत्तर, बोलियों का मूल्यांकन, अवार्ड पत्र जारी करना और रियायत करार पर हस्ताक्षर करना शामिल है.

xvi. सार्वजनिक-निजी भागीदारी भागीदारों द्वारा प्रस्तुत वित्तीय समापन दस्तावेजों की समीक्षा.

xvii. आंतरिक और बाहरी हितधारक बैठकों के लिए प्रासंगिक रिपोर्ट, प्रस्तुतियों और संक्षिप्त विवरण तैयार करना.

xviii. संस्थागत विकास, नियामक ढांचे और अनुकूलनीय संगठनात्मक/संस्थागत दृष्टिकोण/सुधारों के संदर्भ में परियोजना प्रबंधन प्रभाग और चिकित्सा महाविद्यालय से संबंधित कार्यों में क.रा.बी. निगम की सहायता करना.

xix. आवश्यकता होने पर हितधारक परामर्श आयोजित करने में सहायता.

xx. लागत नियंत्रण उपायों में सहायता और पूंजी निवेश परियोजनाओं में देरी की रोकथाम.

xxi. इस विशेषज्ञता से संबंधित क.रा.बी.निगम द्वारा आयोजित किसी अन्य कार्य में सहायता

xxii. प्रभागाध्यक्ष/महानिदेशक, क.रा.बी. निगम द्वारा सौंपे गए कोई अन्य कार्य.

2. **बैठकें**

2.1 क.रा.बी.निगम, परामर्शदाता के साथ, परामर्श कार्य का भाग बनने वाले किसी भी अथवा सभी दस्तावेजों तथा परामर्श संबंधी अभिमतों की समीक्षा, क.रा.बी. निगम कार्यालय में आयोजित बैठकों एवं सम्मेलनों के दौरान कर सकेगा. इसके अलावा, परामर्शदाता को इस संबंध में क.रा.बी. निगम द्वारा आयोजित बैठकों और सम्मेलनों में भौतिक रूप से या ऑनलाइन बैठकों में भाग लेने की आवश्यकता हो सकती है.

(शेष पृष्ठ 26 पर)

(पृष्ठ 25 का शेष)

परिशिष्ट-ख

**वरिष्ठ कार्यनीतिक परामर्शदाता के पद के लिए प्रोफॉर्मा**

**क.रा.बी. निगम के लिए**

1. विज्ञापन सं. :
2. नाम :
3. लिंग :
4. राष्ट्रीयता :
5. पिता का नाम :
6. वैवाहिक स्थिति :
7. विवाहिती का नाम :
8. जन्म तिथि :

(कृपया सभी अर्हताओं के संबंध में सहायक दस्तावेज/प्रमाण पत्र संलग्न करें)

| अपना पासपोर्ट आकार का स्व-सत्यापित फोटो यहां चिपकाएं |
|---|

10. मोबाइल संख्या :
11. आधार संख्या
12. ईमेल आईडी :
13. संचार के लिए पता :
14. रोजगार/कार्य अनुभव/परामर्श का विवरण, यदि लागू हो, कालानुक्रमिक क्रम में. (कृपया सहायक दस्तावेज संलग्न करें, यदि नीचे पर्याप्त स्थान नहीं है तो एक अलग पत्रक संलग्न करें)

| विभाग/संस्थान/संगठन/सरकारी परियोजनाएं/योजनाएं/ग्राहक | धारित पद | से | तक | परिलब्धियां | निर्वहित कर्तव्यों की प्रकृति |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |

14. भाषा ज्ञान :
15. यदि कोई पाठ्यक्रम/प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया है, तो उसका विवरण :
16. अतिरिक्त जानकारी, यदि कोई हो, जिसे आप नियुक्ति के लिए अपनी उपयुक्तता के समर्थन में उल्लेख करना चाहेंगे. यदि आवश्यक हो तो जीवन-वृत्त अथवा पृथक पत्रक संलग्न करें.
17. अभ्युक्ति, यदि कोई हो :

(अभ्यर्थी के हस्ताक्षर)

दिनांक :

परिशिष्ट-ग

**वचनबद्धता**

1. मैं एतद्द्वारा प्रमाणित करता हूं कि विज्ञापन और परिशिष्टों में प्रदान की गई सभी सूचनाएं सत्य और सही हैं तथा इस प्रस्ताव के साथ संलग्न सभी दस्तावेज उनके संबंधित मूल दस्तावेजों की सत्य प्रतिलिपियां हैं.
2. मैं कर्मचारी राज्य बीमा निगम को ऐसी कोई भी अतिरिक्त सूचना उपलब्ध कराऊंगा, जिसे वह आवेदन के अनुपूरण या प्रमाणीकरण के लिए आवश्यक या वांछित समझे.
3. मैं, किसी भी कारण को बताए बिना या अन्यथा मेरे आवेदन को अस्वीकार करने के क.रा.बी. निगम के अधिकार को स्वीकार करता हूं और किसी भी आधार पर इसे चुनौती देने के अपने अधिकार का एतद्द्वारा परित्याग करता हूं.
4. मैं प्रमाणित करता हूं कि मैं न तो किसी संविदा को पूरा करने में विफल रहा हूं, न ही किसी सांविधिक प्राधिकरण/सार्वजनिक अभिकरण द्वारा मुझे विवर्जित किया गया है, और न ही किसी सार्वजनिक अभिकरण/प्राधिकरण द्वारा मेरे विरुद्ध कोई वाद या जांच चल रही है.
5. मैं घोषणा करता हूं कि :

क. मैंने क.रा.बी.निगम द्वारा जारी परिशिष्ट सहित विज्ञापित दस्तावेजों की जांच कर ली है और मुझे उनके संबंध में कोई आपत्ति नहीं है;

ख. विज्ञापित दस्तावेज के निबंधनों के अनुसार मेरा कोई हित संघर्ष नहीं है; तथा

ग. मैं प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से अथवा किसी एजेंट के माध्यम से किसी भी भ्रष्ट आचरण, कपटपूर्ण आचरण, पर-पीड़क आचरण, अवांछनीय आचरण या प्रतिबंधात्मक आचरण में शामिल या लिप्त नहीं रहा हूं, जैसा कि विज्ञापित दस्तावेज में परिभाषित किया गया है.

6. मैं यह समझता हूं कि क.रा.बी. निगम किसी भी समय चयन प्रक्रिया को रद्द कर सकता है और क.रा.बी. निगम विज्ञापित दस्तावेज के निबंधनों के अनुसार, आवेदकों के प्रति बिना किसी देयता के, क.रा.बी. निगम को प्राप्त होने वाले किसी भी आवेदन को स्वीकार करने या परामर्शदाता का चयन करने के लिए बाध्य नहीं है.
7. मैं एतद्द्वारा उपर्युक्त नियुक्ति के संबंध में परामर्शदाता के चयन या चयन प्रक्रिया से जुड़े क.रा.बी. निगम द्वारा लिए गए किसी भी निर्णय को चुनौती देने या उस पर प्रश्न उठाने के लिए किसी भी चरण में मुझे विधिक या अन्यथा प्राप्त होने वाले किसी भी ऐसे अधिकार या समाधान का अपरिवर्तनीय रूप से परित्याग करता हूं.
8. मैं सहमत हूं और समझता हूं कि यह प्रस्ताव विज्ञापित दस्तावेज के प्रावधानों के शर्ताधीन है. यदि परियोजना के लिए मुझे परामर्श प्रदान नहीं की जाती है या मेरा प्रस्ताव नहीं खोला जाता है या अस्वीकार कर दिया जाता है, तो किसी भी स्थिति में मेरा किसी भी प्रकार का कोई दावा या अधिकार नहीं होगा.
9. परामर्शदाता के रूप में चुने जाने की स्थिति में, मैं समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए सहमत हूं और उसका पालन करने के लिए प्रतिबद्ध हूं.
10. मैं विज्ञापित दस्तावेज के सभी निबंधन और शर्तों का पालन करने के लिए सहमत और वचनबद्ध हूं.
11. मैं, इस समझौते की अवधि के दौरान या इसकी समाप्ति पर या समापन के दो वर्ष के भीतर, क.रा.बी. निगम की पूर्व लिखित सहमति के बिना, किसी भी ऐसी एकाधिकार वाली जानकारी को प्रकट नहीं करूंगा, जिसमें रिपोर्ट, आंकड़े, रेखाचित्र, डिजाइन सॉफ्टवेयर या अन्य सामग्री से संबंधित जानकारी शामिल है, चाहे वह लिखित हो या मौखिक, इलेक्ट्रॉनिक या चुंबकीय प्ररूप में हो, और उनकी अंतर्वस्तु; तथा क.रा.बी. निगम द्वारा परामर्शदाता को प्रदत्त पूर्वगामी में से किसी से भी तैयार या प्राप्त कोई भी रिपोर्ट, सार-संग्रह या सारांश; क.रा.बी. निगम द्वारा प्रदत्त या इससे संबंधित तकनीक, तकनीकी प्रक्रियाओं, व्यावसायिक मामलों या वित्त या उससे संबंधित कोई भी जानकारी या क.रा.बी. निगम के कर्मचारियों, अधिकारियों या अन्य पेशेवरों या क.रा.बी. निगम के आपूर्तिकर्ताओं, ग्राहकों या संविदाकारों से संबंधित कोई भी जानकारी; और ऐसी कोई भी अन्य जानकारी जिसे परामर्शदाता परियोजना, सेवाओं या समझौते के संबंध में गोपनीय रखने के लिए बाध्य है.

दिनांक : (आवेदक के हस्ताक्षर और नाम)

स्थान : EN 15/41

---

**Pandit Shambhu Nath Shukla University, Shahdol (MP)**

## पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय, शहडोल (मध्य प्रदेश)

ई-मेल : ptsnsuniversity@gmail.com ● वेबसाइट : ptsnsuniversity.ac.in

क्रमांक : 881/2026 शहडोल, दिनांक : 23.06.2026

### प्रोफेसर पद हेतु विज्ञापन

**पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय, शहडोल (मध्य प्रदेश) में प्रोफेसर के पदों (7वें वेतन आयोग के अनुसार शैक्षणिक वेतन स्तर-14) पर नियुक्ति हेतु पात्र अभ्यर्थियों से निम्नलिखित विवरणानुसार आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.**

| क्र. | विषय | पद | UR | ST | SC | OBC | EWS |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जैव प्रौद्योगिकी | 01 | 1 | --- | --- | --- | --- |
| 2 | वनस्पति विज्ञान | 01 | --- | --- | --- | 1 | --- |
| 3 | रसायन विज्ञान | 02 | 1 | 1 | --- | --- | --- |
| 4 | वाणिज्य | 01 | --- | --- | 1 | --- | --- |
| 5 | कंप्यूटर विज्ञान | 01 | 1 | --- | --- | --- | --- |
| 6 | अर्थशास्त्र | 01 | --- | --- | --- | 1 | --- |
| 7 | इलेक्ट्रॉनिक्स | 01 | --- | 1 | --- | --- | --- |
| 8 | अंग्रेजी | 01 | --- | --- | --- | --- | 1 |
| 9 | मत्स्य विज्ञान | 01 | --- | --- | 1 | --- | --- |
| 10 | भूगोल | 01 | --- | --- | --- | 1 | --- |
| 11 | हिंदी | 01 | 1 | --- | --- | --- | --- |
| 12 | इतिहास | 01 | --- | 1 | --- | --- | --- |
| 13 | गणित | 01 | 1 | --- | --- | --- | --- |
| 14 | भौतिकी | 01 | --- | --- | --- | 1 | --- |
| 15 | राजनीति विज्ञान | 01 | --- | --- | 1 | --- | --- |
| 16 | संस्कृत | 01 | 1 | --- | --- | --- | --- |
| 17 | समाजशास्त्र | 01 | --- | --- | --- | 1 | --- |
| 18 | प्राणी विज्ञान | 01 | --- | --- | --- | --- | 1 |
| | कुल पद | 19 | 06 | 03 | 03 | 05 | 02 |

**नोटः** महिला एवं दिव्यांगजन (पी.डब्ल्यू.डी.) अभ्यर्थियों के लिए आरक्षण मध्य प्रदेश शासन के नियमों के अधीन होगा. नियुक्तियां आरक्षण संबंधी माननीय उच्च न्यायालय के निर्णय के अनुसार की जाएंगी. उपर्युक्त पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव यूजीसी विनियम, 18 जुलाई 2018 के अनुसार होंगे. सेवा शर्तें, आरक्षण एवं आयु में छूट विश्वविद्यालय के नियमों, विनियमों तथा राज्य शासन के प्रावधानों के अनुसार लागू होंगी.

विस्तृत जानकारी, महत्वपूर्ण निर्देश एवं आवेदन-पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट **https://ptsnsuniversity.ac.in/recruitment** पर उपलब्ध है. **ऑनलाइन आवेदन 30 जून, 2026 से स्वीकार किए जाएंगे. ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम** तिथि 30 जुलाई, 2026 है.

अभ्यर्थियों को पूर्ण रूप से भरे हुए ऑनलाइन आवेदन-पत्र की मुद्रित प्रति, संबंधित दस्तावेजों की स्वप्रमाणित प्रतियों तथा ऑनलाइन शुल्क भुगतान के प्रमाण (लेन-देन आईडी/रसीद) सहित पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट अथवा व्यक्तिगत रूप से निम्नलिखित पते पर भेजनी होगी— **कुलसचिव, पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय, नवलपुर परिसर, शहडोल (मध्य प्रदेश) - 484001.** ऑनलाइन **आवेदन-पत्र की मुद्रित** प्रति प्राप्त होने की अंतिम **तिथि 10 अगस्त, 2026 सायं 5:00 बजे** तक है.

**अभ्यर्थी लिफाफे पर स्पष्ट रूप से प्रोफेसर (विषय ..............), विज्ञापन संख्या एवं दिनांक अंकित करें.**

नोटः शैक्षणिक योग्यता, चयन प्रक्रिया, आवेदन शुल्क, आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि आदि से संबंधित विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.ptsnsuniversity.ac.in** पर उपलब्ध महत्वपूर्ण निर्देश अनुभाग में देखी जा सकती है. अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे आगे के निर्देशों/अद्यतनों के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट का नियमित रूप से अवलोकन करते रहें. — कुलसचिव

EN 15/20

---

## केन्द्रीय ऊन विकास बोर्ड, वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार

## Central Wool Development Board

**Ministry of Textiles, Govt. of India**

प्रथम तल, बीएसएनएल भवन, मांजी का हत्था, पाओटा, जोधपुर - 342006 (राजस्थान)

फोन नं. 0291-2616328, ई-मेल woolboard-textiles@gov.in वेबसाइट www.woolboard.in

संख्या : CWDB/Estt./YP/2025/357 दिनांक : 13.06.2026

### विज्ञापन सूचना

केंद्रीय ऊन विकास बोर्ड (सीडब्ल्यूडीबी), जोधपुर, वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त निकाय के कार्यालय में यंग प्रोफेशनल (वाईपी) के पद पर नियुक्ति हेतु नीचे उल्लिखित पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

1. **संविदा के आधार पर नियुक्त किए जाने वाले यंग प्रोफेशनल (वाईपी) के पदों की संख्या** : 02 **(श्रेणी-II)**
2. **आयु सीमा** : अभ्यर्थी की आयु **1 अगस्त, 2026 को 35 वर्ष** से कम होनी चाहिए.
3. **अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता** : किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर डिग्री.
4. **वांछनीय शैक्षणिक योग्यता** :

(क) वस्त्र अभियांत्रिकी/डिजाइनिंग में डिग्री रखने वाले अभ्यर्थियों को वरीयता दी जाएगी.

(ख) माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस (वर्ड, एक्सेल, पावरपॉइंट), सांख्यिकीय सॉफ्टवेयर तथा डेटा विश्लेषण उपकरणों पर कार्य करने में दक्षता.

(ग) उत्कृष्ट मौखिक एवं संप्रेषण कौशल.

(घ) प्रतिवेदन, प्रस्तुतीकरण, आधिकारिक पत्राचार तथा ई-मेल आदि तैयार करने में दक्षता.

5. **अनुभव** : शैक्षणिक योग्यता प्राप्त करने के उपरांत न्यूनतम एक वर्ष का अनुभव आवश्यक होगा.
6. **मासिक पारिश्रमिक** : रु. 60,000/-
7. **नियुक्ति की अवधि** : प्रारंभ में एक वर्ष, जिसे आवश्यकता के अनुसार अधिकतम तीन वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है.

विधिवत भरा हुआ आवेदन-पत्र स्पीड पोस्ट के माध्यम से केंद्रीय ऊन विकास बोर्ड, जोधपुर कार्यालय में **3 अगस्त, 2026** तक प्राप्त होना चाहिए.

अधिक जानकारी के लिए बोर्ड की वेबसाइट www.woolboard.in देखें.

कार्यकारी निदेशक

CBC 41125/11/0002/2627 EN 15/59

# CORDITE FACTORY, ARUVANKADU
# कॉर्डाइट निर्माणी अरुवनकाडु

**(UNIT OF MUNITIONS INDIA LIMITED)**
**म्यूनिशंस इंडिया की एक इकाई**

**RECRUITMENT NOTICE**
**नियुक्ति सूचना**

**प्रशिक्षुओं [आई टी आई/गैर आई टी आई (ए ओ सी पी एवं एल ए सी पी)] की नियुक्ति**

**ENGAGEMENT OF TRADE APPRENTICES (ITI/NON-ITI (AOCP) & LACP)**

59 बैच के प्रशिक्षुओं - 47 पद (गैर आई टी आई- 20 पद पूर्व आई टी आई-20 पद & पूर्व आई टी आई (एल ए सी पी) 07 पद) की नियुक्ति हेतु आवश्यक योग्यता प्राप्त उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं. इच्छुक व्यक्तियों से निवेदन है कि वे विस्तृत विज्ञापन और आवेदन प्रपत्र हेतु वेबसाइट www.ddpdoo.gov.in का अवलोकन करें.

Applications are invited for the engagement of 59th Batch TRADE APPRENTICES-47 Nos. (Non-ITI-20 Nos; Ex-ITI-20 Nos. & Ex-ITI (LACP) -07 Nos.) from the candidates possessing requisite qualifications. Interested persons are requested to refer to the website: www.ddpdoo.gov.in for the detailed advertisement, and application form.

पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदनों की प्राप्ति की अंतिम तिथि रोज़गार समाचार में इस विज्ञापन के प्रकाशन होने की तिथि से 21 दिन होगी.

**LAST DATE OF RECEIPT OF COMPLETED APPLICATIONS: 21 DAYS FROM THE DATE OF PUBLISHING OF THIS ADVERTISEMENT IN EMPLOYMENT NEWS.**

CBC 10201/11/0020/2627

EN 15/63

## होटल प्रबंधन, खान-पान प्रौद्योगिकी एवं अनुप्रयुक्त पोषाहार संस्थान, लखनऊ

Institute of Hotel Management, Catering Technology & Applied Nutrition, Lucknow
(An Autonomous Body under Ministry of Tourism, Government of India)
Sector-G, Aliganj, Lucknow-226024, Uttar Pradesh, INDIA
Email: ihmlucknow@gmail.com; Website: www.ihmlucknow.com; Telephone: 0522-4077414 / 15

Advertisement No. IHMLKO- 01/2026 Date : 19.06.2026

**भर्ती सूचना/RECRUITMENT NOTICE**

होटल प्रबंधन, खानपान प्रौद्योगिकी एवं अनुप्रयुक्त पोषण संस्थान (IHM) लखनऊ में निम्नलिखित पदों पर नियुक्ति हेतु पात्र भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

| पद का नाम | पदों की संख्या | भर्ती का प्रकार |
|---|---|---|
| विभागाध्यक्ष | 01 (SC) | प्रतिनियुक्ति (असफल रहे अल्पकालिक संविदा) |
| व्याख्याता | 01 (SC) | प्रत्यक्ष भर्ती/Direct Recruitment |
| सहायक व्याख्याता-सह-सहायक प्रशिक्षक | 05 (OBC-02, ST-01, UR-01, EWS-01) | प्रत्यक्ष भर्ती/Direct Recruitment |
| अवर श्रेणी लिपिक | 03* (OBC-01, UR-01, ST-01) (*01 PwD) | प्रत्यक्ष भर्ती/Direct Recruitment |
| कार्यालय अधीक्षक | 01 | प्रतिनियुक्ति/Deputation |
| मेंटेनेंस फोरमैन कम केयरटेकर | 01 | संविदा Contract Basis |

**योग्यता एवं अन्य शर्तें / Eligibility & Other Conditions** : शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, आयु सीमा, वेतनमान तथा अन्य सेवा शर्तें राष्ट्रीय होटल प्रबंधन एवं कैटरिंग प्रौद्योगिकी परिषद् (NCHMCT), पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार तथा संस्थान के भर्ती नियमों के अनुसार निर्धारित होंगी।

**आवेदन कैसे करें /How to Apply**

- विस्तृत विज्ञापन, आवेदन प्रपत्र, पात्रता मानदंड तथा अन्य निर्देश संस्थान की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। www.ihmlucknow.com
- आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि : 31.07.2026

EN 15/18

भाअजप्रा
iwai

## भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण
## Inland Waterways Authority of India

(पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार)
ए-13, सेक्टर-1, नोएडा - 201301 (उत्तर प्रदेश)
फोन : 0120-2544036 एवं 2474050

**सूचना**

दिनांक : 24.06.2026

**संदर्भः रोज़गार सूचना संख्या IWAI-12013/2/2024-ADMIN RECTT-Part(1) दिनांक 18.02.2026**

उपरोक्त के संदर्भ में, प्रतिनियुक्ति आधार पर 03 वर्षों की अवधि के लिए **निदेशक** के 01 रिक्त पद को भरने हेतु आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि **17 जुलाई, 2026 तक** बढ़ा दी गई है.

अधिक जानकारी के लिए, कृपया IWAI वेबसाइटः **www.iwai.nic.in** देखें.

सचिव

EN 15/13

## असम वैली फर्टिलाइज़र एंड केमिकल कंपनी लिमिटेड

AVFCCL

**(असम सरकार, ओआईएल, एनएफएल, एचयूआरएल एवं बीवीएफसीएल का संयुक्त उपक्रम)**

**विज्ञापन संख्याः ई/03/2026**

**नियमित आधार पर नेतृत्वकारी पद हेतु कार्यकारी की भर्ती**

| क्र. सं. | पद | विषय/विभाग | न्यूनतम शैक्षिक योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1. | मुख्य वित्तीय अधिकारी | वित्त | सीए अथवा सीएमए अथवा वित्त में दो वर्षीय पूर्णकालिक नियमित एमबीए, न्यूनतम 60% अंकों के साथ. |

**पारिश्रमिक**

एवीएफसीसीएल अपने कर्मचारियों को आकर्षक तथा उद्योग के सर्वश्रेष्ठ वेतन एवं सुविधाओं वाले पारिश्रमिक पैकेजों में से एक प्रदान करता है. देय औसत वेतन का सांकेतिक विवरण निम्नानुसार है-

| क्र. सं. | पदनाम | पदों की संख्या | पदोत्तर न्यूनतम कार्यानुभव (वर्ष) | अधिकतम आयु सीमा (वर्ष) | वेतनमान (रु.) | वेतनमान के अनुसार अनुमानित सीटीसी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मुख्य वित्तीय अधिकारी (ई-8) | 01 | 25 | 53 | रु. 1,20,000 - रु. 2,80,000 | 38 लाख रुपये प्रतिवर्ष |

**महत्वपूर्ण तिथियां**

| क्र. सं. | विवरण | तिथि |
|---|---|---|
| 1. | आवेदन जमा करने की प्रारंभिक तिथि | 07.07.2026 |
| 2. | आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि | 27.07.2026 |
| 3. | आयु एवं अनुभव की गणना हेतु कट-ऑफ तिथि | 31.03.2026 |

**उक्त पद के लिए ऑनलाइन पंजीकरण 07.07.2026 को दोपहर 01:00 बजे प्रारंभ होगा तथा 27.07.2026 को सायं 05:00 बजे बंद होगा.**

**पंजीकृत कार्यालयः**
**चौथी मंजिल, एनईडीएफआई हाउस, जी.एस. रोड, दिसपुर, कामरूप - 781006, असम, भारत.**

विस्तृत जानकारी के लिए देखें: JOBS.AVFCCL.NET.IN EN 15/71

Fax : 0484-2370879
E-mail : cifnet@nic.in
cifnethq@yahoo.com

Phone : 0484-2351610, 2351493, 2351790
After Office : 0484-2351610
Director (Per) : 0484-2351107

PMMSY

CIFNET

भारत सरकार
Government of India
मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय- मत्स्यपालन विभाग
**Ministry of Fisheries, Animal Husbandry & Dairying - Dept. of Fisheries**

## केंद्रीय मत्स्य नौचालन एवं इंजीनियरी प्रशिक्षण संस्थान
## Central Institute of Fisheries Nautical and Engineering Training

फाईन आर्ट्स एवेन्यू, कोच्चि (केरल) /Fine Arts Avenue, Kochi (Kerala)-682016

फा. सं. 13-11/2023-प्रशा. दिनांकः 30/06/2026

**भर्ती सूचना**

मत्स्यपालन विभाग के अधीनस्थ केंद्रीय मत्स्य नौचालन एवं इंजीनियरी प्रशिक्षण संस्थान (सिफनेट) में वेतन मैट्रिक्स स्तर- 10 (रु. 56,100-1,77,500) के **ज्येष्ठ अनुदेशक (मत्स्य ग्रहण प्रौद्योगिकी)** (समूह 'क' राजपत्रित, अननुसचिवीय) के एक पद को प्रतिनियुक्ति आधार पर भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं. पात्र अधिकारी संस्थान की वेबसाइट **(cifnet.gov.in)** पर उपलब्ध निर्धारित आवेदन प्रारूप में आवेदन कर सकते हैं. पूर्ण रूप से भरा हुआ आवेदन पत्र, सभी संबंधित दस्तावेजों के साथ, उचित माध्यम से **निदेशक, केंद्रीय मत्स्य नौचालन एवं इंजीनियरी प्रशिक्षण संस्थान (सिफनेट), फोरशोर रोड, कोच्ची- 682016 को प्रेषित किया जाना चाहिए. आवेदन पत्र रोज़गार समाचार (एम्प्लॉयमेंट न्यूज) में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर संस्थान में पहुंच जाना चाहिए,** जिसके साथ अवर सचिव या उससे ऊपर के स्तर के अधिकारी द्वारा विधिवत प्रमाणित पिछले पांच वर्षों के एपीएआर (APARs)/ एसीआर (ACRs) की सत्यापित प्रतियां, सतर्कता अनापत्ति तथा सत्यनिष्ठा प्रमाणपत्र संलग्न होना अनिवार्य है.

विस्तृत विज्ञापन और आवेदन पत्र संस्थान की वेबसाइट **(cifnet.gov.in)** पर उपलब्ध हैं. इस भर्ती के संबंध में कोई भी परिशिष्ट (ऐडेंडम), शुद्धिपत्र (कॉरिजेंडम) या आगामी अपडेट केवल संस्थान की वेबसाइट पर ही अपलोड किया जाएगा.

EN 15/70 निदेशक

## इंदिरा गांधी राष्ट्रीय उड़ान अकादमी

(नागर विमानन मंत्रालय, भारत सरकार के अन्तर्गत स्वायत्त निकाय)
फुरसतगंज एयरफील्ड, अमेठी- 229302, उत्तर प्रदेश

**अधिसूचना**

इग्रुआ अनुबंध के आधार पर निम्न पदों हेतु इच्छुक एवं अनुभवी उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है.

| क्रम संख्या | पद का नाम | विज्ञापन संख्या |
|---|---|---|
| 01 | प्लम्बर | इग्रुआ/विज्ञापन/18/2026 |
| 02 | प्रबंधक मानव संसाधन | इग्रुआ/विज्ञापन/19/2026 |
| 03 | ग्राउंड इंस्ट्रक्टर (एयर रेगुलेशन) | इग्रुआ/विज्ञापन/20/2026 |

अधिक जानकारी हेतु उम्मीदवार इग्रुआ की आधिकारिक वेबसाइट **https://igrua.gov.in/** पर कैरियर पेज पर विजिट कर सकते हैं.

निदेशक
इग्रुआ

EN 15/69

रिक्ति परिपत्र
सं. 1(3)/2026-एबीसीडी
भारत सरकार

## इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई)

इलेक्ट्रॉनिक्स निकेतन, 6- सीजीओ कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली-110003

**महानिदेशक, सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया (एसटीपीआई), एमईआईटीवाई के अंतर्गत एक स्वायत्त संस्था, के पद को भरने के लिए आवेदन पत्र.**

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) महानिदेशक, सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया (एसटीपीआई), एमईआईटीवाई के अंतर्गत एक स्वायत्त संस्था, के पद को वेतन मैट्रिक्स के स्तर-15 पर वेतनमान (रु. 1,82,200/- रु. 2,24,100/-) में सीधी भर्ती/प्रतिनियुक्ति प्रणाली से भरने का प्रस्ताव करता है. आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि रोज़गार समाचार में इसके विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से 45 दिन बाद तक होगी.

2. इसके अतिरिक्त, विवरण और आवेदन फॉर्म एमईआईटीवाई (**http://meity.gov.in**), एसटीपीआई (**www.stpi.in**), डीओपीटी (**http://persmin.gov.in**) और राष्ट्रीय कैरियर सेवा पोर्टल (**www.ncs.gov.in**) की वेबसाइटों से प्राप्त किए जा सकते हैं.

**CBC 06101/11/0001/2627**

**EN 15/60**

---

भारत सरकार
वित्त मंत्रालय

## व्यय विभाग

### महानियंत्रक लेखा (सीजीए) का कार्यालय

**महानियंत्रक लेखा (सीजीए), नई दिल्ली के कार्यालय में वेतन मैट्रिक्स के लेवल-6 में स्टेनोग्राफर ग्रेड-I के 30 (तीस) पदों को प्रतिनियुक्ति आधार पर भरने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि बढ़ाए जाने के संबंध में.**

25 अप्रैल-1 मई, 2026 (ईएन 4/31) दिनांकित एम्प्लॉयमेंट न्यूज़ में प्रकाशित तथा सीजीए की वेबसाइट पर अपलोड किए गए रिक्ति परिपत्र, जिसके माध्यम से वेतन मैट्रिक्स (7वें सीपीसी) के लेवल-6 में स्टेनोग्राफर ग्रेड-I के 30 **पदों** को प्रतिनियुक्ति आधार पर भरने हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए थे, के संदर्भ में.
सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति से, उचित माध्यम से आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि **एक माह** के लिए बढ़ा दी गई है. तदनुसार, आवेदन प्राप्त करने की संशोधित अंतिम तिथि इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से **एक माह** होगी.
अन्य सभी नियम एवं शर्तें, पात्रता मानदंड तथा मूल रिक्ति परिपत्र में निर्धारित आवेदन प्रपत्र यथावत रहेंगे. इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी विस्तृत जानकारी के लिए सीजीए की वेबसाइट **https://www.cga.nic.in** पर उपलब्ध विस्तृत रिक्ति परिपत्र का अवलोकन कर सकते हैं.

**EN 15/79**

---

tifr

## टाटा मूलभूत अनुसंधान संस्थान

**(परमाणु ऊर्जा विभाग, भारत सरकार का स्वायत्त संस्थान)**
**सर्वे संख्या 36/पी, गोपनपल्ली गांव, सेरिलिंगमपल्ली मंडल, रंगा रेड्डी जिला, हैदराबाद-500046**
**वेबसाइटः www.tifrh.res.in**

**विज्ञापन संख्याः 2026/05**

टीआईएफआर, हैदराबाद में निम्नलिखित पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं. आवेदन संबंधी विवरण और निर्धारित आवश्यकताओं के लिए कृपया हमारी वेबसाइट देखें: **https://recruitment.tifrh.res.in/applicants/**

| क्र.सं. | पद का नाम | आरक्षण | | | | | | आवेदन की अंतिम तिथि पर आयु सीमा | 7वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के अनुसार वेतन स्तर एवं वेतन चरण | TME (रु.) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | UR | SC | ST | OBC | PwBD | EWS | | | |
| 1. | साइंटिफिक ऑफिसर (सी) | - | - | - | - | - | 1 | 28 | वेतन स्तर-10; वेतन चरण-1 | रु. 1,18,110/- |
| 2. | प्रोजेक्ट साइंटिफिक ऑफिसर (बी) | 1 | - | - | - | - | - | 28 | एचआरए सहित समेकित वेतन रु. 84,200/- | |
| 3. | प्रोजेक्ट जूनियर इंजीनियर (बी)- सिविल | 1 | - | - | - | - | - | 28 | एचआरए सहित समेकित वेतन रु. 63,900/- | |

**संक्षिप्त रूपः** UR- अनारक्षित, EWS - आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, TME- कुल मासिक परिलब्धियां.
आवेदन **केवल ऑनलाइन** स्वीकार किए जाएंगे.
ऑनलाइन आवेदन **रोजगार समाचार में प्रकाशन की तिथि से 21 दिनों के भीतर या उससे पहले** जमा किए जाने चाहिए. योग्यता, अनुभव, सामान्य जानकारी, ऑनलाइन आवेदन जमा करने संबंधी विवरण तथा आवेदन की अंतिम तिथि में किसी भी प्रकार के विस्तार के लिए कृपया वेबसाइट देखें: **https://recruitment.tifrh.res.in/applicants/**
इस विज्ञापन से संबंधित कोई भी शुद्धिपत्र केवल संस्थान की वेबसाइट पर जारी किया जाएगा. **EN 15/80** **प्रमुख, प्रशासन एवं वित्त**

---

रा ह वि नि NHDC

## राष्ट्रीय हथकरघा विकास निगम लिमिटेड

**(भारत सरकार का उपक्रम)**
पंजीकृत कार्यालयः- ए-2 से ए-5, सेक्टर-2, उद्योग मार्ग, नोएडा, जिला गौतमबुद्ध नगर- 201306 (यू.पी.)

विज्ञापन सं.: **NHDC/HR/DR/26/3** दिनांकः 11-07-2026

**निम्नलिखित पद पर सीधी भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.**

| क्रम. सं. | पदों का नाम | कोड | कुल पदों की संख्या | वर्ग |
|---|---|---|---|---|
| 1. | वरिष्ठ अधिकारी (राजभाषा) | SO-HR/DR/26/3/1 | 01 | अनारक्षित |

ऑनलाइन आवेदन की आरम्भ तिथिः **11 जुलाई, 2026**

ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथिः **31 जुलाई, 2026**

विस्तृत विज्ञापन/अपडेट/शुद्धिपत्र के लिए : **www.nhdc.org.in (Career Page)** देखें.

**EN 15/67** **(उप महाप्रबंधक-मानव संसाधन)**

---

ईपीआई EPI

## इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट्स (इंडिया) लि.

**(भारत सरकार का उद्यम)**

**विज्ञापन सं. HRM/REC/05/2026** दिनांकः **11.07.2026**

ईपीआई, भारत सरकार के तहत भारी उद्योग मंत्रालय के केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का एक मिनी रत्न उद्यम है जो पावर, स्टील, इंडस्ट्रियल, सिविल और इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र में टर्नकी आधार पर बहु आयामी परियोजना को पूरा करने का कार्य करती है। इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट्स (इंडिया) लिमिटेड, कॉर्पोरेट कार्यालय, कोर–3, स्कोप कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली–110003 में निश्चित अवधि के आधार पर **प्रबंधक ग्रेड–II (वित्त) (ई–2 स्तर), प्रबंधक ग्रेड–I (विधि) (ई–3 स्तर) / वरिष्ठ प्रबंधक (विधि) (ई–4 स्तर) की आवश्यकता है।**

अधिक जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट **'www.epi.gov.in'** पर जाएँ। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 20.07.2026 है। **यदि कोई संशोधन होता है तो उसे केवल हमारी वेबसाइट पर ही प्रकाशित किया जाएगा।**

**EN 15/76**

---

## भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान खड़गपुर

## Indian Institute of Technology Kharagpur

**विज्ञापन संख्या : R/05/2026** दिनांक :10 जून, 2026

संस्थान निम्नलिखित पदों के लिए भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है.
(i) पेशेवर प्रशिक्षु (वित्त एवं लेखा) - 10 पद
शैक्षिक योग्यता, आयु एवं अद्यतन जानकारी के लिए **http://www.iitkgp.ac.in/non-teaching-positions** पर जाएं.

**कुलसचिव / Registrar**

**CBC 21255/11/0003/2627** **EN 15/9**

## संगीत नाटक अकादेमी Sangeet Natak Akademi

**संगीत, नृत्य एवं नाटक की राष्ट्रीय अकादमी**

रवीन्द्र भवन, 35, फिरोजशाह रोड, नई दिल्ली-110001

दूरभाष : 011-23386648, 23387246, 23387247, 23387248

ई-मेल : mail@sangeetnatak.gov.in

### भर्ती विज्ञापन

संगीत नाटक अकादेमी (एसएनए), जो भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के अधीन एक स्वायत्त संगठन है, अकादेमी में तीन वर्ष की अवधि के लिए प्रतिनियुक्ति (स्थानांतरण सहित) के आधार पर निम्नलिखित पदों को भरने हेतु पात्र भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित करती है.

| पद का नाम | पदों की संख्या | वेतन मैट्रिक्स स्तर |
|---|---|---|
| उप सचिव (प्रशासन) | 01 | वेतन स्तर-11 |
| उप सचिव (वित्त एवं लेखा) | 01 | वेतन स्तर-11 |
| लेखा परीक्षा अधिकारी | 01 | वेतन स्तर-7 |

इन पदों से संबंधित पात्रता एवं अन्य विवरण अकादमी की वेबसाइट **www.sangeetnatak.gov.in** पर उपलब्ध हैं.

इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित प्रारूप में अपना आवेदन उचित माध्यम से, सतर्कता स्वीकृति तथा पिछले पांच वर्षों की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट/वार्षिक प्रदर्शन मूल्यांकन प्रतिवेदन [एसीआर/एपीएआर] सहित निम्नलिखित पते पर भेजें - **सचिव, संगीत नाटक अकादेमी, रवीन्द्र भवन, 35, फिरोजशाह रोड, नई दिल्ली-110001.**

**संगीत नाटक अकादेमी, नई दिल्ली में आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि 31 अगस्त, 2026 है.**

अकादेमी बिना कोई कारण बताए किसी भी अथवा सभी आवेदनों को अस्वीकार करने या भर्ती प्रक्रिया को किसी भी समय निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखती है.

**सचिव**
**संगीत नाटक अकादेमी**
**नई दिल्ली**

CBC 09114/11/0004/2627

EN 15/82

## तटीय जलीय कृषि प्राधिकरण

मत्स्यपालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय
पशुपालन एवं मत्स्यपालन विभाग के लिए एकीकृत कार्यालय परिसर
5वीं मंजिल, पशु चिकित्सालय रोड, फेनेपेट
नंदनम, चेन्नई - 600035

सत्यमेव जयते

तटीय जलीय कृषि प्राधिकरण (सीएए), भारत सरकार के मत्स्यपालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय के मत्स्यपालन विभाग के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन एक स्वायत्त निकाय है. प्राधिकरण निम्नलिखित पद को स्थानांतरण पर प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरने के लिए आवेदन आमंत्रित करता है:

| क्रम सं. | पद | पद का वेतनमान | भर्ती का तरीका |
|---|---|---|---|
| 1. | वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी 01 (एक) | 7वें वेतन आयोग के वेतन मैट्रिक्स के लेवल-10 (पूर्व संशोधित वेतनमानः रु. 15,600-39,100 + रु. 5,400 ग्रेड वेतन, पीबी-3) | प्रतिनियुक्ति/ समावेशन के आधार पर (संभावित रिक्ति के आधार पर) |

पदों का विवरण तथा पात्रता संबंधी शर्तों के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **https://caa.gov.in** देखें.

आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि 10.08.2026 है.

सचिव
तटीय जलीय कृषि प्राधिकरण (सीएए) चेन्नई

EN 15/58

## डिस्क्लेमर

रोजगार समाचार में प्रकाशित आलेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने होते हैं. यह आवश्यक नहीं है कि ये विचार सरकार अथवा उस संगठन के हों, जिससे वे संबंधित हैं. रोजगार समाचार में प्रकाशित विज्ञापनों की सामग्री संगठन अथवा उनके प्रतिनिधियों से संबंधित होती है. अभ्यर्थियों को आवेदन करने से पहले सामग्रियों के सही होने और उनके प्रभावों के बारे में स्वयं को अवश्य संतुष्ट कर लेना चाहिए. इन विज्ञापनों की विषयवस्तु/पाठ्य सामग्री को लेकर उत्पन्न किसी भी दायित्व के प्रति रोज़गार समाचार जिम्मेदार नहीं है.

## न्यूक्लियर पावर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
## Nuclear Power Corporation of India Ltd.

(भारत सरकार का उद्यम A Government of India Enterprise)

कुडनकुलम न्यूक्लियर पावर प्रोजेक्ट Kudankulam Nuclear Power Project

मानव संसाधन समूह HUMAN RESOURCE GROUP

कुडनकुलम पोस्ट, राधापुरम तालुक, तिरूनेलवेली जिला, तमिलनाडु-627106

Kudankulam P.O., Radhapuram Taluk, Tirunelveli District, Tamilnadu-627106

विज्ञापन सं.: एनपीसीआईएल/केकेएनपीपी/मा.सं.प्र./01/2026
ADVERTISEMENT NO: NPCIL/KKNPP/HRM/01/2026

**कुडनकुलम न्यूक्लियर पावर प्रोजेक्ट (केकेएनपीपी)**, एनपीसीआईएल विविध चुनौतीपूर्ण उत्तरदायित्वों को साझा करने हेतु श्रेणी-II के निम्नलिखित पदों के लिए वृत्तिकाग्राही प्रशिक्षु/तकनीशियन (एसटी/टीएन) के लिए पात्र भारतीय नागरिकों से आवेदन पत्र आमंत्रित करता है.

**Kudankulam Nuclear Power Project (KKNPP)**, NPCIL invites applications from eligible Indian Citizens for the following posts of Category-II: Stipendiary Trainees/Technicians (ST/TN) to share challenging spectrums of responsibilities.

केकेएनपीपी के लिए निम्नलिखित विषयों में श्रेणी II वृत्तिकाग्राही प्रशिक्षु/तकनीशियन (एसटी/टीएन) की आवश्यकता है, उन्हें 2 वर्ष की अवधि के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जिसमें उन्हें रु. 3,000/- का एक मुश्त पुस्तक भत्ते सहित प्रथम वर्ष रु. 20,000/- प्रति माह और द्वितीय वर्ष रु. 22,000/- प्रति माह की वृत्तिका मिलेगी और कोई अन्य भत्ता स्वीकार्य नहीं है. प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने पर, प्रशिक्षुओं को वेतन स्तर मेट्रिक्स के स्तर-3 में रु. 21,700 के मूल वेतन और अन्य लागू वेतन और भत्तों के साथ तकनीशियन-बी के पद पर नियुक्ति के लिए अवशोषित किया जाएगा.

**Category-II: Stipendiary Trainees/Technicians (ST/TN)** are required for KKNPP in the following disciplines, they will be provided training for a period of 2 years, in which for first year they will receive a stipend of Rs. 20,000/- per month & for second year Rs. 22,000/- per month with an one time book allowance of Rs. 3,000/- & no other allowance is admissible. Upon successful completion of training, the trainees will be absorbed for appointment for the post of Technician-B in level-3 of pay level matrix with Basic pay of Rs. 21,700 and other applicable pay & allowances.

**पात्रता मानदंड Eligibility Criteria:**

**1) वृत्तिकाग्राही प्रशिक्षु / तकनीशियन (एसटी / टीएन) (प्लांट ऑपरेटर):-** एचएससी (10+2) या आईएससी विज्ञान स्ट्रीम (भौतिकी, रसायन विज्ञान और गणित विषयों के साथ) में समग्रतः न्यूनतम 50% अंक.

**Stipendiary Trainees/Technicians (ST/TN)-(Plant Operator):- HSC (10+2) or ISC with Science Stream (with Physics, Chemistry and Mathematics Subject) with minimum 50% marks in aggregate.**

**2) वृत्तिकाग्राही प्रशिक्षु /तकनीशियन (एसटी/टीएन): (इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक/इंस्ट्रूमेंट मैकेनिक/इलेक्ट्रीशियन/फिटर/टर्नर/मशीनिस्ट /वेल्डर):-** विज्ञान विषय (विषयों) और गणित में व्यक्तिगत रूप से यूनतम 50% अंकों के साथ एसएससी (10वीं) + संबंधित ट्रेड में 2 वर्ष का आईटीआई प्रमाण पत्र. उन ट्रेडों के लिए जिनके लिए आईटीआई पाठ्यक्रम की अवधि 02 (दो) वर्ष से कम है, उम्मीदवारों को पाठ्यक्रम पूरा होने के बाद कम से कम 01 (एक) वर्ष का संबंधित कार्य अनुभव होना चाहिए.

**Stipendiary Trainees/Technicians (ST/TN): (Electronics Mechanic/ Instrument Mechanic/ Electrician/ Fitter/Turner/Machinist/Welder):-** SSC (10th) with minimum 50% marks in Science Subject (s) and Mathematics individually + 2 years ITI certificate in the relevant trade. For trades where the duration of the ITI course is less than 02 (two) years, the candidate should have at least 01 (one) year relevant working experience after completion of the course.

**उपरोक्त दोनों पदों के लिए उम्मीदवार को कम से कम एसएससी (10वीं) स्तर पर अंग्रेजी एक विषय के रूप में पढ़ा होना चाहिए.**

**For the both aforementioned posts candidate should have studied English as one of the subjects at least at SSC (10th) level.**

**आयु सीमा 18 - 24 वर्ष है.** अधिकतम आयु सीमा में छूटः ओबीसी (एनसीएल) 3 वर्ष, एससी / एसटी 5 वर्ष, पीडब्ल्यूबीडी 10 वर्ष (यदि ओबीसी (एनसीएल)/एससी/एसटी से संबंधित है तो पीडब्ल्यूबीडी की छूट संचयी है.

**Age Limit 18-24 years.** Upper age limit Relaxation: OBC (NCL) 3 Years, SC/ST 5 years, PwBD-10 Years (PwBD relaxation is cumulative, if belonging to OBC(NCL)/SC/ST).

**नोट Note :**

परियोजना प्रभावित व्यक्तियों (पीएपी) के लिए पात्रता मानदंड Eligibility Criteria for Project Affected Persons (PAP);

**1. (i) वृत्तिकाग्राही प्रशिक्षु / तकनीशियन (एसटी / टीएन) (प्लांट ऑपरेटर):-** कम से कम एसएससी स्तर की परीक्षा में एक विषय के रूप में अंग्रेजी के साथ विज्ञान स्ट्रीम (भौतिकी, रसायन विज्ञान और गणित विषयों के साथ) में न्यूनतम कुल 40% अंक के साथ एचएससी (12वीं एसटीडी) में उत्तीर्ण.

**Stipendiary Trainees/Technicians (ST/TN):-(Plant Operator):-** Pass in HSC (12th Std) with not less than 40% marks in aggregate in Science stream (with Physics, Chemistry and Mathematics subjects) with English as one of the subjects at least at SSC level examination.

**(ii) वृत्तिकाग्राही प्रशिक्षु/तकनीशियन (एसटी/टीएन):- (इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक/इंस्ट्रूमेंट मैकेनिक/इलेक्ट्रीशियन /फिटर/टर्नर/मशीनिस्ट/वेल्डर):-** 2 वर्ष की आईटीआई सहित विज्ञान व गणित और अंग्रेजी विषयों में से किसी एक एक विषय के साथ एसएससी स्तर की परीक्षा उत्तीर्ण की हो. जहां कहीं भी उन ट्रेडों के लिए जिनके लिए आईटीआई पाठ्यक्रम 2 वर्ष से कम है, पाठ्यक्रम पूरा होने के बाद संबंधित क्षेत्र में 1 वर्ष के अनुभव पर जोर दिया जाएगा.

**Stipendiary Trainees/Technicians (ST/TN) (Electronics Mechanic/ Instrument Mechanic/ Electrician/ Fitter/ Turner/Machinist/Welder):-** Pass in SSC with Science and Mathematics and English as one of the subjects at SSC level examination with 2 years ITI. Wherever for trades for which the ITI course is less than 2 years, 1 year experience in the relevant area after completion of the course shall be insisted.

2. समूह "सी" पदों पर चयन के सभी चरणों में बोनस अंक के रूप में कुल अंकों के 20% को परियोजना प्रभावित व्यक्तियों (पीएपी) के उम्मीदवारों द्वारा प्राप्त अंकों में जोड़ा जाएगा, जिनकी भूमि कुडनकुलम न्यूक्लियर पावर प्रोजेक्ट के लिए अधिग्रहित की गई है.

20% of the total marks as bonus marks will be added in the marks secured by the candidates from the Project Affected Persons (PAPs) whose land has been acquired for Kudankulam Nuclear Power Project in all the stages of selection to Group "C" Posts.

**रिक्तियों की कुल संख्याः 255** (एससी-54, एसटी-19, ओबीसी (एनसीएल) -77, ईडब्ल्यूएस-20, यूआर-85)

**Total Number of Vacancies: 255** (SC-54, ST-19, OBC(NCL) -77, EWS-20, UR-85)

कुल रिक्तियों में से 11 रिक्तियां बेंचमार्क निःशक्त जन के लिए आरक्षित हैं.

Out of the total vacancies, **11** vacancies are reserved for PwBDs.

विषय/ट्रेड और श्रेणीवार रिक्तियों, बैकलॉग रिक्तियों, पात्रता मानदंडों, अनुभव अपेक्षाओं, चयन प्रक्रिया, आवेदन प्रक्रिया, सामान्य नियम एवं शर्तों आदि के विवरण के साथ विस्तृत विज्ञापन **https://www.npcilcareers.co.in** और **https://www.npcil.nic.in** पर उपलब्ध होगा. ऑनलाइन आवेदन **15.07.2026 के 10:00 बजे से प्रारंभ होकर 04.08.2026 के 16:00 बजे तक रहेगा.**

The detailed advertisement comprising of break-up of discipline/trade and category wise vacancies, backlog vacancies, eligibility criteria, experience requirements, selection process, application process, general terms and conditions, etc. shall be available on **https://www.npcilcareers.co.in** and **https://www.npcil.nic.in.** Online application will starts **from 10:00 hrs of 15.07.2026 to Till 16:00 hrs of 04.08.2026.**

इस विज्ञापन में उल्लिखित पदों की भर्ती से संबंधित कोई और जानकारी/शुद्धिपत्र/परिशिष्ट आदि ऊपर उल्लिखित वेबसाइटों पर अपलोड की जाएगी.

Any further information/corrigendum/addendum, etc. pertaining to recruitment of the posts mentioned in this advertisement will be uploaded on the websites mentioned above.

**एनपीसीआईएल महिला-पुरुष समानता वाले कार्यबल के लिए प्रयासरत है और महिला आवेदकों को आवेदन करने हेतु प्रोत्साहित करता है.**
**NPCIL strives to have a workforce, which reflects gender balance and women**

CBC 48159/11/0001/2627

EN 15/51

# ब्रह्मपुत्र क्रैकर एंड पॉलिमर लिमिटेड
# Brahmaputra Cracker and Polymer Limited

(भारत सरकार का उपक्रम)/(A Govt. of India Enterprise)

लेपेतकटा, डिब्रूगढ़-786006

फोन: 7086008939/ ईमेल: : bcplcareer@bcplindia.co.in

**भर्ती अधिसूचना**

ब्रह्मपुत्र क्रैकर एंड पॉलीमर लिमिटेड (बीसीपीएल), पेट्रोल और प्राकृतिक गैस मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक अनुसूची 'ख' केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम(सीपीएसई), समस्त क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए वचनबद्ध उत्तरपूर्व क्षेत्र का सबसे बड़ा पेट्रोकेमिकल परिसर है. बीसीपीएल, संयंत्र और इनक्लूसिव ग्रोथ के सस्टेनेबल ऑपरेशन के प्रति समर्पित एक पर्यावरण सतर्क कॉर्पोरेट संस्था है.

कार्यकारी पदों के लिए विस्तृत नियम व शर्तें

**(विज्ञापन सं.बीसीपीएल-35/2026)**

**पदों का श्रेणीवार वितरण**

टेबल-1

| क्र.सं. | पद | ग्रेड | ऊपरी आयु सीमा* | पदों की संख्या (पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों के लिए आरक्षित पदों को छोड़कर) | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अना | अपिव | अजा | अजजा | ईडब्ल्यूएस | कुल |
| 1. | महाप्रबंधक (केमिकल) | ई-7 | 54 | - | 01 | 01 | - | - | 02 |
| 2. | उप महाप्रबंधक (अग्निशमन और सुरक्षा ) | ई-6# | 50 | 01 | - | - | - | - | 01 |
| 3. | मुख्य प्रबंधक (अग्निशमन और सुरक्षा) | ई-5 | 45 | 01 | - | - | - | - | 01 |
| 4. | वरिष्ठ अभियंता (केमिकल) | ई-1 | 30 | 01 | 01 | - | - | - | 02 |
| 5. | वरिष्ठ अधिकारी (कंपनी सचिवालय) | ई-1 | 30 | 01 | - | - | - | - | 01 |
| 6. | वरिष्ठ अभियंता (पर्यावरण) | ई-1 | 30 | 01 | - | - | - | - | 01 |
| 7. | वरिष्ठ अधिकारी (वित्त व लेखा) | ई-1 | 30 | 01 | - | - | - | - | 01 |
| 8. | वरिष्ठ अभियंता (इंस्ट्रूमेंटेशन) | ई-1 | 30 | 01 | - | - | - | - | 01 |
| | | | कुल | 07 | 02 | 01 | - | - | 10 |

* **अनारक्षित रिक्तियों के लिए ऊपरी आयु सीमा**

**प्रयुक्त संक्षिप्ति: अना**-अनारक्षित, **अपिव**-अन्य पिछड़ा वर्ग(नॉन क्रीमी लेयर), **अजा**-अनुसूचित जाति, **ईडब्ल्यूएस**-आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, **पीडब्ल्यूबीडी**- बैंचमार्क असशक्तता के साथ व्यक्ति.

# यदि ई-6 ग्रेड में योग्य उम्मीदवार उपलब्ध नहीं है तो प्रबंधन क्र.सं. 3 में पद को छोड़कर ई-5 ग्रेड में पात्र योग्य उम्मीदवार को भरने का अधिकार सुरक्षित रखता है.

**पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों के लिए आरक्षित पदों का श्रेणीवार वितरण**

टेबल-2

| क्र. सं. | पद | ग्रेड | पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों के लिए आरक्षित पदों की संख्या | | | | | निम्नलिखित श्रेणियों में पीडब्ल्यूबीडी के लिए योग्य के रूप में चिह्नित पद |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी क | पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी ख | पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी ग | पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी घ और च | कुल | |
| 1. | मुख्य प्रबंधक (मानव संसाधन) | ई-5 | 01 | - | - | - | 01 | अना- बी, एलवी |
| 2. | वरिष्ठ प्रबंधक (केमिकल) | ई-4 | - | 02 | - | - | 02 | अना-एचएच |
| 3. | वरिष्ठ प्रबंधक (वित्त व लेखा) | ई-4 | 01 | - | - | - | 01 | अना-बी, एलवी |
| 4. | वरिष्ठ प्रबंधक (मैकेनिकल) | ई-4 | - | 01 | - | - | 01 | अना-एचएच |
| 5. | वरिष्ठ प्रबंधक (विपणन) | ई-4 | - | - | - | 01 | 01 | अना-एसएलडी, एमआई, क से घ |
| 6. | प्रबंधक (केमिकल) | ई-3 | - | - | 02 | - | 02 | अना-ओए, ओएल, डीडब्ल्यू, एएवी |
| 7. | प्रबंधक (मानव संसाधन) | ई-3 | 01 | - | - | - | 01 | अना-बी, एलवी |
| 8. | उप प्रबंधक (इलेक्ट्रिकल) | ई-2 | - | 01 | - | - | 01 | अना-डी, एचएच |
| 9. | उप प्रबंधक (इंस्ट्रूमेंटेशन) | ई-2 | - | 01 | - | - | 01 | अना-डी, एचएच |
| 10. | उप प्रबंधक(मैकेनिकल) | ई-2 | - | - | 01 | - | 01 | अना-ओए, ओएल, डीडब्ल्यू, एएवी |
| 11. | उप प्रबंधक (वित्त व लेखा) | ई-2 | 01 | - | - | - | 01 | अना- बी, एलवी |
| 12. | उप प्रबंधक (संविदा व प्राप्ति) | ई-2 | 01 | - | - | - | 01 | अना- एलवी |
| 13. | उप प्रबंधक (मानव संसाधन) | ई-2 | - | - | - | 01 | 01 | अना-एएसडी,एसएलडी, एमआई, क से घ |
| 14 | उप प्रबंधक (सूचना प्रौद्योगिकी) | ई-2 | - | - | - | 01 | 01 | अना-एसएलडी, एमआई, क से घ |

**प्रयुक्त संक्षिप्ति:**

पीडब्ल्यूबीडी: बैंचमार्क असशक्तताओं के साथ व्यक्ति, **श्रे:** श्रेणी, **बी:** अंधापन, **एलवी:** अल्प दृष्टि, **डी:** बहरापन, **एचएच:** सुनने में कठिनाई, **ओए:** एक बांह, **ओएल:** एक पैर, **बीए:** दोनों बांह, **डीडब्ल्यू:** बौनापन, **एएवी:** एसिड अटैक पीड़ित, **एएसडी:** ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर (एम-माइल्ड, एमओडी-मोडरेट), **एसएलडी:** स्पेसिफिक लर्निंग डिसेबिलिटी, **एमआई:** मेंटल इलनेस, **एमडी:** बहु असशक्तता.

**न्यूनतम अनिवार्य पात्रता मानदंड**

टेबल-3

| क्र. सं. | पद, ग्रेड और वेतनमान | न्यूनतम अनिवार्य शैक्षिक योग्यता | न्यूनतम अनिवार्य अनुभव | ऊपरी आयु सीमा |
|---|---|---|---|---|
| 1. | महाप्रबंधक (केमिकल) ई-7 ग्रेड वेतनमान: रुपये 1,20,000/- 2,80,000/- | केमिकल/पेट्रोकेमिकल/ केमिकल प्रौद्योगिकी/ पेट्रोकेमिकल प्रौद्योगिकी में इंजीनियरी में स्नातक की डिग्री*. | 24 वर्ष का इनलाइन योग्यता पश्चात् कार्यकारी अनुभव (जीईटी/ईटी/ एमटी के रूप में अनुभव सहित). सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र में काम करने वाले उम्मीदवारों के पास अगले निम्न वेतनमान या अगले निम्न समकक्ष वेतनमान में न्यूनतम एक वर्ष का अनुभव होना चाहिए. | 54 वर्ष |
| 2. | उप महाप्रबंधक (अग्निशमन और सुरक्षा) ई-6 ग्रेड वेतनमान: रुपये 1,00,000/- 2,60,000/- | न्यूनतम 55% अंकों के साथ अग्निशमन/ अग्निशमन व सुरक्षा में इंजीनियरी में स्नातक की डिग्री.* केन्द्रीय/सरकार द्वारा मान्यताप्राप्त क्षेत्रीय श्रमिक संस्थान से औद्योगिक सुरक्षा में एक वर्ष के डिप्लोमा के साथ उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी. | 20 वर्ष का इनलाइन योग्यता पश्चात् कार्यकारी अनुभव (जीईटी/ईटी/ एमटी के रूप में अनुभव सहित). सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र में काम करने वाले उम्मीदवारों के पास अगले निम्न वेतनमान या अगले निम्न समकक्ष वेतनमान में न्यूनतम एक वर्ष का अनुभव होना चाहिए. | 50 वर्ष |
| 3. | मुख्य प्रबंधक (अग्निशमन और सुरक्षा) ई-5 ग्रेड वेतनमान: रुपये 90,000/- 2,40,000/- | न्यूनतम 55% अंकों के साथ अग्निशमन/ अग्निशमन व सुरक्षा में इंजीनियरी में स्नातक की डिग्री.* केन्द्रीय/सरकार द्वारा मान्यताप्राप्त क्षेत्रीय श्रमिक संस्थान से औद्योगिक सुरक्षा में एक वर्ष के डिप्लोमा के साथ उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी. | 16 वर्ष का इनलाइन योग्यता पश्चात् कार्यकारी अनुभव (जीईटी/ईटी/ एमटी के रूप में अनुभव सहित). सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र में काम करने वाले उम्मीदवारों के पास अगले निम्न वेतनमान या अगले निम्न समकक्ष वेतनमान में न्यूनतम एक वर्ष का अनुभव होना चाहिए. | 45 वर्ष |
| 4. | वरिष्ठ अभियंता (केमिकल) ग्रेड: ई-1 वेतनमान: रुपये 50,000/- 1,60,000/- | न्यूनतम 60% अंकों के साथ केमिकल/ पेट्रोकेमिकल/केमिकल प्रौद्योगिकी/ पेट्रोकेमिकल प्रौद्योगिकी में इंजीनियरी में स्नातक डिग्री.* | 01 वर्ष का इनलाइन योग्यता पश्चात् कार्यकारी अनुभव (जीईटी/ईटी/ एमटी के रूप में अनुभव सहित). | 30 वर्ष |

(शेष पृष्ठ 31 पर )

(पृष्ठ 30 का शेष)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 5. | **वरिष्ठ अधिकारी (कंपनी सचिवालय) ग्रेड: ई-1 वेतनमान: रुपये 50,000/- 1,60,000/-** | इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सैक्रेटरीज ऑफ इंडिया की सह सदस्यता धारण की होनी चाहिए. आईसीडब्ल्यूए/सीए की अतिरिक्त योग्यता/विधि में स्नातक की डिग्री वांछनीय होगी. | 01 वर्ष का इनलाइन योग्यता पश्चात् कार्यकारी अनुभव (ईटी/ एमटी के रूप में अनुभव सहित). | 30 वर्ष |
| 6. | **वरिष्ठ अभियंता (पर्यावरण) ग्रेड: ई-1 वेतनमान: रुपये 50,000/- 1,60,000/-** | न्यूनतम 60% अंकों के साथ पर्यावरण में इंजीनियरी में स्नातक की डिग्री.* | 01 वर्ष का इनलाइन योग्यता पश्चात् कार्यकारी अनुभव (जीईटी/ईटी/ एमटी के रूप में अनुभव सहित). | 30 वर्ष |
| 7. | **वरिष्ठ अधिकारी (वित्त व लेखा) ग्रेड: ई-1 वेतनमान: रुपये 50,000/- 1,60,000/-** | सीए/आईसीडब्ल्यूए **या** न्यूनतम 60% अंकों के साथ बी.कॉम और न्यूनतम 60% अंकों के साथ वित्त में विशेषज्ञता के साथ दो वर्ष का एमबीए ** **या** न्यूनतम 60% अंकों के साथ अर्थशास्त्र में ऑनर्स के साथ स्नातक(बीए) और न्यूनतम 60% अंकों के साथ वित्त में विशेषज्ञता के साथ दो वर्ष का एमबीए ** **या** न्यूनतम 60% अंकों के साथ गणित में ऑनर्स के साथ स्नातक(बीए/बी.एससी) और न्यूनतम 60% अंकों के साथ वित्त में विशेषज्ञता के साथ दो वर्ष का एमबीए ** **या** न्यूनतम 60% अंकों के साथ सांख्यिकी में ऑनर्स के साथ स्नातक (बीए/ बी.एससी) और न्यूनतम 60% अंकों के साथ वित्त में विशेषज्ञता के साथ दो वर्ष का एमबीए ** **या** न्यूनतम 60% अंकों के साथ इंजीनियरी में स्नातक* अर्थात् बी.ई/ बी.टेक और न्यूनतम 60% अंकों के साथ वित्त में विशेषज्ञता के साथ दो वर्ष का एमबीए **.<br>सीए/आईसीडब्ल्यूए योग्यता धारक उम्मीदवार को आईसीएआई/ आईसीडब्ल्यूएआई की अध्येता/सह सदस्यता धारक होना चाहिए. | 01 वर्ष का इनलाइन योग्यता पश्चात् कार्यकारी अनुभव (ईटी/ एमटी के रूप में अनुभव सहित)। | 30 वर्ष |
| 8. | **वरिष्ठ अभियंता (इंस्ट्रूमेंटेशन) ग्रेड: ई-1 वेतनमान: रुपये 50,000/- 1,60,000/-** | न्यूनतम 60% अंकों के साथ इंस्ट्रूमेंटेशन/ इंस्ट्रूमेंटेशन व नियंत्रण/ इलैक्ट्रॉनिक्स व इंस्ट्रूमेंटेशन/इलैक्ट्रिकल व इंस्ट्रूमेंटेशन/ इलैक्ट्रॉनिक्स/इलैक्ट्रिकल व इलैक्ट्रॉनिक्स में इंजीनियरी में स्नातक की डिग्री.* | 01 वर्ष का इनलाइन योग्यता पश्चात् कार्यकारी अनुभव (जीईटी/ईटी/ एमटी के रूप में अनुभव सहित). | 30 वर्ष |

**पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों के लिए न्यूनतम अनिवार्य पात्रता मानदंड**

*टेबल-4*

| क्र. सं. | पद, ग्रेड और वेतनमान | न्यूनतम अनिवार्य शैक्षिक योग्यता | न्यूनतम अनिवार्य अनुभव | ऊपरी आयु सीमा |
|---|---|---|---|---|
| 1. | **मुख्य प्रबंधक (मानव संसाधन) ग्रेड: ई-5 वेतनमान: रुपये 90,000/- 2,40,000/-** | न्यूनतम 50% अंकों के साथ स्नातक की डिग्री और न्यूनतम 55% अंकों के साथ कार्मिक प्रबंधन और औद्योगिक संबंध/मानव संसाधन प्रबंधन में विशेषज्ञता के साथ दो वर्ष का एमबीए**/ एमएसडब्ल्यू.<br>या न्यूनतम 50% अंकों के साथ स्नातक डिग्री और दो वर्ष की स्नातकोत्तर डिग्री/ न्यूनतम 55% अंकों के साथ कार्मिक प्रबंधन/ कार्मिक प्रबंधन और औद्योगिक संपर्क में दो वर्ष का पीजी डिप्लोमा. विधि में स्नातक डिग्री की अतिरिक्त योग्यता को प्राथमिकता दी जाएगी (व्यावसायिक). | 16 वर्ष का इनलाइन योग्यता पश्चात् कार्यकारी अनुभव (ईटी/ एमटी के रूप में अनुभव सहित).<br>सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र में काम करने वाले उम्मीदवारों के पास अगले निम्न वेतनमान या अगले निम्न समकक्ष वेतनमान में न्यूनतम एक वर्ष का अनुभव होना चाहिए. | 45 वर्ष |
| 2. | **वरिष्ठ प्रबंधक (केमिकल) ग्रेड: ई-4 वेतनमान: रुपये 80,000/- 2,20,000/-** | न्यूनतम 55% अंकों के साथ केमिकल/ पेट्रोकेमिकल/केमिकल प्रौद्योगिकी/पेट्रोकेमिकल प्रौद्योगिकी में इंजीनियरी में स्नातक डिग्री.* | 12 वर्ष का इनलाइन योग्यता पश्चात् कार्यकारी अनुभव (जीईटी/ ईटी/ एमटी के रूप में अनुभव सहित).<br>सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र में काम करने वाले उम्मीदवारों के पास अगले निम्न वेतनमान या अगले निम्न समकक्ष वेतनमान में न्यूनतम एक वर्ष का अनुभव होना चाहिए. | 40 वर्ष |
| 3. | **वरिष्ठ प्रबंधक (वित्त व लेखा) ग्रेड: ई-4 वेतनमान: रुपये 80,000/- 2,20,000/-** | सीए/आईसीडब्ल्यूए. **या** न्यूनतम 55% अंकों के साथ बी.कॉम और न्यूनतम 55% अंकों के साथ वित्त में विशेषज्ञता के साथ दो वर्ष का एमबीए ** **या** न्यूनतम 55% अंकों के साथ अर्थशास्त्र में ऑनर्स के साथ स्नातक(बीए) और न्यूनतम 55% अंकों के साथ वित्त में विशेषज्ञता के साथ दो वर्ष का एमबीए ** **या** न्यूनतम 55% अंकों के साथ गणित में ऑनर्स के साथ स्नातक(बीए/बी.एससी) और न्यूनतम 55% अंकों के साथ वित्त में विशेषज्ञता के साथ दो वर्ष का एमबीए ** **या** न्यूनतम 55% अंकों के साथ सांख्यिकी में ऑनर्स के साथ स्नातक (बीए/बी.एससी) और न्यूनतम 55% अंकों के साथ वित्त में विशेषज्ञता के साथ दो वर्ष का एमबीए ** **या** न्यूनतम 55% अंकों के साथ इंजीनियरी में स्नातक* अर्थात् बी.ई/बी.टेक और न्यूनतम 55% अंकों के साथ वित्त में विशेषज्ञता के साथ दो वर्ष का एमबीए **.<br>सीए/आईसीडब्ल्यूए योग्यता धारक उम्मीदवार को आईसीएआई/ आईसीडब्ल्यूएआई की अध्येता/सह सदस्यता धारक होना चाहिए. | 12 वर्ष का इनलाइन योग्यता पश्चात् कार्यकारी अनुभव (ईटी/ एमटी के रूप में अनुभव सहित).<br>सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र में काम करने वाले उम्मीदवारों के पास अगले निम्न वेतनमान या अगले निम्न समकक्ष वेतनमान में न्यूनतम एक वर्ष का अनुभव होना चाहिए. | 40 वर्ष |
| 4. | **वरिष्ठ प्रबंधक (मैकेनिकल) ग्रेड: ई-4 वेतनमान: रुपये 80,000/- 2,20,000/-** | न्यूनतम 55% अंकों के साथ मैकेनिकल/ उत्पादन/उत्पादन व औद्योगिक/निर्माण/ मैकेनिकल व ऑटोमोबाइल में इंजीनियरी में स्नातक की डिग्री.* | 12 वर्ष का इनलाइन योग्यता पश्चात् कार्यकारी अनुभव (जीईटी/ ईटी/ एमटी के रूप में अनुभव सहित).<br>सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र में काम करने वाले उम्मीदवारों के पास अगले निम्न वेतनमान या अगले निम्न समकक्ष वेतनमान में न्यूनतम एक वर्ष का अनुभव होना चाहिए. | 40 वर्ष |
| 5. | **वरिष्ठ प्रबंधक (विपणन) ग्रेड: ई-4 वेतनमान: रुपये 80,000/- 2,20,000/-** | न्यूनतम 55% अंकों के साथ इंजीनियरी में स्नातक की डिग्री* और न्यूनतम 55% अंकों के साथ विपणन में विशेषज्ञता के साथ दो वर्ष का एमबीए ** | 12 वर्ष का इनलाइन योग्यता पश्चात् कार्यकारी अनुभव (ईटी/ एमटी के रूप में अनुभव सहित).<br>सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र में काम करने वाले उम्मीदवारों के पास अगले निम्न वेतनमान या अगले निम्न समकक्ष वेतनमान में न्यूनतम एक वर्ष का अनुभव होना चाहिए, | 40 वर्ष |
| 6. | **प्रबंधक (केमिकल) ग्रेड: ई-3 वेतनमान: रुपये 70,000/- 2,00,000/-** | न्यूनतम 55% अंकों के साथ केमिकल/ पेट्रोकेमिकल/केमिकल प्रौद्योगिकी/पेट्रोकेमिकल प्रौद्योगिकी में इंजीनियरी में स्नातक की डिग्री.* | 08 वर्ष का इनलाइन योग्यता पश्चात् कार्यकारी अनुभव (जीईटी/ ईटी/ एमटी के रूप में अनुभव सहित).<br>सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र में काम करने वाले उम्मीदवारों के पास अगले निम्न वेतनमान या अगले निम्न समकक्ष वेतनमान में न्यूनतम एक वर्ष का अनुभव होना चाहिए. | 35 वर्ष |
| 7. | **प्रबंधक (मानव संसाधन) ग्रेड: ई-3 वेतनमान: रुपये 70,000/- 2,00,000/-** | न्यूनतम 50% अंकों के साथ स्नातक की डिग्री और न्यूनतम 55% अंकों के साथ कार्मिक प्रबंधन और औद्योगिक संबंध/ मानव संसाधन प्रबंधन में विशेषज्ञता के साथ दो वर्ष का एमबीए**/ एमएसडब्ल्यू.<br>या न्यूनतम 50% अंकों के साथ स्नातक डिग्री और दो वर्ष की स्नातकोत्तर डिग्री/ न्यूनतम 55% अंकों के साथ कार्मिक प्रबंधन/ कार्मिक प्रबंधन और औद्योगिक संपर्क में दो वर्ष का पीजी डिप्लोमा. विधि में स्नातक डिग्री की अतिरिक्त योग्यता को प्राथमिकता दी जाएगी (व्यावसायिक) | 08 वर्ष का इनलाइन योग्यता पश्चात् कार्यकारी अनुभव (ईटी/ एमटी के रूप में अनुभव सहित).<br>सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र में काम करने वाले उम्मीदवारों के पास अगले निम्न वेतनमान या अगले निम्न समकक्ष वेतनमान में न्यूनतम एक वर्ष का अनुभव होना चाहिए. | 35 वर्ष |
| 8. | **उप प्रबंधक (इलैक्ट्रिकल) ग्रेड: ई-2 वेतनमान: रुपये 60,000/- 1,80,000/-** | न्यूनतम 60% अंकों के साथ इलैक्ट्रिकल/ इलैक्ट्रिकल और इलैक्ट्रॉनिक्स में इंजीनियरी में स्नातक की डिग्री*. | 04 वर्ष का इनलाइन योग्यता पश्चात् कार्यकारी अनुभव (जीईटी/ ईटी/ एमटी के रूप में अनुभव सहित).<br>सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र में काम करने वाले उम्मीदवारों के पास अगले निम्न वेतनमान या अगले निम्न समकक्ष वेतनमान में न्यूनतम एक वर्ष का अनुभव होना चाहिए. | 32 वर्ष |

(शेष पृष्ठ 32 पर )

(पृष्ठ 31 का शेष)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 9. | उप प्रबंधक (इंस्ट्रूमेंटेशन) ग्रेड: ई-2 वेतनमान: रुपये 60,000/- 1,80,000/- | न्यूनतम 60% अंकों के साथ इंस्ट्रूमेंटेशन/ इंस्ट्रूमेंटेशन व नियंत्रण/ इलैक्ट्रॉनिक्स व इंस्ट्रूमेंटेशन/ इलैक्ट्रिकल व इंस्ट्रूमेंटेशन/ इलैक्ट्रॉनिक्स/इलैक्ट्रिकल व इलैक्ट्रॉनिक्स में इंजीनियरी में स्नातक की डिग्री.* | 04 वर्ष का इनलाइन योग्यता पश्चात् कार्यकारी अनुभव (जीईटी/ ईटी/ एमटी के रूप में अनुभव सहित). सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र में काम करने वाले उम्मीदवारों के पास अगले निम्न वेतनमान या अगले निम्न समकक्ष वेतनमान में न्यूनतम एक वर्ष का अनुभव होना चाहिए. | 32 वर्ष |
| 10. | उप प्रबंधक (मैकेनिकल) ग्रेड: ई-2 वेतनमान: रुपये 60,000/- 1,80,000/- | न्यूनतम 60% अंकों के साथ मैकेनिकल/उत्पादन/उत्पादन और औद्योगिक /निर्माण/मैकेनिकल और ऑटोमोबाइल में इंजीनियरी में स्नातक की डिग्री. | 04 वर्ष का इनलाइन योग्यता पश्चात् कार्यकारी अनुभव (जीईटी/ ईटी/ एमटी के रूप में अनुभव सहित). सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र में काम करने वाले उम्मीदवारों के पास अगले निम्न वेतनमान या अगले निम्न समकक्ष वेतनमान में न्यूनतम एक वर्ष का अनुभव होना चाहिए. | 32 वर्ष |
| 11. | उप प्रबंधक (वित्त व लेखा) ग्रेड: ई-2 वेतनमान: रुपये 60,000/- 1,80,000/- | सीए/आईसीडब्ल्यूए. या न्यूनतम 60% अंकों के साथ बी.कॉम और न्यूनतम 60% अंकों के साथ वित्त में विशेषज्ञता के साथ दो वर्ष का एमबीए** या न्यूनतम 60% अंकों के साथ अर्थशास्त्र में ऑनर्स के साथ स्नातक(बीए) और न्यूनतम 60% अंकों के साथ वित्त में विशेषज्ञता के साथ दो वर्ष का एमबीए** या न्यूनतम 60% अंकों के साथ गणित में ऑनर्स के साथ स्नातक (बीए/ बी.एससी) और न्यूनतम 60% अंकों के साथ वित्त में विशेषज्ञता के साथ दो वर्ष का एमबीए ** या न्यूनतम 60% अंकों के साथ सांख्यिकी में ऑनर्स के साथ स्नातक (बीए/बी.एससी) और न्यूनतम 60% अंकों के साथ वित्त में विशेषज्ञता के साथ दो वर्ष का एमबीए ** या न्यूनतम 60% अंकों के साथ इंजीनियरी में स्नातक* अर्थात् बी.ई/ बी.टेक और न्यूनतम 60% अंकों के साथ वित्त में विशेषज्ञता के साथ दो वर्ष का एमबीए **. सीए/आईसीडब्ल्यूए योग्यता धारक उम्मीदवार को आईसीएआई/ आईसीडब्ल्यूएआई की अध्येता/सह सदस्यता का धारक होना चाहिए. | 04 वर्ष का इनलाइन योग्यता पश्चात् कार्यकारी अनुभव (ईटी/ एमटी के रूप में अनुभव सहित). सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र में काम करने वाले उम्मीदवारों के पास अगले निम्न वेतनमान या अगले निम्न समकक्ष वेतनमान में न्यूनतम एक वर्ष का अनुभव होना चाहिए. | 32 वर्ष |
| 12. | उप प्रबंधक (संविदा और प्राप्ति) ग्रेड: ई-2 वेतनमान: रुपये 60,000/- 1,80,000/- | न्यूनतम 60% अंकों के साथ इंजीनियरी में स्नातक की डिग्री*. 02 वर्ष एमबीए ** के साथ सामग्री प्रबंधन में विशेषज्ञता के साथ उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी. | 04 वर्ष का इनलाइन योग्यता पश्चात् कार्यकारी अनुभव (जीईटी/ ईटी/ एमटी के रूप में अनुभव सहित). सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र में काम करने वाले उम्मीदवारों के पास अगले निम्न वेतनमान या अगले निम्न समकक्ष वेतनमान में न्यूनतम एक वर्ष का अनुभव होना चाहिए. | 32 वर्ष |
| 13. | उप प्रबंधक (मानव संसाधन) ग्रेड: ई-2 वेतनमान: रुपये 60,000/- 1,80,000/- | न्यूनतम 55% अंकों के साथ स्नातक की डिग्री और न्यूनतम 60% अंकों के साथ कार्मिक प्रबंधन और औद्योगिक संबंध/मानव संसाधन प्रबंधन में विशेषज्ञता के साथ दो वर्ष का एमबीए**/ एमएसडब्ल्यू. या न्यूनतम 55% अंकों के साथ स्नातक डिग्री और दो वर्ष की स्नातकोत्तर डिग्री/ न्यूनतम 60% अंकों के साथ कार्मिक प्रबंधन/ कार्मिक प्रबंधन और औद्योगिक संपर्क में दो वर्ष का पीजी डिप्लोमा. विधि में स्नातक डिग्री की अतिरिक्त योग्यता को प्राथमिकता दी जाएगी(व्यावसायिक). | 04 वर्ष का इनलाइन योग्यता पश्चात् कार्यकारी अनुभव (ईटी/ एमटी के रूप में अनुभव सहित). सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र में काम करने वाले उम्मीदवारों के पास अगले निम्न वेतनमान या अगले निम्न समकक्ष वेतनमान में न्यूनतम एक वर्ष का अनुभव होना चाहिए. | 32 वर्ष |
| 14. | उप प्रबंधक (सूचना प्रौद्योगिकी) ग्रेड: ई-2 वेतनमान: रुपये 60,000/- 1,80,000/- | न्यूनतम 60% अंकों के साथ कम्प्यूटर विज्ञान/ सूचना प्रौद्योगिकी में इंजीनियरी में स्नातक की डिग्री* या न्यूनतम 60% अंकों के साथ स्नातक की डिग्री और न्यूनतम 60% अंकों के साथ कम्प्यूटर एप्लीकेशन में 03 वर्ष की स्नातकोत्तर डिग्री(एमसीए). | 04 वर्ष का इनलाइन योग्यता पश्चात् कार्यकारी अनुभव (जीईटी/ ईटी/ एमटी के रूप में अनुभव सहित). | 32 वर्ष |

* बीई/बीटेक/बी.एससी इंजीनियरी शामिल है.

** प्रबंधन में दो वर्ष का स्नातकोत्तर डिप्लोमा/एमएमएस के साथ संबंधित क्षेत्र में विशेषज्ञता.

\# बड़े निजी क्षेत्र संगठन/संस्था/प्रतिष्ठित कंपनी में सूचीबद्ध कंपनियां(जिससे आशय होगा और एनएसई या बीएसई के ग्रुप क या ख में सूचीबद्ध कंपनियां शामिल हैं) या संगठन/संस्था/500 कर्मचारियों के अधिक की कंपनियां या उस संगठन में रोजगार के संबंधित वित्तीय वर्ष के दौरान रुपये 250 करोड़ से अधिक का टर्नओवर वाली कंपनियां शामिल होंगी.

विस्तृत विज्ञापन, पात्रता मानदंड, सामान्य शर्तें और अनुदेश और **ऑनलाइन आवेदन** करने के लिए कृपया बीसीपीएल की वेबसाइट **www.bcplonline.co.in** देखें.

महत्वपूर्ण तिथियां:

| | | |
|---|---|---|
| क. | **बीसीपीएल की वेबसाइट** www.bcplonline.co.in पर ऑनलाइन आवेदन पत्र और अन्य निर्धारित दस्तावेज की उपलब्धता | 02.07.2026 सुबह 8 बजे से 01.08.2026 को शाम 5 बजे तक |
| ख. | ऑनलाइन आवेदन पत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि | 01.08.2026 को शाम 5 बजे |

EN 15/81

विज्ञापन संख्या: HR/11/2026/02

बी वी एफ सी BVFC

# ब्रह्मपुत्र वैली फर्टिलाइज़र कॉरपोरेशन लिमिटेड

(भारत सरकार का उपक्रम)

कॉरपोरेट कार्यालय, नामरूप
डाकघर : परबतपुर, जिला : डिब्रूगढ़, असम - 786623
फैक्स: 0374-2500317, ई-मेल: info@bvfcl.co.in

ब्रह्मपुत्र वैली फर्टिलाइज़र कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीवीएफसीएल) की स्थापना 5 अप्रैल, 2002 को हुई थी. यह रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय, उर्वरक विभाग, भारत सरकार के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन अनुसूची 'बी' का केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम (सीपीएसई) है. यह भारत का अपनी तरह का पहला संयंत्र है, जिसमें नाइट्रोजनयुक्त उर्वरकों के उत्पादन के लिए सह-संबद्ध प्राकृतिक गैस का उपयोग मूल कच्चे माल के रूप में किया जाता है. वर्तमान में बीवीएफसीएल विस्तार के चरण में है तथा इसके विभिन्न नई परियोजनाएं प्रस्तावित हैं.

कंपनी निश्चित अवधि संविदा (एफटीसी) आधार पर निम्नलिखित पद के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित करती है.

| क्र. सं. | पद | कार्य का विवरण | शैक्षिक योग्यता | वेतन | अधिकतम आयु (01.06.2026 को) | अनुभव (01.06.2026 को) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | कंपनी सचिव उप प्रबंधक (सीएस)/ सहायक प्रबंधक (सीएस) 01 पद (अनारक्षित) | पदधारी कंपनी अधिनियम के अनुसार कंपनी सचिव से संबंधित सभी कार्यों के निष्पादन के लिए उत्तरदायी होगा. इसमें निदेशक मंडल की बैठकों, लेखा परीक्षा समिति की बैठकों एवं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) का आयोजन, कार्यवृत्त का मसौदा तैयार करना, वार्षिक प्रतिवेदन एवं निदेशक प्रतिवेदन तैयार करना एवं संकलित करना, अन्य संबंधित अभिलेख एवं दस्तावेज तैयार करना, वैधानिक विवरणियां एवं प्रपत्र दाखिल करना तथा प्रशासनिक मंत्रालय के साथ पत्राचार करना आदि शामिल हैं. | किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक तथा भारतीय कंपनी सचिव संस्थान (आईसीएसआई) के एसोसिएट सदस्य. | उप प्रबंधक (सीएस): रु. 24,900-3%-50,500 अनुमानित वार्षिक सीटीसी : 13.7 लाख<br>सहायक प्रबंधक (सीएस): रु. 20,600-3%-46,500 अनुमानित वार्षिक सीटीसी : 11.3 लाख | उप प्रबंधक (सीएस): 48 वर्ष<br>सहायक प्रबंधक (सीएस): 45 वर्ष | व्यावसायिक योग्यता प्राप्त करने के बाद उम्मीदवार के पास उप प्रबंधक पद हेतु न्यूनतम 8 वर्ष तथा सहायक प्रबंधक पद हेतु न्यूनतम 5 वर्ष का पीएसयू अथवा बड़े निजी क्षेत्र के संगठन में कंपनी सचिव के रूप में कार्यकारी अनुभव होना चाहिए. उम्मीदवार को नवीनतम कंपनी कानून, कॉरपोरेट गवर्नेंस अनुपालन तथा सचिवीय मानकों का व्यावहारिक ज्ञान होना चाहिए. साथ ही कंपनी पर लागू विधिक प्रावधानों की अच्छी समझ हो, ताकि समय-समय पर निदेशक मंडल को आवश्यक जानकारी एवं प्रतिवेदन प्रस्तुत किए जा सकें. |

आरक्षण के मानदंड भारत सरकार के निर्देशों के अनुसार होंगे. विस्तृत विज्ञापन, पद का विवरण, पात्रता मानदंड तथा आवेदन की निर्धारित प्रक्रिया आदि के लिए कंपनी की आधिकारिक वेबसाइट **http://www.bvfcl.com** देखें.

पात्र एवं इच्छुक उम्मीदवारों को केवल ऑनलाइन बीवीएफसीएल की वेबसाइट **www.bvfcl.com के माध्यम से 25.07.2026** तक आवेदन करना होगा.

EN 15/16

क्रमांक क्यू/सीएडी/578/03/2026

भारत सरकार

# विदेश मंत्रालय

नई दिल्ली

**विदेश मंत्रालय के विधि एवं संधि प्रभाग में प्रतिनियुक्ति के आधार पर वेतन मैट्रिक्स के स्तर 13 (पूर्व संशोधित सामान्य वेतनमान 8700 रुपये) में निदेशक (विधि एवं संधि) के एक पद को भरना.**

प्रस्तावित किया जाता है कि कानून एवं संधि प्रभाग में निदेशक (विधि एवं संधि) का एक पद प्रतिनियुक्ति के आधार पर दो वर्ष की अवधि के लिए प्रथम दृष्टया केंद्रीय सरकार, राज्य सरकार, संघ क्षेत्र प्रशासन, स्वायत्त निकाय, सांकानूनक संगठन, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान के अधिकारियों में से भरा जाएगा.

(क) (i) मूल कैडर या विभाग में नियमित आधार पर समान पदों पर कार्यरत होना; **या**

(क) (ii) वेतन मैट्रिक्स (78800-175200 रुपये) में स्तर-12 पर या मूल कैडर या विभाग में समकक्ष पद पर नियमित आधार पर नियुक्ति के बाद पांच वर्ष की नियमित सेवा प्रदान की हो; **और**

**(ख) निम्नलिखित शैक्षणिक योग्यताओं और अनुभव से युक्तः-**

**शैक्षणिक योग्यताः-**

**क) अनिवार्यः-** किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से अंतरराष्ट्रीय विधि, अंतरराष्ट्रीय संबंध या अंतरराष्ट्रीय संगठनों के क्षेत्र में विशेषज्ञता के साथ विधि में स्नातकोत्तर डिग्री.

**नोट 1.** मास्टर ऑफ फिलॉसफी या डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी स्तर पर, लेकिन मास्टर स्तर पर नहीं,अंतरराष्ट्रीय कानून में विशेषज्ञता रखने वाले उम्मीदवार, भी पात्र होंगे.

**नोट 2.** अंतरराष्ट्रीय विधि में अन्य बातों के अलावा, अंतरराष्ट्रीय कानून के प्रमुख क्षेत्र जैसे कि समुद्र का कानून, मानवाधिकार कानून, अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण कानून, अंतरराष्ट्रीय आपराधिक कानून और अंतरराष्ट्रीय व्यापार कानून शामिल होंगे.

**ख) अनुभवः** भारत में किसी न्यायालय में वकालत करने वाले वकील के रूप में पंद्रह वर्ष का अनुभव, या सरकार के कानून विभाग में कानूनी मामलों से निपटने का अनुभव, या मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से कानून के क्षेत्र में अध्यापन, अनुसंधान संचालन या मार्गदर्शन का अनुभव, जिसमें से कम से कम आठ वर्ष अंतरराष्ट्रीय कानून या अंतरराष्ट्रीय संबंधों के क्षेत्र में न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता प्राप्त करने के बाद होना चाहिए.

**ग) वांछनीयः** किसी मान्यताप्राप्त संस्थान या विश्वविद्यालय से अंतरराष्ट्रीय विधि में डॉक्टरेट की उपाधि.

**सशस्त्र बलों के कार्मिकों के लिएः-**

**प्रतिनियुक्ति/पुनर्नियोजन (पूर्व सैनिकों के लिए)**

नौसेना और वायु सेना में ब्रिगेडियर और समकक्ष रैंक के सशस्त्र बल कर्मियों, जो वेतनमान में लेवल-13क पर कार्यरत हैं और जिनकी सेवानिवृत्ति एक वर्ष के भीतर होनी है या जिन्हें रिजर्व में स्थानांतरित किया जाना है, तथा जिनके पास प्रतिनियुक्ति के लिए निर्धारित अपेक्षित अनुभव और योग्यताएं हैं, उन पर भी विचार किया जाएगा. ऐसे व्यक्तियों को सशस्त्र बलों से उनकी वर्तमान तिथि तक प्रतिनियुक्ति दी जाएगी, जिसके बाद उन्हें पुनः नियुक्त किया जा सकता है.

2. प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसमें केंद्रीय सरकार के इसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य गैर-कैडर पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि भी शामिल है, सामान्यतः तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी. प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक छप्पन वर्ष से अधिक नहीं होगी.

3. फीडर श्रेणी में आने वाले विभागीय अधिकारी, जो पदोन्नति की सीधी पंक्ति में हैं, प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होंगे. इसी प्रकार, प्रतिनियुक्ति पर आए अधिकारी पदोन्नति द्वारा नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होंगे.

4. इच्छुक आवेदक दिए गए प्रपत्र में दो प्रतियों में उचित माध्यम से अपना आवेदन इस विज्ञापन के **प्रकाशन की तिथि से आठ सप्ताह के भीतर** अधोहस्ताक्षरी को भेज सकते हैं. अंतिम तिथि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदन या अपूर्ण आवेदनों पर विचार किए जाने की संभावना नहीं है.

5. चयनित अधिकारियों का वेतनमान सरकार द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार पद के वेतनमान में निर्धारित किया जाएगा.

6. कृपया नामांकन के साथ निम्नलिखित कागजात/दस्तावेज भी भेजेंः-

1. निर्धारित प्रोफॉर्मा में बायो-डेटा का विवरण (अनुबंध के अनुसार) दो प्रतियों में कानूनवत हस्ताक्षरित और उचित चैनल के माध्यम से भेजा गया.

2. पिछले पांच वर्षों के सीआर डोजियर की सत्यापित प्रतियां (प्रत्येक पृष्ठ पर एक अधिकारी द्वारा सत्यापित) जो अवर सचिव से नीचे के रैंक का नहीं है.

3. सतर्कता मंजूरी प्रमाणपत्र

4. सत्यनिष्ठा प्रमाण पत्र

5. पिछले 10 वर्षों के दौरान अधिकारी पर लगायी गयी बड़ी / छोटी शास्ति का विवरण, यदि कोई हो.

6. कैडर क्लीयरेंस सर्टिफिकेट.

**(सौम्य रंजन राउत)**
**अवर सचिव (संवर्ग )**
**विदेश मंत्रालय**
**कमरा नंबर 4086, "बी" विंग**
**जवाहर लाल नेहरू भवन , 23-डी जनपथ**
**नई दिल्ली-110001**
**दूरभाषः 23085368**

अनुलग्नक

**जीवन-वृत्त संबंधी प्रपत्र**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | नाम और पता (बड़े अक्षरों में): | |
| 2. | जन्म तिथि (ईस्वी सन् में): | |
| 3. | सेवानिवृत्ति की तारीखः | |
| 4. | शैक्षणिक योग्यताः | |
| 5. | क्या पद के लिए जरूरी शैक्षणिक और अन्य योग्यता पूरी होती हैं? (यदि किसी योग्यता को नियमों में बताई गई योग्यता के समतुल्य माना गया है, तो उसके प्राधिकरण का उल्लेख करें) | |

| | अपेक्षित योग्यता/ अनुभव | अधिकारी के पास अनुभव/ योग्यता |
|---|---|---|
| आवश्यक | | |
| वांछित | | |

| | | |
|---|---|---|
| 6. | कृपया स्पष्ट बताएं कि क्या ऊपर दी गई प्रविष्टियों के अनुसार आप इस पद की आवश्यकताओं की पूर्ति करते हैं: | |
| 7. | नौकरी की क्रमानुसार जानकारी. अगर नीचे दी गई जगह कम है, तो अपने हस्ताक्षर से सही तरह से सत्यापित करके एक अलग पृष्ठ लगाएं | |

| कार्यालय/ संस्था | धारित पद | से | तक | वेतनमान और मूल वेतन (वेतन मैट्रिक्स में स्तर) | कर्तव्यों की प्रकृति (विस्तार से ) |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

| | | |
|---|---|---|
| 8. | वर्तमान रोजगार की प्रकृति अर्थात तदर्थ या अस्थायी या अर्ध-स्थायी या स्थायी | |
| 9. | यदि अभी नौकरी प्रतिनियुक्ति/संविदा आधार पर है, तो कृपया बताएं<br>**(क)** प्रारंभिक नियुक्ति की तिथिः<br>**(ख)** प्रतिनियुक्ति/संविदा पर नियुक्ति की अवधिः<br>**(ग)** आप जिस मूल कार्यालय/संगठन से जुड़े हैं, उसका नामः | |
| 10. | वर्तमान नियुक्ति के बारे में और जानकारीः<br>कृपया बताएं कि आप किसके तहत काम कर रहे हैं<br>(संबंधित कॉलम में अपने नियोक्ता का नाम बताएं)<br>1. केंद्र सरकार<br>2. राज्य सरकार<br>3. स्वायत्त संगठन<br>4. सरकारी उपक्रम<br>5. विश्वविद्यालय<br>6. अन्य | |
| 11. | कृपया बताएं कि क्या आप उसी विभाग में काम कर रहे हैं और फीडर ग्रेड में हैं या फीडर से फीडर ग्रेड में हैं: | |
| 12. | क्या आप संशोधित वेतनमान में हैं? अगर हां, तो वह तारीख बताएं जिससे संशोधन हुआ और संशोधन-पूर्व वेतनमान भी बताएं: | |
| 13. | वर्तमान में प्रत्येक माह प्राप्त कुल वेतनः | |
| 14. | अगर कोई और जानकारी है, जो आप इस पद के लिए अपनी योग्यता के समर्थन में उल्लेख करना चाहेंगेः | |
| 15. | क्या आप अ.जा./अ.ज.जा. से हैं? | |
| 16. | टिप्पणीः | |

मैंने रिक्ति परिपत्र/विज्ञापन को ध्यान से पढ़ लिया है और मुझे अच्छी तरह ज्ञात है कि मेरे दस्तावेजों के साथ विधिवत जमा किए गए जीवनवृत्त का भी मूल्यांकन चयन प्रक्रिया के समय चयन समिति द्वारा किया जाएगा.

तारीखः **(उम्मीदवार के हस्ताक्षर)**

**नामः**
**पताः**
**दूरभाषः** (ओ )
(आर)
(एम)

**नियोक्ता/मुख्यालय/अग्रेषण प्राधिकारी द्वारा दिया जाने वाला प्रमाणपत्र**

प्रमाणित किया जाता है कि ______________________ द्वारा दी गई जानकारी सही है और उनके पास प्रपत्र में उल्लिखित शैक्षणिक योग्यता और अनुभव है.

**यह भी प्रमाणित किया जाता है किः**

4. उनके खिलाफ कोई सतर्कता मामला लंबित/विचाराधीन नहीं है.

5. पिछले 5 वर्षों के पूरे एसीआर पत्रावली की अभिप्रमाणित प्रतियां. (हर पृष्ठ पर) भारत सरकार के कम से कम अवर सचिव दर्जे के अधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित, संलग्न की गई हैं.

6. उनकी सत्यनिष्ठा संदेह से परे है.

7. पिछले 10 वर्षों में उन पर कोई बड़ी/छोटी शास्ति नहीं लगाई गई है/पिछले 10 वर्षों में उन पर लगाई गई बड़ी/छोटी शास्तियों की सूची साथ में दी गई है. (जो लागू न हो उसे काट दें).

8. संवर्ग नियंत्रक प्राधिकारी से प्राप्त संवर्ग अनापत्ति प्रमाणपत्र संलग्न हैं.

**तारीखः** **हस्ताक्षर**
**स्थानः** **नाम और पदनामः**

**EN 15/78**

# भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान सोनीपत, हरियाणा

(संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित राष्ट्रीय महत्व का संस्थान)

विज्ञापन संख्याः IIITS/Estt./Rect./2026/02

दिनांक : 02.07.2026

## शिक्षण पदों (अस्थायी आधार) के लिए विज्ञापन

भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, सोनीपत, **सहायक प्रोफेसर** के पद पर पूर्णतः अस्थायी आधार पर भर्ती के लिए ऊर्जावान, परिणामोन्मुखी भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित करता है.

निर्धारित आवेदन-पत्र तथा अन्य विवरण संस्थान की वेबसाइट **www.iiitsonepat.ac.in** से डाउनलोड किए जा सकते हैं.

विधिवत भरा हुआ आवेदन-पत्र, सभी आवश्यक सहायक दस्तावेजों सहित, **25 जुलाई, 2026 को सायं 5:00 बजे तक** संस्थान में प्राप्त होना आवश्यक है.

स्थापना अनुभाग

भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, सोनीपत

CBC 21382/11/0002/2627 EN 15/53

---

pfrda

# पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण

PENSION FUND REGULATORY AND DEVELOPMENT AUTHORITY

ई-500, टॉवर-ई, 5वीं मंज़िल, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, नौरोजी नगर, नई दिल्ली-110029

## पेंशन निधि विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (PFRDA) में संविदा आधार पर विधि सलाहकार की नियुक्ति

पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (PFRDA) एक वैधानिक नियामक संस्था है, जिसकी स्थापना भारत की संसद द्वारा पारित पीएफआरडीए अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 23, 2013) के अंतर्गत की गई है। यह भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के अधीन कार्यरत है तथा भारत में पेंशन क्षेत्र के संवर्धन, विकास एवं विनियमन का दायित्व निभाता है।

पीएफआरडीए, विधि सलाहकार के पद हेतु पूर्णतः संविदा आधार पर आवेदन आमंत्रित करता है। नियुक्ति प्रारंभिक रूप से दो (02) वर्ष की अवधि के लिए होगी तथा इस पद हेतु ₹3 लाख प्रति माह का समेकित पारिश्रमिक/मानदेय देय होगा।

उक्त पद हेतु आवश्यक शैक्षणिक योग्यता, अनुभव तथा नियुक्ति की शर्तों एवं नियमों का विवरण (PFRDA) की वेबसाइट www.pfrda.org.in. पर उपलब्ध है।

निर्धारित प्रारूप में पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक 23.07.2026 तक है। प्राधिकरण अपने विवेकानुसार किसी भी चरण पर इस चयन प्रक्रिया में संशोधन, निरस्तीकरण अथवा समाप्ति का अधिकार रखता है।

महाप्रबंधक

(मानव संसाधन)

EN 15/45

---

# भारतीय थल सेना

# JOIN INDIAN ARMY AS AN OFFICER

www.joinindianarmy.nic.in

## अधिकारी प्रविष्टियां

**1. निम्नलिखित कोर्सों के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:-**

(क) **125वां** अल्पकालिक सेवा कमीशन जे.ए.जी. कोर्स अप्रैल 2027, कानून में स्नातक पुरुष एवं महिला उम्मीदवारों के लिए.

(ख) **125वां** अल्पसेवा कमीशन एन.सी.सी. विशेष भर्ती कोर्स (पुरुष) (युद्ध में हताहत सेना कर्मियों के आश्रित सहित) अप्रैल 2027 के लिए.

(ग) **125वां** अल्पसेवा कमीशन एन.सी.सी. विशेष भर्ती कोर्स (महिला) (युद्ध में हताहत सेना कर्मियों के आश्रित सहित) अप्रैल 2027 के लिए.

**2. ऑनलाइन आवेदन निम्नलिखित अवधि तक खुले रहेंगे:-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) | जे.ए.जी. कोर्स | पुरुष एवं महिला | 17 जुलाई से 17 अगस्त 2026 |
| (ख) | एन.सी.सी. विशेष भर्ती कोर्स | पुरुष | 20 जुलाई से 20 अगस्त 2026 |
| (ग) | एन.सी.सी. विशेष भर्ती कोर्स | महिला | 21 जुलाई से 21 अगस्त 2026 |

## Officer Entries

**01. Applications are invited for the following courses:-**

(a) 125th Short Service Commission JAG Entry Scheme Course (Men & Women) Apr 2027 course for Law Graduates.

(b) 125th Short Service Commission NCC Special Entry Scheme Course Apr 2027 for Men (including Wards of Battle Casualties of Army personnel).

(c) 125th Short Service Commission NCC Special Entry Scheme Course Apr 2027 for Women (including Wards of Battle Casualties of Army personnel).

**2. Online applications will open as under:-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | JAG Course | Men & Women | 17 July to 17 Aug 2026 |
| (b) | NCC (Special) Course | Men | 20 July to 20 Aug 2026 |
| (c) | NCC (Special) Course | Women | 21 July to 21 Aug 2026 |

नोट :

1. सेना में भर्ती पूर्णतया पारदर्शी और मुफ्त है. दलालों से सावधान रहें.
2. विस्तृत नोटिफिकेशन के लिए, कृपया **www.joinindianarmy.nic.in** पर जाएं.

Note:

1. Recruitment in the Army is totally transparent and free. Beware of touts.
2. For detailed Notification, please visit **www.joinindianarmy.nic.in.**

CBC 10601/11/0010/2627 EN 15/89

---

# दिल्ली छावनी बोर्ड

दिल्ली छावनी

दिनांकः 17 जून, 2026

## सूचना

**जूनियर इंजीनियर (सिविल), जूनियर इंजीनियर (इलेक्ट्रिकल) एवं जूनियर क्लर्क के पदों पर भर्ती के संबंध में**

यह सूचित किया जाता है कि विज्ञापन संख्या 06/2022 दिनांक 05.12.2022 के माध्यम से विज्ञापित **जूनियर इंजीनियर (सिविल) एवं जूनियर इंजीनियर (इलेक्ट्रिकल)** के पदों तथा विज्ञापन संख्या 07/2022 दिनांक 14.12.2022 के माध्यम से विज्ञापित **जूनियर क्लर्क** के पद पर भर्ती प्रक्रिया प्रशासनिक कारणों से निरस्त की जाती है.

मुख्य कार्यपालक अधिकारी

दिल्ली छावनी बोर्ड

EN 15/83

---

# दिल्ली छावनी बोर्ड

दिल्ली छावनी

दिनांकः 17 जून, 2026

## सूचना

**सहायक अभियंता (सिविल) एवं सहायक अभियंता (मैकेनिकल) के पदों पर भर्ती के संबंध में**

यह सूचित किया जाता है कि विज्ञापन संख्या 03/2023, दिनांक 23.02.2023 के माध्यम से विज्ञापित सहायक अभियंता (सिविल) एवं सहायक अभियंता (मैकेनिकल) के पदों पर भर्ती प्रक्रिया प्रशासनिक कारणों से निरस्त की जाती है.

मुख्य कार्यपालक अधिकारी

दिल्ली छावनी बोर्ड

EN 15/84

---

भारत सरकार

# सहकारिता मंत्रालय

## सहकारी समितियों के केंद्रीय रजिस्ट्रार (सीआरसीएस) का कार्यालय

एम्प्लॉयमेंट न्यूज़ के 25 अप्रैल-1 मई, 2026 अंक में प्रकाशित विज्ञापन संख्या EN 4/76 के संदर्भ में, प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक संविदा (एसटीसी) सहित) के आधार पर निम्नलिखित तकनीकी पदों पर आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं. आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 10.06.2026 थी.

| क्रम सं. | पद का नाम (वेतन स्तर) | रिक्तियों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | अपर पंजीयक (लेवल-13) | 02 |
| 2 | संयुक्त पंजीयक (लेवल-12) | 05 |
| 3 | उप पंजीयक (लेवल-11) | 02 |
| 4 | सहायक पंजीयक (लेवल-10) | 01 |
| 5 | वरिष्ठ सहकारी अधिकारी (लेवल-7) | 02 |

2. आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि **25.07.2026** तक बढ़ा दी गई है. विज्ञापन के अन्य सभी नियम एवं शर्तें यथावत रहेंगी.

3. विवरण सहकारिता मंत्रालय की वेबसाइट **www.cooperation.gov.in (Link-What's New-Vacancies)** तथा सीआरसीएस की वेबसाइट **www.crcs.gov.in** पर भी देखा जा सकता है.

EN 15/90

# चेन्नई मेट्रो रेल लिमिटेड

(भारत सरकार एवं तमिलनाडु सरकार का संयुक्त उपक्रम)
(आईएसओ 9001:2015 एवं आईएसओ 14001:2015 प्रमाणित)
मेट्रोस, अन्ना सलाई, नंदनम, चेन्नई - 600 035.

**रोज़गार अधिसूचना**

**संख्याः CMRL/HR/REG/03/2026 दिनांक 01-07-2026.**

सीएमआरएल नियमित आधार पर निम्नलिखित पदों पर नियुक्ति के लिए योग्य एवं अनुभवी कार्मिकों से आवेदन आमंत्रित करता है:-

| क्र. सं. | पद का नाम | पदों की संख्या | वेतनमान (आईडीए पैटर्न)* | अधिकतम आयु (वर्ष) | आवश्यक योग्यता |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | जीएम (ऑपरेशंस) | 01 | रु. 120000-280000 | 55 | बी.ई./बी. टेक अथवा कोई भी स्नातक |
| 2. | डीजीएम (रोलिंग स्टॉक) | 02 | रु. 80000 - 220000 | 40 | बी.ई./बी. टेक (इलेक्ट्रिकल / ईसीई) |
| 3 | डीजीएम (ऑटोमैटिक फेयर कलेक्शन) | 01 | रु. 80000 - 220000 | 40 | बी.ई./बी. टेक (ईसीई/ईईई/आईटी/ सीएसई) |
| 4 | मैनेजर (ऑटोमैटिक फेयर कलेक्शन) | 01 | रु. 70000-200000 | 38 | या इनमें से किसी भी विषय का संयोजन |

नोटः

i. *मूल वेतन के अतिरिक्त, डीए (आईडीए पैटर्न), एचआरए (मूल वेतन का 30%), कैफेटेरिया भत्ता (मूल वेतन का 31.5%) तथा अन्य लाभ भी देय होंगे.

ii. पदों पर आरक्षण तमिलनाडु सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार लागू होगा.

iii. विस्तृत रोज़गार अधिसूचना सीएमआरएल की वेबसाइट के करियर अनुभाग में URL: https://chennaimetrorail.org पर 03-07-2026 को या उससे पहले प्रकाशित की जाएगी.

iv. उपर्युक्त पदों के लिए निर्धारित आयु, योग्यता एवं अनुभव 01-07-2026 के अनुसार होना चाहिए. योग्य एवं अनुभवी उम्मीदवारों को आयु में छूट दी जाएगी.

v. **ऑनलाइन आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि 20-07-2026 है.**

प्रबंध निदेशक के लिए
मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन एवं विधि)
चेन्नई मेट्रो रेल लिमिटेड

DIPR/576/DISPLAY/2026

EN 15/46

# भारतीय सेना

**www.joinindianarmy.nic.in**

**68वां शॉर्ट सर्विस कमीशन (टेक्निकल) पुरुष (अप्रैल 2027)**

## मुख्य बातें

(नीचे दी गई जानकारी केवल सामान्य जागरूकता के लिए है और कानूनी रूप से अमान्य है)
(www.joinindianarmy.nic.in पर प्रकाशित पाठ्यक्रम अधिसूचना ही उस पाठ्यक्रम के लिए लागू एकमात्र आधिकारिक विज्ञापन है)

| श्रेणी | विवरण | अधिसूचना का पैरा संख्या |
|---|---|---|
| प्रवेश का प्रकार | शॉर्ट सर्विस एंट्री (तकनीकी) (SSC(T)-68) (पुरुष) | पैरा 1 |
| आयु | 01 अप्रैल 2027 को 20 से 27 वर्ष | पैरा 2 |
| आवेदन हेतु पात्र | अविवाहित पुरुष | पैरा 1 |
| शैक्षणिक योग्यता | अधिसूचित शाखाओं में इंजीनियरिंग डिग्री | पैरा 2 |
| स्वीकार्य शाखाएं | सूची के अनुसार | पैरा 3 |
| आवेदन कैसे करें | www.joinindianarmy.nic.in पर ऑनलाइन आवेदन करें | पैरा 11 |
| आवेदन अवधि | 09 जुलाई 2026 से 07 अगस्त 2026 तक | पैरा 15 |
| चिकित्सा मानक/परीक्षा | www.joinindianarmy.nic.in पर दिए अनुसार | पैरा 5 |
| चयन प्रक्रिया | आवेदन > शॉर्टलिस्टिंग > एसएसबी > मेडिकल > मेरिट सूची > जॉइनिंग लेटर | पैरा 4 |
| शॉर्टलिस्टिंग हेतु कट-ऑफ प्रतिशत प्रकाशित होने की तिथि | सितंबर 2026 का प्रथम सप्ताह | — |
| एसएसबी की संभावित अवधि एवं तिथियां | अक्टूबर से दिसंबर 2026 के बीच, पांच दिवसीय एसएसबी. (एसएसबी की तिथि एवं केंद्र चुनने का विकल्प सितंबर 2026 में दो सप्ताह के लिए उपलब्ध रहेगा.) | — |
| प्री-कमीशन प्रशिक्षण अकादमी | ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी, गया, बिहार | पैरा 7 |
| प्रशिक्षण अवधि | अप्रैल 2027 से मार्च 2028 तक 49 सप्ताह | पैरा 7 |
| प्रशिक्षण के दौरान वजीफा | रु. 56,100 प्रति माह | पैरा 9 |
| प्रशिक्षण पूर्ण होने पर रैंक | लेफ्टिनेंट | पैरा 9 |
| कमीशन प्राप्त होने पर वेतन | लगभग रु. 17-18 लाख वार्षिक सीटीसी (निःशुल्क चिकित्सा सुविधा एवं वर्ष में एक बार गृह-यात्रा को छोड़कर) | — |
| कमीशन का प्रकार | शॉर्ट सर्विस कमीशन | पैरा 6 |
| न्यूनतम सेवा अवधि | 10 वर्ष | पैरा 7 |
| अधिकतम सेवा अवधि | 14 वर्ष | पैरा 7 |
| सेवा से मुक्त होने का विकल्प | प्रथम-5 वर्ष के बाद, द्वितीय-10 वर्ष के बाद, तृतीय-14 वर्ष के बाद | पैरा 7 |
| स्थायी कमीशन का विकल्प | 10 वर्ष के बाद | पैरा 7 |

CBC 10601/11/0012/2627

EN 15/62


प्रकाशन विभाग

अपडेट रहें
आगे बढ़ें

आपके आसपास घट रहीं महत्वपूर्ण घटनाओं की त्वरित, तथ्यपूर्ण और भविष्य के लिए उपयोगी जानकारी को समझने में आपका विश्वसनीय साथी।

संक्षिप्त और व्यापक
प्रमुख घटनाक्रम संक्षेप में, स्पष्टता और सटीकता के साथ।

देश दुनिया का समग्र परिदृश्य
राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय, अर्थव्यवस्था और खेल- जैसे महत्वपूर्ण विषय, एक ही स्थान पर।

परीक्षा और साक्षात्कार के लिए उपयोगी
प्रतियोगी अभ्यर्थियों, पेशेवरों और जिज्ञासु पाठकों के लिए उपयोगी और भरोसेमंद सामग्री।

कम समय में पढ़ें, आसानी से समझें
तेज़ रफ्तार दौर की ज़रूरी जानकारी, सरल अंदाज़ में, ताकि आप रहें अपडेट और तैयार।




प्रासंगिक | विश्वसनीय | संक्षिप्त
शीघ्र प्रकाशित
एक ही जगह, काम की पूरी जानकारी

प्रकाशन विभाग
भारत सरकार
सूचना और प्रसारण मंत्रालय

विश्वसनीय जानकारी | स्मार्ट तैयारी


# आईसीएआर-भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान
# नई दिल्ली-110012

**भर्ती अधिसूचना**

**आईसीएआर-भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली-110012 के पादप रोग विज्ञान प्रभाग में "ऊतक संवर्धन से तैयार पौधों के लिए राष्ट्रीय प्रमाणीकरण प्रणाली (एनसीएस-टीसीपी)"** परियोजना के अंतर्गत एक **वरिष्ठ परियोजना सहयोगी** के पद पर भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं. विस्तृत जानकारी के लिए आईएआरआई की वेबसाइट **(https://iari.res.in/bms/announcements/jobs.php)** देखें.

वॉक्-इन-इंटरव्यू **28 जुलाई 2026, को प्रातः 9:30 बजे** आयोजित किया जाएगा. किसी भी प्रकार का शुद्धिपत्र/संशोधन केवल आईएआरआई की आधिकारिक वेबसाइट पर ही प्रकाशित किया जाएगा.

EN 15/23

MAGAZINE POST NO. DL(DS)-78/MP/2024-25-26 पोस्टिंग की तारीख : 7.8,7.2026 प्रकाशन तिथि: 6.7.2026



# समाचार सारांश

## राष्ट्रीय

### वीबी-जी राम जी अधिनियम लागू, 125 दिन ग्रामीण रोज़गार की गारंटी




विकसित भारत रोज़गार और आजीविका में (ग्रामीण) के लिए गारंटी (वीबी-जी राम जी) अधिनियम 2025 पूरे ग्रामीण भारत में 1 जुलाई 2026 से लागू हो गया है। इसके तहत प्रत्येक पात्र ग्रामीण परिवार के लिए वैधानिक मजदूरी रोज़गार की गारंटी 100 दिन से बढ़ाकर 125 दिन कर दी गई है। इस अधिनियम का उद्देश्य ग्रामीण आजीविका को मजबूत करना, टिकाऊ सामुदायिक परिसंपत्तियों का निर्माण करना और सतत् ग्राम विकास को बढ़ावा देना है। देशभर में सुचारु क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए केंद्र ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्बाध कार्यान्वयन तथा समय पर मजदूरी भुगतान के लिए 95,692.31 करोड़ रुपये का अंतरिम आवंटन किया है। केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि सभी प्रशासनिक, वित्तीय और तकनीकी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कोई भी पात्र ग्रामीण कामगार एक दिन भी काम से वंचित न रहे।

### जनरल धीरज सेठ ने नए थल सेनाध्यक्ष का पदभार संभाला



जनरल धीरज सेठ ने 31वें थल सेनाध्यक्ष के रूप में पदभार संभाल लिया है। उन्होंने जनरल उपेंद्र द्विवेदी का स्थान लिया है, जो चार दशक से अधिक की सेवा के बाद सेवानिवृत्त हुए। आर्मर्ड कोर के अधिकारी जनरल सेठ, वर्ष 1997 के बाद इस कॉर्प्स से थल सेनाध्यक्ष बनने वाले पहले अधिकारी हैं। इससे पहले वे थल सेना के उप प्रमुख के रूप में कार्यरत थे। उम्मीद है कि वे प्रौद्योगिकी, स्वदेशी क्षमताओं और परिचालन तैयारियों पर ध्यान केंद्रित करते हुए सेना के जारी आधुनिकीकरण अभियान का नेतृत्व करेंगे।

### एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित वायुसेना के उप प्रमुख बने



एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित ने वायुसेना के नए उप प्रमुख के रूप में पदभार संभाला है। उन्होंने एयर मार्शल नागेश कपूर का स्थान लिया है, जो 30 जून 2026 को सेवानिवृत्त हुए। वर्ष 1986 में भारतीय वायुसेना में शामिल हुए लड़ाकू पायलट एयर मार्शल दीक्षित के पास 3,500 से अधिक घंटों की उड़ान का अनुभव है। हाल ही में उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान चीफ ऑफ इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ के रूप में सेवा दी। वे राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, डिफेंस सर्विसेज स्टाफ कॉलेज (बांग्लादेश) और राष्ट्रीय रक्षा कॉलेज के पूर्व छात्र हैं।

### आईएनएस त्रिकंद ने अदन की खाड़ी में समुद्री डकैती का प्रयास विफल किया

भारतीय नौसेना के आईएनएस त्रिकंद ने 2 जुलाई 2026 को अदन की खाड़ी में व्यापारिक पोत एमवी गोल्डन आर्सेनल पर समुद्री डकैती के प्रयास को विफल कर दिया। यह पोत 21 चालक दल के सदस्यों को लेकर यमन के अदन से रवाना हुआ था, जिनमें एक भारतीय नागरिक भी शामिल था। जिबूती से लगभग 300 समुद्री मील पूर्व-उत्तर-पूर्व में इस पोत पर हमला किया गया। हमले में जहाज के ब्रिज हिस्से को नुकसान पहुंचा, हालांकि चालक दल के सदस्य पोत के सिटाडेल में शरण लेने के बाद सुरक्षित रहे। नौसेना ने निगरानी के लिए पी-8आई समुद्री गश्ती विमान भी तैनात किया। पोत की जांच और खतरे को निष्क्रिय करने के बाद आईएनएस त्रिकंद ने समुद्री डकैती रोधी अभियान पूरा किया, जिसके बाद जहाज ने अपनी यात्रा फिर शुरू की।

### व्हाट्सएप 'यूजरनेम फीचर' पर केंद्र ने मेटा से स्पष्टीकरण मांगा

केंद्र सरकार ने भारत में व्हाट्सएप के नए 'यूजरनेम फीचर' के रोलआउट को लेकर मेटा को नोटिस जारी किया है और कंपनी को तीन दिनों के भीतर विस्तृत स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने मेटा से यह भी कहा है कि इस विषय पर परामर्श पूरा होने तक देश में इस फीचर को शुरू न किया जाए। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, मंत्रालय ने चिंता जताई है कि यह फीचर, जिसके माध्यम से उपयोगकर्ता अपने फोन नंबर साझा किए बिना संवाद कर सकेंगे, ऑनलाइन धोखाधड़ी, फिशिंग, डिजिटल गिरफ्तारी घोटालों, प्रतिरूपण और पहचान की जालसाजी के जोखिम को बढ़ा सकता है। भारत में इसके क्रियान्वयन से पहले मेटा से इस फीचर में शामिल सुरक्षा उपायों को स्पष्ट करने को कहा गया है।

## अर्थव्यवस्था

### भारत तेल शोधन क्षमता बढ़ाकर सालाना 300 एमएमटी करेगा

केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री श्री हरदीप सिंह पुरी ने 2 जुलाई 2026 को घोषणा की कि भारत अगले छह से बारह महीनों में अपनी तेल शोधन क्षमता बढ़ाकर 300 मिलियन मीट्रिक टन (एमएमटी) प्रति वर्ष करेगा। नई दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि देश अपनी शोधन अवसंरचना को तेजी से मजबूत कर रहा है और एक दशक में पहली ग्रीनफील्ड रिफाइनरी स्थापित की जा रही है। हालिया पश्चिम एशिया संकट का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार ने ईंधन कीमतों को नियंत्रित कर और पेट्रोल-डीजल पर शुल्क घटाकर वैश्विक कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के प्रभाव से उपभोक्ताओं की सफलतापूर्वक रक्षा की। श्री पुरी ने कहा कि पिछले चार वर्षों में पेट्रोल की कीमतों में केवल 5.58 प्रतिशत और डीजल की कीमतों में 6.23 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि कच्चे तेल की ऊंची कीमतों का पूरा बोझ उपभोक्ताओं पर नहीं पड़ा, क्योंकि सरकार के राजकोषीय उपायों ने वृद्धि का बड़ा हिस्सा अवशोषित कर लिया। उन्होंने दोहराया कि उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा सरकार की प्राथमिकता बनी हुई है।

### सरकार ने कर्मचारी भविष्य निधि योजना, 2026 अधिसूचित की

केंद्र सरकार ने सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 के क्रियान्वयन के तहत कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) योजना, 2026 को अधिसूचित किया है, जो ईपीएफ योजना, 1952 का स्थान लेगी। नई योजना 29 जून को राजपत्र में प्रकाशन के साथ लागू हो गई है। इस योजना का उद्देश्य डिजिटल अनुपालन को मजबूत करना, प्रशासनिक दक्षता में सुधार करना, खातों की पोर्टेबिलिटी बढ़ाना और भविष्य निधि ढांचे को नई श्रम संहिताओं के अनुरूप बनाना है। नई योजना के तहत अनिवार्य ईपीएफ अंशदान कर्मचारी और नियोक्ता, दोनों के लिए वेतन का 12 प्रतिशत यथावत रहेगा, जबकि केंद्र सरकार द्वारा अधिसूचित प्रतिष्ठानों पर मौजूदा 10 प्रतिशत दर लागू रहेगी। योजना में आंशिक निकासी के नियमों को भी अद्यतन किया गया है, जिसके तहत सदस्य निर्धारित न्यूनतम शेष राशि और अन्य निर्धारित शर्तों के अधीन चिकित्सा उपचार, शिक्षा, विवाह, आवास और अन्य निर्दिष्ट जरूरतों के लिए धनराशि निकाल सकेंगे। इस योजना में पारदर्शिता बढ़ाने और भविष्य निधि प्रबंधन को अधिक कुशल बनाने के लिए इलेक्ट्रॉनिक फाइलिंग, ऑनलाइन दावों, ई-पासबुक और यूनिवर्सल अकाउंट नंबर लिंकिंग पर भी विशेष जोर दिया गया है।

## अंतरराष्ट्रीय

### 16वें वार्षिक शिखर सम्मेलन में भारत-जापान रणनीतिक साझेदारी का विस्तार

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और जापान की प्रधानमंत्री सुश्री साने ताकाइची ने 2 जुलाई 2026 को नई दिल्ली में 16वें भारत-जापान वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लिया। प्रधानमंत्री ताकाइची 1 से 3 जुलाई 2026 तक भारत की अपनी पहली आधिकारिक यात्रा पर रहीं। दोनों नेताओं ने "साझा विकास, समृद्धि और लचीलेपन के लिए रणनीतिक अभिसरण और विश्वास की साझेदारी को आगे बढ़ाना" शीर्षक से संयुक्त वक्तव्य अपनाया। नेताओं ने रक्षा और सुरक्षा सहयोग, आर्थिक साझेदारी तथा जन-से-जन संपर्क जैसे तीन प्राथमिक क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करते हुए भारत-जापान विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी को मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई। दोनों पक्षों ने इस वर्ष टोक्यो में चौथी भारत-जापान 2+2 मंत्रिस्तरीय बैठक आयोजित करने और समुद्री सुरक्षा, रक्षा प्रौद्योगिकी, उपग्रह-आधारित समुद्री क्षेत्र जागरूकता तथा 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत रक्षा विनिर्माण में सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई। आर्थिक मोर्चे पर दोनों पक्षों ने आर्थिक सुरक्षा सहयोग पर भारत-जापान संयुक्त घोषणा को अपनाया, जिसका उद्देश्य सेमीकंडक्टर, महत्वपूर्ण खनिज, सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी, स्वच्छ ऊर्जा और फार्मास्यूटिकल्स में सहयोग को बढ़ावा देना है। दोनों पक्षों ने भारत में जापानी निवेश में वृद्धि, 10 ट्रिलियन येन निवेश लक्ष्य की दिशा में प्रगति का स्वागत किया और भारत-जापान व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) की समीक्षा में तेजी लाने पर सहमति जताई। दोनों देशों ने ऊर्जा लचीलापन और कृत्रिम बुद्धिमत्ता सहयोग पर संयुक्त वक्तव्य भी अपनाए, हरित हाइड्रोजन, स्वच्छ अमोनिया, बायोगैस और डिजिटल अवसंरचना में सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई तथा पहले भारत-जापान एआई रणनीतिक संवाद का स्वागत किया। नेताओं ने मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल परियोजना के लिए समर्थन दोहराया, भविष्य के हाई-स्पीड रेल गलियारों पर सहयोग की संभावनाएं तलाशने और विज्ञान, प्रौद्योगिकी, स्टार्टअप, शिक्षा, पर्यटन तथा क्षेत्रीय संपर्क में सहयोग मजबूत करने का संकल्प लिया। उन्होंने मुक्त, खुले और नियम-आधारित हिंद-प्रशांत क्षेत्र के प्रति अपनी साझा प्रतिबद्धता भी दोहराई।

### भारत ने वेनेजुएला में भूकंप राहत सहायता में बढ़ोत्तरी की



भारत ने ऑपरेशन अमिस्ताद के तहत भूकंप प्रभावित वेनेजुएला को मानवीय सहायता तेज कर दी है। यह राहत अभियान 24 जून 2026 को उत्तरी वेनेजुएला में आए 7.2 और 7.5 तीव्रता के दो शक्तिशाली भूकंपों के बाद शुरू किया गया। इन भूकंपों से व्यापक तबाही, बड़ी संख्या में जनहानि और घायलों के साथ-साथ अवसंरचना को भारी नुकसान हुआ। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारतीय सेना का फील्ड अस्पताल प्रभावित समुदायों को चिकित्सा सेवा उपलब्ध करा रहा है। वेनेजुएला में भारतीय दूतावास ने कहा कि भारत के राहत प्रयासों की पेशेवर दक्षता और सेवा की गुणवत्ता के लिए व्यापक सराहना हुई है। भारत ने ऑपरेशन अमिस्ताद के तहत जारी बचाव और पुनर्वास अभियानों में सहायता के लिए चिकित्सा कर्मियों, दवाओं और राहत सामग्री की तैनाती की है।

## खेल

### एथन वाज बने भारत के 96वें शतरंज ग्रैंडमास्टर



गोवा के 14 वर्षीय इंटरनेशनल मास्टर एथन वाज बोस्निया और हर्जेगोविना में साराजेवो जीएम मिक्स टूर्नामेंट में अपना तीसरा और अंतिम ग्रैंडमास्टर नॉर्म हासिल करने के बाद भारत के 96वें शतरंज ग्रैंडमास्टर बन गए हैं। उन्होंने 10 ग्रैंडमास्टर्स से आगे रहते हुए टूर्नामेंट जीता और अनुराग म्हामल तथा लियोन ल्यूक मेंडोंका के बाद गोवा के तीसरे ग्रैंडमास्टर बने। 3 सितंबर 2011 को जन्मे एथन की लाइव फिडे रेटिंग 2522 है। उन्होंने अपने पहले दो ग्रैंडमास्टर नॉर्म बोस्निया और हर्जेगोविना (अक्टूबर 2025) और सर्बिया (जनवरी 2026) में हासिल किए थे। उन्होंने कॉमनवेल्थ शतरंज चैंपियनशिप में दो स्वर्ण पदक भी जीते हैं और 2026 विश्व तथा एशियाई युवा शतरंज चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया है।

(संकलन- ईएन टीम)

दिल्ली पोस्टल पंजीकरण संख्या डीएल(एस)-01/3558/2026-28 यू(सी)107/2026-28 (पूर्व भुगतान के बिना डाक से भेजने की अनुमति) पीआरजीआई 28729/1976

अनुपमा भटनागर, प्रधान महानिदेशक, प्रकाशन विभाग द्वारा सूचना और प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, के लिए सूचना भवन, लोदी रोड, नई दिल्ली-110003 से प्रकाशित और मुद्रक पृथ्विस दास द्वारा डीबी कॉर्प. प्लॉट सं. 42-43, सेक्टर-29, फेज-II, पानीपत (हरियाणा)- 132103 से मुद्रित. संपादकः रहीसुद्दीन रिहान